तापमान
अधिकतम :32°C
न्यूनतम : 19°C

सेंसेक्स 78,553.20
निफ्टी 23,851.65

सोना 98,350
चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, सोमवार 21 अप्रैल 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 99 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 22 शव्वाल 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## हजारों लोगों ने राष्ट्रपति ट्रम्प का आवास घेरा

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## धीमे ओवर रेट के लिए शुभमन गिल पर लगा जुर्माना

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# यूपी व उत्तराखंड सहित 20 राज्यों में आंधी-बारिश

**नई दिल्ली।** देशभर में अप्रैल के शुरुआती दिनों में तेज गर्मी के बाद एक बार फिर मौसम बदला है। उप्र, उत्तराखंड, बिहार, हिमाचल प्रदेश, जम्मू- कश्मीर समेत 20 राज्यों में आंधी-बारिश की संभावना है।

### मप्र के पांच जिलों में हीटवेव की चेतावनी

केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, और आंध्र प्रदेश में भारी बारिश और तूफान का अलर्ट है। इधर राजस्थान, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में हीटवेव की संभावना है। इन राज्यों के कई इलाकों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग ने मप्र के रतलाम, गुना, सागर, दमोह और सीधी में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। 26 शहरों में तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा।

## जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से तबाही, बाढ़ व भूस्खलन से तीन की मौत

### रामबन में 100 लोगों का रेस्क्यू

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पिछले कई दिनों से बारिश हो रही है। रामबन जिले के सेरी बागना इलाके में रविवार सुबह बारिश के बाद बादल फटने से 3 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने करीब 100 लोगों को रेस्क्यू किया। सूत्रों ने बताया कि बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई।

पहाड़ का मलबा गांव की तरफ आ गया, जिसकी चपेट में कई लोग और घर आ गए। फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। उधर, रामबन जिले के बनिहाल इलाके में कई जगह लैंडस्लाइड हुई हैं। इसकी वजह से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद कर दिया गया है। सैकड़ों



वाहन फंसे हुए हैं। किश्तवाड़-पद्दर मार्ग भी बंद है। यहां वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। अधिकारियों ने मौसम साफ होने के बाद ही हाईवे पर सफर करने की अपील की है।

# बेंगलुरु एयरपोर्ट पर खड़े इंडिगो प्लेन से टकराया टेंपो

बेंगलुरु, वार्ता

**बेंगलुरु के** केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक टेंपो ट्रैवलर की इंडिगो प्लेन से टक्कर की फोटो वायरल हो रही है। ये हादसा शुक्रवार (18 अप्रैल) दोपहर का है, जब एक टेंपो ट्रैवलर खड़े हुए इंडिगो प्लेन से टकरा गया, जिसमें ड्राइवर को हल्की चोटें आईं।

हादसा दोपहर करीब 12:15 बजे एयरपोर्ट के अल्फा पार्किंग वे 71 पर हुआ। एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि टेंपो एक थर्ड-पार्टी ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसी का था और उसे

### ड्राइवर की लापरवाही से हुआ हादसा

एयरपोर्ट स्टाफ को छोड़ने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। जिस विमान से टेंपो टकराया, वह इंजन रिपेयर के चलते पहले से ही ग्राउंडेड था और अभी संचालन नहीं होना था। इस वजह से कोई भी यात्री मौजूद नहीं था। इंडिगो ने अपने बयान में कहा कि हादसा ड्राइवर की लापरवाही की वजह से हुआ। टेंपो विमान से जा टकराया, जिससे वाहन की छत और चालक की साइड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## संयुक्त अरब अमीरात में अपने जौहर दिखाएंगे भारतीय लड़ाकू विमान

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के मिग-29 और जगुआर लड़ाकू विमान सोमवार (आज) से संयुक्त अरब अमीरात में प्रतिष्ठित हवाई युद्ध अभ्यास डेजर्ड फ्लैश -10 में अपने जौहर और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करेंगे। वायुसेना के प्रवक्ता ने रविवार को यहां बताया कि वायु सेना की टुकड़ी इस अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के अल धफरा एयर बेस पर पहुंच गई है। डेजर्ट फ्लैग अभ्यास संयुक्त अरब अमीरात वायुसेना द्वारा आयोजित एक बहुराष्ट्रीय अभ्यास है जिसमें भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, फ्रांस, जर्मनी, कतर, सऊदी अरब, कोरिया, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और अमेरिका की वायु सेनाएं भाग ले रही हैं। यह अभ्यास सोमवार (आज) से शुरू होकर आठ मई तक चलेगा।

## विश्व में हर सेकंड होती है 1.63 करोड़ की साइबर ठगी

**नई दिल्ली।** इंटरनेट और तकनीक जीवन आसान बना रही हैं, लेकिन साइबर ठगों ने इसे खौफनाक जगह बना दिया है। 2024 में दुनिया में 498 लाख करोड़ से ज्यादा की साइबर ठगी हुई। यानी कि हर सेकंड 1.63 करोड़ की चपत लगी। भारत में 2023 में 9.2 लाख से ज्यादा शिकायतें आईं, जिनमें 6 हजार करोड़ की चपत लगी। गृह मंत्रलय की रिपोर्ट के अनुसार साइबर ठगी 6 साल में 42 गुना बढ़ गई। यह तकनीकी ही नहीं, बल्कि आर्थिक व कानूनी चुनौती भी बन गया है। ठगी की रकम की लॉन्ड्रिंग के लिए मनी म्यूल, क्रिप्टोकरेंसी व हवाला नेटवर्क इस्तेमाल हो रहे हैं। सरकारें साइबर सुरक्षा पर अरबों रुपये खर्च कर रही हैं। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने 2025 में भारतीयों से 1.2 लाख करोड़ से ज्यादा की ठगी की आशंका जताई है। यह बिहार के बजट के 50 प्रतिशत के बराबर है। साइबर अपराध अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरा है। 2024 में दुनिया में साइबर क्राइम से 498 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। ये कितना गंभीर है, यह इस तरीके से समझ सकते हैं।

## रविशंकर प्रसाद ने BSF जवानों के साथ देखी 'ग्राउंड जीरो'

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवानों के साथ एक्सेल एंटरटेनमेंट की फिल्म 'ग्राउंड ज़ीरो' देखी। सच्ची घटना पर बनी फिल्म ग्राउंड जीरो में बीएसएफ के पिछले 50 सालों की सबसे बड़ी ऑपरेशन की कहानी दिखाई गई है। 18 अप्रैल को ग्राउंड जीरो ने इतिहास रच दिया। पिछले 38 सालों में यह पहली फिल्म बनी, जिसका रेड कार्पेट प्रीमियर और स्पेशल स्क्रीनिंग श्रीनगर में हुई। यह पूरा इवेंट बीएसएफ जवानों के लिए रखा गया था। इस जज्बे को आगे बढ़ाते हुए ग्राउंड जीरो की टीम 19 अप्रैल को दिल्ली पहुंची, जहां एक और स्पेशल प्रीमियर रखा गया। इस मौके पर सांसद रवि शंकर प्रसाद ने भी बीएसएफ जवानों और फिल्म की टीम के साथ फिल्म देखी।

# अमेरिका के नक्शे कदम पर भारत: नया कानून बनेगा

## भारतीयों के डिपोर्टेशन के बाद केंद्र ने लिया फैसला

नई दिल्ली, वार्ता

**केंद्र सरकार** विदेश में नौकरी के लिए जाने के नियम सख्त बना रही है। विदेश मंत्रालय नया कानून बना रहा है। बिल का ड्राफ्ट जल्द जारी होगा। जनता और विशेषज्ञों से राय लेने के बाद संसद के मानसून सत्र में इसे पेश किया जाएगा।

अवैध तरीके से अमेरिका गए भारतीयों के डिपोर्टेशन के बाद ये प्रक्रिया तेज हुई है। नया कानून 1983 के इमिग्रेशन एक्ट की जगह लेगा। इसका नाम इमिग्रेशन, ओवरसीज मोबिलिटी, फैसिलिटेशन एंड वेलफेयर बिल होगा। नौकरी के अलावा पढ़ाई और व्यवसाय के लिए विदेश जाने वालों की समस्याएं और मुद्दे भी इसमें शामिल हैं। इसमें भर्ती एजेंसियों की गैर-कानूनी गतिविधियां अपराध की श्रेणी में रखी जाएंगी। अब सिर्फ रजिस्ट्रेशन रद्द करने या ब्लैक लिस्टिंग जैसी कार्रवाई नहीं होगी। विदेश में नौकरी का झांसा देकर भारतीयों को फंसाने पर 5 से 10 साल की सजा और 1 से 10 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान होगा। विदेश मंत्रालय के अनुसार, अक्टूबर 2024 तक देश में 3094 गैर पंजीकृत एजेंट पहचाने गए थे। नौकरी के लिए विदेश जाने वालों के लिए डिक्लेरेशन





### उल्लंघन पर पांच से 10 साल तक सजा संभव, एक से 10 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान होगा

अनिवार्य किया जा सकता है। इससे विदेशों में भारतीयों की संख्या का सही आंकड़ा रखा जा सकेगा। पुराने कानून में विदेश में पढ़ने जाने वालों के मुद्दे शामिल नहीं थे। नए बिल में ऐसे एजेंटों पर भी कार्रवाई होगी, जो छात्रों को झूठे वादे कर विदेश भेजते हैं। बिल मजबूत बनाने के लिए उन राज्यों से राय ली जाएगी, जहां से बड़ी संख्या में लोग नौकरी के लिए विदेश जाते हैं। भारतवंशियों के बीच काम करने वाले संगठनों को भी ड्राफ्ट भेजा जाएगा। दुनियाभर में इस समय साढ़े तीन करोड़ भारतीय फैले हैं। इनमें से 1.58 करोड़ एनआरआई हैं, जबकि 1.97 करोड़ भारतीय मूल के लोग हैं। अमेरिका ने हाल ही में अपने यहां अवैध तरीके से पहुंचे भारतीयों को बेड़ियों में जकड़कर डिपोर्ट किया था। माना जा रहा है कि अमेरिका के बाद अब अन्य देशों में भी इमिग्रेशन कानून सख्त हो सकते हैं। ऐसे में भारत सरकार इमिग्रेशन की एक पारदर्शी व सुरक्षित व्यवस्था तैयार करना चाहती है, ताकि भविष्य में किसी तरह की शर्मिंदगी और नागरिकों को होने वाली दिक्कतों से बचा जा सके।

## भारत और फ्रांस 28 अप्रैल को साइन करेंगे 26 राफेल मरीन जेट डील

**नई दिल्ली।** भारत और फ्रांस 28 अप्रैल को 26 राफेल मरीन फाइटर जेट के लिए अब तक के सबसे बड़े रक्षा सौदे पर हस्ताक्षर करेंगे। डील पर साइन फ्रांसीसी रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकार्नू की मौजूदगी में होंगे। रक्षा सूत्रों के मुताबिक 64 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की डील पर साइन करते समय दोनों पक्षों का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिकारी करेंगे। यह कार्यक्रम साउथ ब्लॉक में रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय के बाहर भी आयोजित करने की योजना है। फ्रांसीसी मंत्री का 27 अप्रैल की शाम को भारत पहुंचने और अगले दिन लौटने का शेड्यूल है। गौरतलब है कि भारत ने 9 अप्रैल को गवर्नमेंट-टु- गवर्नमेंट डील के तहत पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में फ्रांस के साथ 26 राफेल-मरीन लड़ाकू विमानों के लिए सौदे को मंजूरी दी थी। इस सौदे में 22 सिंगल-सीटर, 4 ट्विन-सीटर जेट शामिल होंगे। साथ ही बेड़े के रखरखाव, लॉजिस्टिक सपोर्ट, पर्सनल ट्रेनिंग और स्वदेशी निर्माण वाला पैकेज भी शामिल होगा। ये सभी 26 मरीन राफेल जेट आईएनएस विक्रांत से ऑपरेट होंगे और मौजूदा मिग-29 के बेड़े का सपोर्ट करेंगे। इस सौदे के साथ ही राफेल जेट की संख्या बढ़कर 62 हो जाएगी। 26 राफेल-एम फाइटर जेट खरीदने की डील पर पहले दौर की चर्चा जून 2024 में शुरू हुई थी। तब फ्रांस सरकार और दसा कंपनी के अधिकारियों ने रक्षा मंत्रालय की कॉन्ट्रैक्ट नेगोशिएशन कमेटी से चर्चा की थी।

# भाजपा और आरएसएस बांटना चाहते हैं लोगों को: ममता

कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस ने पश्चिम बंगाल में दुर्भावनापूर्ण झूठा अभियान शुरू किया है। ममता ने शनिवार देर रात दो पेज का खुला पत्र जारी कर ये आरोप लगाए।

उन्होंने मुर्शिदाबाद हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि ये ताकतें उकसावे पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना का इस्तेमाल बांटने वाली राजनीति के लिए कर रही हैं। ममता ने लोगों से शांति बनाए रखने का अपील की। साथ ही कहा कि बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक समुदायों को एक-दूसरे का ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने लिखा कि हम सांप्रदायिक दंगों की निंदा करते हैं और उन्हें रोकना चाहिए। दंगों के पीछे के अपराधियों से सख्ती से निपटा जा रहा है। लेकिन हमें आपसी अविश्वास से बचना चाहिए।

### सीएम ने खुला पत्र जारी किया कहा: दुर्भाग्यपूर्ण घटना का इस्तेमाल बांटने वाली राजनीति के लिए कर रहे



## मुर्शिदाबाद हिंसा: बाप-बेटे की हत्या मामले में चौथी गिरफ्तारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद में हिंसक प्रदर्शन के दौरान बाप-बेटे की हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यह मामले में चौथी गिरफ्तारी है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान जाफराबाद के पड़ोसी गांव सुलिताला पुरबापारा निवासी जियाउल शेख के रूप में हुई है।

आरोपी 12 अप्रैल से फरार था। शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और विशेष जांच दल (एसआईटी) ने उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार यह व्यक्ति मुख्य आरोपियों में से एक है, जिसने मृतक के घर तोड़फोड़ करने के लिए भीड़ को उकसाया था और 12 अप्रैल को हरगोबिंदो दास और उनके बेटे चंदन दास की हत्या कर दी थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और शेख के मोबाइल फोन लोकेशन से उसका पता लगाया। इससे पहले पुलिस ने दो भाइयों कालू नादर और दिलदार के साथ ही एक अन्य आरोपी इंजामुल हक को गिरफ्तार किया था। हरगोबिंदो दास (72) और उनके बेटे चंदन (40) को भीड़ ने उनके घर के सामने मार डाला था।

# डिब्रूगढ़ जेल में ही बंद रहेगा अमृतपाल सिंह

नई दिल्ली, वार्ता

**पंजाब के** खडूर साहिब से निर्दलीय सांसद और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह की डिटेंशन की अवधि को एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। अमृतपाल सिंह के ऊपर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाई गई है।

पहले इसकी अवधि दो साल थी, जो 23 अप्रैल को पूरी हो रही है। अब पंजाब सरकार ने इसे एक साल के लिए बढ़ा दिया है। ऐसे में अमृतपाल सिंह को अप्रैल 2026 तक जेल में रखा जाएगा। अमृतपाल सिंह पिछले

### पंजाब सरकार ने एनएसए की अवधि एक साल और बढ़ाई

दो साल से असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद है। 23 अप्रैल को अमृतपाल की डिटेंशन के दो साल पूरे हो रहे हैं। अब उसके डिटेंशन की कुल अवधि तीन साल हो गई है। उसे 23 अप्रैल 2026 तक जेल में रखा जाएगा। पूरी संभावना है कि अगले एक साल तक उसे असम की डिब्रूगढ़ जेल में ही रखा जाएगा।

## फ्लाइट डायवर्जन पर भड़के जम्मू-कश्मीर सीएम उमर अब्दुल्ला

**नई दिल्ली।** इंडिगो की फ्लाइट को जयपुर डायवर्ट किए जाने के बाद एयरपोर्ट अधिकारियों ने रविवार को सफाई दी। फ्लाइट डायवर्जन मौसम में अचानक बदलाव और रनवे अपग्रेडेशन के चलते हुआ। जम्मू- कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला इसी फ्लाइट से ट्रैवल कर रहे थे। वे शनिवार रात दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट डायवर्जन को लेकर भड़क गए। दिल्ली एयरपोर्ट पर पूरी तरह बर्बादी का नजारा है। अथॉरिटी ने उमर अब्दुल्ला को जवाब देते हुए लिखा कि डियर मिस्टर अब्दुल्ला, जैसा कि आप जानते हैं, हमने दिल्ली में अचानक बदलते मौसम और हवा की दिशा को लेकर कई एडवाइजरी पहले ही जारी की हैं।

# वक्फ मामले में जमील मर्चेंट की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

मुंबई, वार्ता

**अधिनियमित वक्फ** (संशोधन) अधिनियम को लेकर याचिका दायर करने वाले मुंबई के सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद जमील मर्चेंट, उन पांच याचिकाकर्ताओं में शामिल हैं, जिनकी याचिका पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई होगी।

उच्चतम न्यायालय द्वारा जिन पांच याचिकाओं पर सुनवाई की जाएगी, उनमें मौलाना अरशद मदनी बनाम भारत संघ, मोहम्मद जमील मर्चेंट बनाम भारत संघ, मोहम्मद



फजलुर्रहीम और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य- फजलुर्रहीम ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव हैं, शेख नूरुल हसन बनाम भारत संघ और अन्य- मणिपुर नेशनल पीपुल्स पार्टी के विधायक और असदुद्दीन ओवैसी बनाम भारत संघ शामिल हैं। श्री मदनी एक इस्लामी विद्वान और मुस्लिम समुदाय की सर्वोच्च संस्था जमीयतुल उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष हैं। श्री मर्चेंट एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं। श्री फजलुर्रहीम ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव हैं। श्री हसन मणिपुर नेशनल पीपुल्स पार्टी के विधायक हैं। श्री ओवैसी, एक अनुभवी सांसद, ऑल इंडिया मजलिस- ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष एवं हैदराबाद का प्रतिनिधित्व करने वाले लोकसभा सदस्य हैं। श्री मर्चेंट महाराष्ट्र से एकमात्र याचिकाकर्ता हैं।

## कर्नाटक जनेऊ विवाद: प्रिंसिपल व स्टाफ मेंबर सस्पेंड

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बीदर जिले के साई स्पूर्थी पीयू कॉलेज में 17 अप्रैल को एक स्टूडेंट ने जनेऊ उतारने से मना किया तो उसे एग्जाम में बैठने नहीं दिया गया। मामला सुर्खियों में आया और इस पर विवाद हुआ। अब मामले में प्रिंसिपल डा. चंद्रशेखर बिरादर और स्टाफ मेंबर सतीश पवार को सस्पेंड कर दिया है। ऐसा ही एक मामला शिवमोगा जिले के आदिचुंचनगिरी स्कूल से भी सामने आया था, जहां कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) एग्जाम देने आए तीन स्टूडेंट का जनेऊ उतरवाया गया। कर्नाटक ब्राह्मण महासभा की तरफ से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई।


# वोटर्स लिस्ट से डुप्लीकेसी हटाने के लिए चलेगा अभियान

## बिहार चुनाव से होगी शुरुआत , 22 करोड़ वोटर्स आधार से लिंक नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसीआई) वोटर्स लिस्ट को साफ सुथरा बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी कवायद करने जा रहा है।

इसके लिए मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने पर सहमति बन चुकी है, लेकिन इसकी शर्त को पूरा करने के लिए उन वोटर्स से कारण जानना जरूरी है, जिन्होंने अभी तक अपना आधार नंबर वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए नहीं दिया है। आयोग के पास अभी तक 66 करोड़ मतदाताओं के आधार एपिक नंबर (इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिटी कार्ड नंबर) से लिंक्ड हुए हैं, लेकिन अब भी करीब 22 करोड़ मतदाताओं के आधार उपलब्ध नहीं हैं। इसका नतीजा ये है कि आधार के बेस पर मतदाता सूची से डुप्लीकेशन खत्म करने की प्रक्रिया शुरू भी नहीं हो पाई है। सूत्रों के अनुसार, मतदाता सूचियों से डुप्लीकेसी खत्म करने के लिए वोटर्स तक पहुंचने की योजना बनाई गई है। इसमें बूथ स्तर के अधिकारियों को सक्रिय किया जाएगा, जो मतदाताओं के घर जाकर संपर्क करेंगे। इस दौरान पता लगाया जाएगा कि अगर एपिक नंबर को आधार से लिंक किया गया है तो उसकी पुष्टि क्यों नहीं की? अगर लिंक नहीं किया है तो उसकी वजह जानी जाएगी। अपना संपर्क नंबर वोटर्स के साथ शेयर करेगा। वोटर्स तक पहुंचने का यह व्यापक अभियान विधानसभा चुनावों के समानांतर चलाया जाएगा। जिस राज्य में चुनाव आने वाले हैं, वहां यह प्रक्रिया



प्राथमिकता से पूरी की जाएगी। इस साल के आखिर में बिहार में होने वाले चुनाव में बीएलओ वोटर्स से संपर्क करेंगे। अगले साल पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल के मतदाताओं से संपर्क की योजना है। 2014 और 2018 के चुनावों में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में लाखों डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम सामने आए थे। एक अनुमान के मुताबिक, तेलंगाना में 20 लाख से ज्यादा डुप्लीकेट नाम थे। इसे रोके बिना निष्पक्ष चुनाव कराना मुश्किल है।

### बीएलओ घर-घर करेंगे वेरिफिकेशन

अगले 20 महीने में बिहार के 7.80 करोड़, प. बंगाल के 7.57 करोड़, असम के 2.45 करोड़, केरल के 2.77 करोड़ और तमिलनाडु के 6.23 करोड़ मतदाताओं के घरों तक आयोग के बीएलओ पहुंचेंगे। क्योंकि, बिहार में इसी साल अक्टूबर-नवम्बर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

पश्चिम बंगाल, असम, केरल और तमिलनाडु में अगले साल मई में विधानसभा चुनाव होंगे। निर्वाचन आयोग ने वोटरों के वेरिफिकेशन और उनसे संपर्क का यह अभियान इन कारणों से शुरू किया। राजनीतिक दल बड़े पैमाने पर वोटर जोड़े जाने की शिकायत तो करते हैं, लेकिन इस बारे में होने वाली अपील और सेकेंड अपील के आंकड़ों में भारी फासला दिखाई देता है। सूत्रों के मुताबिक, महाराष्ट्र में लोस चुनाव के बाद 39 लाख नए वोटर जोड़ने को लेकर आरोप लगे पर जिला निर्वाचन अफसरों के स्तर पर 89 शिकायतें दर्ज हुईं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर सिर्फ एक शिकायत पहुंची। उन आरोपों की सच्चाई भी सामने आएगी कि एक ही पते पर कई वोटर्स पंजीकृत किए गए। बूथ लेवल अधिकारियों का मतदाताओं के साथ सीधा संवाद कायम हो सकेगा।

# गौरैया को बचाने के लिए कोर्ट ने सीलबंद दुकान के ताले खुलवाए

**कन्नूर।** केरल के कन्नूर की उल्लीकल में एक सीलबंद कपड़ा दुकान के कांच के शोकेस के पीछे तीन दिनों से फंसी एक गौरैया को बचाने का वीडियो सामने आया है।

यह चिड़िया वहां बने एक छेद से अंदर चली गई, लेकिन बाहर निकलने का रास्ता नहीं खोज पाई। आसपास के लोगों ने उसे देखा, तो उसे खाने-पीने की चीजें दीं। लेकिन गर्मी के कारण उसके मरने की चिंता हुई। लेकिन फायर ब्रिगेड, ग्राम अधिकारी, कलेक्टर कोई भी दुकान तोड़ने की कार्रवाई नहीं कर सका, क्योंकि दुकान को कोर्ट के आदेश से सील कर दिया गया था। इसके बाद जिला कलेक्टर अरुण के. विजयन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पंचायत



सचिव को दुकान खोलने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। डिस्ट्रिक्ट जज निसार अहमद भी मौके पर मौजूद रहे। शटल खुलते ही गौरैया उड़ गई। डिस्ट्रिक्ट जज निसार अहमद ने कहा कि यह घटना हमें बताती है कि कानून को मनुष्यों या जानवरों के जीवन पर बोझ नहीं बनना चाहिए। हर जीवन मायने रखता है, यहां तक कि गौरैया का भी।

## संक्षिप्त समाचार

### डीजे बजाने को लेकर विवाद, एक की मौत, तीन घायल

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के सरडीहा गांव में शनिवार की रात शादी समारोह का जश्न उस समय मातम में बदल गया, जब डीजे की धुन पर नाचने के दौरान बरातियों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में 17 वर्षीय एक किशोर की मौत हो गई व तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी दुद्धी प्रदीप सिंह चंदेल ने रविवार को बताया की दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के सरडीहा निवासी रामस्नेह विश्वकर्मा की बेटी की शादी थी। कल शनिवार की रात बरात बभनी थाना क्षेत्र के पोखरा चैनपुर से आई थी। बरात में शामिल बराती डीजे की धुन पर झूम रहे थे। इसी दौरान गाने को लेकर आपसी विवाद इतना बढ़ गया कि बरातियों के दो पक्ष आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया। बरात देखने पहुंचे गांव के ही मोहित (17), मोतीलाल (22) और अशर्फीलाल (22) बरातियों से उलझ गए। आक्रोशित बरातियों ने लाठी-डंडों से तीनों युवकों की जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान मोहित को डंडे से सिर पर गंभीर वार किया गया। मारपीट से बचने के लिए मोहित और नीरज भागते हुए पास के कच्चे कुएं में गिर गए। नीरज किसी तरह बाहर निकल आया, लेकिन मोहित गंभीर चोट लगने के कारण कुएं में ही बेहोश हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

### पति ने पत्नी का सिर काटा, साइकिल से लेकर थाने पहुंचा

**गुवाहटी।** असम में एक 60 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी पत्नी का सिर धड़ से अलग कर दिया। कटा हुआ सिर लेकर साइकिल से पुलिस स्टेशन पहुंचकर सरेंडर कर दिया। घटना 19 अप्रैल की रात को चिरांग जिले में हुई। पुलिस ने बताया कि आरोपी बितीश हाजोंग ने अपनी पत्नी बैजंती ने अपनी पत्नी का सिर धारदार हथियार से काटा और फिर साइकिल से पुलिस स्टेशन पहुंचा। उसने साइकिल की बास्केट में पत्नी का कटा हुआ सिर रखा था। पुलिस ने कहा कि आरोपी बितीश दिहाड़ी मजदूर है। उसके और पत्नी के बीच झगड़े होते थे, जिसके चलते बितीश ने पत्नी की हत्या कर दी। एक पड़ोसी ने बताया कि शनिवार रात को बितीश के काम से घर लौटने के बाद दोनों में काफी झगड़ा हुआ था। दोनों छोटी-छोटी बातों पर हर दिन झगड़ते थे। चिरांग की एएसपी रश्मि रेखा शर्मा ने कहा कि हमने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अवैध संबंधों के शक में पति ने पत्नी व बेटियों पर डाला तेजाब

**शाहजहांपुर।** प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना निगोही क्षेत्र मे पत्नी के अवैध संबंधों के शक में पति ने अपनी पत्नी व दो बेटियों पर सोते समय तेजाब डाल दिया है। गम्भीर रूप से झुलसी तीनों मां बेटियों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) देवेंद्र कुमार ने रविवार को बताया कि थाना निगोही क्षेत्र के टिकरी गांव में रहने वाली रामगुनी (33) अपनी दो बेटियों व एक बेटे के साथ टिकरी गांव में किराए के मकान में रहती है, जबकि इनका पति हरदोई जिले के थाना शाहाबाद में रहता है शुक्रवार देर रात में जब पत्नी अपनी बेटियों के साथ घर में सो रही थी, तभी उसका पति दीवार फांद कर घर में आ गया।

## विधेयकों पर फैसला लेने के लिए समय सीमा पर विवाद बढ़ा

# सुप्रीम कोर्ट पर विवादित बयान, घिरे भाजपा सांसद

**नई दिल्ली, वार्ता**

सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति को विधेयकों पर फैसला लेने के लिए एक समय सीमा तय करने का विवाद बढ़ता जा रहा है। इस पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बाद भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने ऐतराज जताया है।

सांसद ने कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं। ऐसे में आप (सीजेआई) किसी अपाइंटिंग अथारिटी को निर्देश कैसे दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि संसद इस देश का कानून बनाती है। क्या आप उस संसद को निर्देश देंगे। देश में गृह युद्ध के लिए चीफ जस्टिस आफ इंडिया संजीव खन्ना जिम्मेदार हैं। वहीं धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है। कोर्ट अपनी सीमाओं से बाहर जा रहा है। अगर हर किसी को सारे मामलों के लिए सर्वोच्च अदालत जाना पड़े, तो संसद और विधानसभा बंद कर देनी चाहिए। वहीं निशिकांत के बयान से भाजपा ने किनारा किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा के न्यायपालिका एवं देश के चीफ जस्टिस पर दिए गए बयान से पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है। यह इनका व्यक्तिगत बयान हैं। दरअसल ये मामला तमिलनाडु गवर्नर और राज्य सरकार के बीच हुए विवाद से उठा था। सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को आदेश दिया कि राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है। वहीं बिल पर राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा। यह आर्डर 11 अप्रैल को सामने आया था। ओवैसी बोले- भाजपा कोर्ट को धार्मिक युद्ध की धमकी दे रही एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि भाजपा नेता इतने कट्टर हो गए हैं कि अब वे कोर्ट को भी धार्मिक युद्ध की धमकी देने लगे हैं। आप लोग (भाजपा वाले) ट्यूबलाइट हो। कोर्ट को इस तरह धमका रहे हो। तुम्हें पता है आर्टिकल 142 क्या है? इसे डा. अंबेडकर ने संविधान में जोड़ा था। यह सुप्रीम कोर्ट को किसी भी मामले में पूर्ण न्याय देने का अधिकार देता है। निशिकांत ने धारा 377, आईटी एक्ट और मंदिर-मस्जिद विवाद पर सुप्रीम कोर्ट पर सवाल उठाए आर्टिकल 377, एक आर्टिकल 377 था, जिसमें समलैंगिकता एक अपराध था। अमेरिका में ट्रम्प सरकार ने कहा कि दुनिया में केवल दो ही लिंग है, एक- पुरुष, दूसरा- महिला। तीसरे की कोई जगह नहीं है। जितने भी धर्म हैं, चाहे हिंदू हो, मुस्लिम हो, जैन हो, सिख हो, ईसाई हो। सभी मानते हैं कि समलैंगिकता एक अपराध है। सुप्रीम कोर्ट एक सुबह उठती है वे कहते हैं कि हम यह आर्टिकल खत्म करते हैं। हमने आईटी एक्ट बनाया। जिसके तहत महिलाओं और बच्चों के पोर्न पर लगाम लगाने का काम किया गया। एक दिन सुप्रीम कोर्ट कहता है कि वे 66ए आईटी एक्ट को खत्म कर रहे हैं। मैंने आर्टिकल 141 का अध्ययन किया है। यह आर्टिकल कहता है कि हम जो कानून बनाते हैं वो लोअर कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लागू होता है। आर्टिकल 368 कहता है कि इस देश की संसद को कानून बनाने का अधिकार है और इसकी व्याख्या करने का अधिकार सुप्रीम कोर्ट को है। हमारे देश में सनातन की परंपरा रही है। लाखों साल की परंपरा है। जब राम मंदिर का विषय आता है, तो आप कहते हैं कि कागज दिखाओ। कृष्ण जन्मभूमि का मामला आएगा, तो कहेंगे कि कागज दिखाओ। यही बात ज्ञानवापी केस में कहेंगे। इस देश में धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सिर्फ और सिर्फ सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है। नड्डा ने एक्स पोस्ट में लिखा कि भाजपा ऐसे बयानों से न तो कोई इत्तेफाक रखती है और न ही कभी भी ऐसे बयानों का समर्थन करती है। भाजपा इन बयान को सिरे से खारिज करती है।

### पार्टी ने किया निशिकांत के बयान से किनारा



**निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा के न्यायपालिका एवं चीफ जस्टिस पर दिए गए बयान से पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है: जेपी नड्डा**



**ओवैसी ने कहा- भाजपा सर्वोच्च न्यायालय को धार्मिक युद्ध की धमकी दे रही**

### 2027 में भाजपा सरकार का अंत करेंगे: पवन पाण्डेय

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री पवन पाण्डेय ने कहा कि हम लोग ब्राह्मण समाज को जगाएंगे और भगवान परशुराम का फरसा उठकर 2027 में भाजपा सरकार का अंत करेंगे। पाण्डेय के शनिवार को जनपद आगमन पर मछलीशहर सीमा पर सपा नेता राहुल त्रिपाठी के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। पूर्व मंत्री ने कहा भाजपा सरकार अपराध चरम पर है कानून राज खत्म हो गया है चारो तरफ अपराधियों का बोलबाला है। अपराधियों को संरक्षण भाजपा सरकार दे रही है, जो भाजपा के खिलाफ बोलेगा झूठे मुकदमे में फंसाकर सरकार उसे जेल भेजने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में ब्राह्मण समाज ठगी का शिकार हुआ है, जो भी ब्राह्मण समाज अगर भाजपा के खिलाफ है, तो उसे सरकार पचा नहीं पा रही है आए दिन उन पर फर्जी मुकदमे लगाकर जेल में बंद करने का काम करती है। जीते जी स्वर्गीय हरिशंकर तिवारी का योगी बाबा कुछ नहीं बिगाड़ पाये अब उनके न रहने पर उनके परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है, उनका मकान बाउंड्री वॉल ढहाया जा रहा है यह सरकार की सोची समझी रणनीति है।

## यूपी में विधायकों की औकात जीरो: बृजभूषण

**गोंडा, वार्ता**



**पूर्व भाजपा सांसद ने कहा- डीएम के पैर छू रहे, सारी पावर एक जगह, ज्यादा बोलूंगा तो आग लग जाएगी**

आज यूपी में विधायकों की औकात जीरो हो गई है। काम निकलवाने के लिए डीएम के पैर छूते हैं। उनकी मर्जी होगी तो काम होगा, नहीं तो नहीं होगा। इस विषय पर ज्यादा नहीं बोलूंगा, नहीं तो आग लग जाएगी। सारा पावर एक जगह सिमट गया है। अगर वह पावर अच्छा काम करेगा, तो सबकी नैया पार हो जाएगी। अगर नहीं किया, तो सभी फेल हो जाएंगे।

भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह ने एक पाडकास्ट के दौरान रविवार को ये बातें कहीं। बृजभूषण सिंह ने कहा कि आज मैं हेलीकॉप्टर से चलता हूं, लेकिन एक समय था, जब मैं मजदूरी करता था। बृजभूषण ने कहा कि अब मेरे फोन का असर किसी अधिकारी पर नहीं रहा। आज की राजनीति का तरीका बदल गया है। अब मेरे फोन का भी किसी अधिकारी पर असर नहीं है। आम आदमी तो हमेशा पिसता रहता है, लेकिन जो चल रहा है, उसे चलने देना चाहिए। आज विधायक की हैसियत ग्राम प्रधान से भी नीचे हो गई है। मैं सभी जगह की बात नहीं कर रहा हूं, लेकिन कई जगह हालात ऐसे ही हैं। विधायकों के कार्यकाल के 3 साल हो गए हैं। जनता के बीच किस उपलब्धि के साथ जाएंगे? इसका उत्तर न मेरे पास है, न ही किसी विधायक के पास। यह पूरी तरह उत्तर प्रदेश सरकार पर निर्भर है। इसमें विधायकों की कोई गलती नहीं है। विधायक केवल इतना कर सकते हैं कि अपने दरवाजे पर लोगों के सुख-दुख में शामिल हों। मेरा जीवन कंट्रोवर्सी से भरा हुआ है। मैं सलाह देने की स्थिति में नहीं हूं। मेरे गुरुदेव ने बचपन में एक बात सिखाई थी। कहा था- किसी गरीब और शरीफ इंसान को तकलीफ मत देना। अगर गलती से तकलीफ हो जाए, तो माफी मांग लेना। अगर वह न मिले, तो खुद प्रायश्चित कर लेना। छोटी-छोटी मछलियां रगड़ी जाती हैं। आप कभी अकेले मिलिए, तब बताऊंगा कि असली माफिया कौन है।

## योगी ने जनता दर्शन में सुनी आम लोगों की गुहार

**गोरखपुर, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

मुख्यमंत्री रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में 300 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे। एक-एककर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधानसुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने या परेशान होने की की जरूरत नहीं है। उन्होंने प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण, त्वरित गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा कि किसी को भी परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। इस दौरान एक महिला ने अपने परिजन के इलाज में आर्थिक दृष्टि से लाचार होने की बात कही, तो मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने तत्काल अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला के परिजन को हॉस्पिटल ले जाने भर्ती कराकर समुचित इलाज कराने की व्यवस्था की जाए औरए आगे किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर दिक्कत न हो इसके लिए आयुष्मान कार्ड भी बनवाया जाए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे।



### खराब मौसम से प्रभावितों को वितरित करें राहत राशि: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में खराब मौसम को देखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करें। अधिकारी क्षेत्र भ्रमण करके सर्वे करें। राहत कार्य पर नजर रखें। आपदा से जनहानि और पशुहानि होने पर प्रभावितों को तत्काल राहत राशि वितरित करें। इसके अलावा घायलों का समुचित इलाज कराया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि अधिकारी सर्वे करवाकर फसल नुकसान की रिपोर्ट तैयार कराएं। इसकी आख्या शासन को भेजें। ताकि, समय पर आगे की कार्यवाही की जा सके। साथ ही जल जमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराएं।

### 'मोइरंग दिवस' पर नेताजी सुभाष बोस को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर आईएनए ट्रस्ट की ओर से रविवार को 'मोइरंग दिवस' को श्रद्धापूर्वक एवं गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया।। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री टोकन साहू थे। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री रवीन्द्र इंद्राज सिंह और शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. कुंवर शेखर विजेंद्र विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा आईएनए ट्रस्ट के अध्यक्ष ब्रिगेडियर आरएस छिकारा, न्यासी दिनेश सिंह, डा. निधि कुमार और रणनीतिक सलाहकार मंदीप मुखर्जी की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। सुप्रसिद्ध नृत्यांगना एवं राज्य सभा सदस्य सोनल मान सिंह सांस्कृतिक संरक्षक के रूप में कार्यक्रम से प्रतीकात्मक रूप से जुड़ी रहीं।

## सच्चाई छिपा झूठ फैलाने में माहिर भाजपा

**प्रयागराज, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर भ्रम फैलाने और सच को छिपाने का आरोप लगाया है।


समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार को एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने से पहले सिविल लाइंस में संवाददाताओं से बातचीत में यह आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सच छिपाने और झूठ के प्रचार में भाजपा को महारथ हासिल है। उसका जीता जागता प्रमाण महाकुंभ है। महाकुंभ पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं से सच छिपाकर बेहतर व्यवस्था का झूठा प्रचार किया गया। उन्होंने कहा कि पहले किसी सरकार में कोई मंत्री प्रोपोगंडा किया करता था, लेकिन यहां तो पूरी भाजपा सरकार ही प्रोपोगंडा पर चल रही है। उन्होंने कहा कि यह श्रद्धालुओं का महाकुंभ नहीं था यह पूरी तरह राजनीतिक कुंभ था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने दावा किया था कि महाकुंभ में 100 करोड़ लोगों की व्यवस्था की गई है, जो पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुई है। महाकुंभ में व्यवस्था कम और प्रचार अधिक था। दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मेला महाकुंभ के मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर हुई दर्दनाक हादसे को रोका जा सकता था, लेकिन इस सरकार में अहंकार इतना कि प्रबल है सुझाव और आशंकाओं को भी आलोचना समझा गया। अखिलेश ने कहा कि सपा सरकार ने 2013 में कुंभ का आयोजन कराया था। भाजपा को उसी अनुभव के आधार पर सुझाव दे रहे थे लेकिन उसे गंभीरता और सकारात्मक ढंग से लिया गया होता तो महाकुंभ के सबसे बड़े राजसी स्नान 'मौनी अमावस्या' पर हुई दर्दनाक घटना से बचा जा सकता था। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हर इवेंट को मुख्यमंत्री भाजपा का इवेंट बनाना चाहते हैं। यह पूरा मिसमैनेजमेंट किया गया है, महाकुंभ पर इतना बड़ा धब्बा लगा है, उसकी सच्चाई हमसे बेहतर आप लोग स्थानीय है बेहतर जानते हैं। हमारे पास बहुत सी बातें नहीं पहुंच पाती। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संगम नोज पर हुई दर्दनाक हादसे में सरकार आंकड़े क्यों छुपा रही है। आंकड़े इसलिए छिपा रही है कि मुआवजा नहीं देना पड़े। संगम नोज पर उस रात झारखंड के शिवराज गुप्ता की मौत हो गई।



**महाकुंभ पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं से सच छिपाकर बेहतर व्यवस्था का झूठा प्रचार किया: अखिलेश**

## अर्थ व्यापार

### तिमाही नतीजे तय करेंगे बाजार की चाल



**मुंबई।** अमेरिका के स्मार्टफोन, कंप्यूटर समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामानों में टैरिफ पर छूट दिए जाने के साथ ही मैक्सिको, कनाडा और अन्य देशों से आने वाले वाहनों और उनके पुर्जों पर लगने वाले शुल्क में संशोधन पर विचार करने के संकेत से विश्व बाजार समेत स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह साढ़े चार प्रतिशत के उछाल पर घरेलू शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजे से तय होगी।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 3395.94 अंक अर्थात 4.5 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर तेरह कारोबारी सत्र के बाद 78 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 78553.20 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 1023.1 अंक यानी 4.5 प्रतिशत मजबूत होकर 23851.65 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप सप्ताहांत पर 1706.24 अंक अर्थात 4.23 प्रतिशत की तेजी लेकर 41980.48 अंक और समॉलकैप 2148.31 अंक यानी 4.7 प्रतिशत उछलकर 47946.66 अंक हो गया। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह छुट्टियों के कारण महज तीन के कारोबार में घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। अमेरिका के पारस्परिक टैरिफ फैसलों में स्थिरता, स्मार्टफोन और कंप्यूटर जैसे उत्पादों पर छूट और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के लगातार जारी निवेश प्रवाह ने इस तेजी को समर्थन दिया। इसके साथ ही सामान्य से बेहतर मानसून की भविष्यवाणी और अनुकूल मुद्रास्फीति दृष्टिकोण ने बाजार की धारणा को और मजबूत किया। बीते सप्ताह बैंक निफ्टी ने तेजी की अगुवाई की, जो जमा दरों में कटौती और सकारात्मक ब्याज मार्जिन दृष्टिकोण से प्रेरित था। यह सूचकांक अब अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है, जिससे यह निवेशकों का पसंदीदा विकल्प बन गया है।

### विदेशी मुद्रा भंडार इजाफे के साथ 677.8 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 677.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.9 अरब डॉलर उछलकर 676.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 89.2 करोड़ डॉलर की मजबूती के साथ 574.9 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 63.8 अरब डॉलर उछलकर 79.9 अरब डॉलर हो गया। वहीं आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार 60 लाख डॉलर की गिरावट लेकर 18.4 अरब डॉलर रह गया।

### अधिकांश खाद्य तेल सस्ते, चावल हुआ महंगा

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों के भाव 816 रुपये प्रति क्विंटल तक गिर गए, जबकि आवक घटने से चावल महंगा हो गया, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 326 रिंगिट लुढ़ककर 4132 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.66 सेंट की तेजी के साथ 47.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान अधिकांश खाद्य तेलों के भाव गिर गए। सरसों तेल 366 रुपये, सोया रिफाइंड 816 रुपये, पाम ऑयल 366 रुपये और वनस्पति तेल 365 रुपये प्रति क्विंटल उतर गए, जबकि मूंगफली तेल 366 रुपये और सूरजमुखी तेल के भाव 219 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गए। सप्ताहांत पर सरसों तेल 15385 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19047 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14385 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13187 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16484 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन: बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा।

इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: अनाज मंडी में मिला.जुला रुख रहा। इस दौरान चावल 300 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया, जबकि गेहूं के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

## फिल्म निर्माता, निर्देशक अनुराग कश्यप का फूंका पुतला

**प्रयागराज।** बॉलीवुड के फिल्म निर्माता, निर्देशक और पटकथा लेखक अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में सुभाष चौराहे पर पुतला दहन किया गया।

ब्राह्मण समाज अधिवक्ता संघ इकाई के कार्यकर्ताओं ने कश्यप के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि बारंबार ब्राह्मण समाज पर तीखी टीका टिप्पणी करना बंद करें, यह किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि एक अच्छे निर्माता और निर्देशक को अपने दर्शकों की संवेदनाओं को ध्यान में रखना चाहिए। उसे हमेशा यह याद होना चाहिए कि किसी भी फिल्म को 'अर्स से फर्श तक' दर्शक ही पहुंचता है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय अधिवक्ता एवं पूर्व छात्र नेता इलाहाबाद विश्वविद्यालय आशीष तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण समाज पर चाहे वह अनुराग कश्यप हो या किसी अन्य धर्म, जाति या वर्ग विशेष के लोग अगर इसी तरीके से अमर्यादित टिप्पणी जारी रखेंगे, तो इसका परिणाम उन्हें भुगतना पड़ेगा। अनुराग कश्यप को प्रयागराज आने पर पता चलेगा कि ब्राह्मण समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले का स्वागत कैसे किया जाता है, वह याद रखेंगे।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय अधिवक्ता एवं पूर्व छात्र नेता इलाहाबाद विश्वविद्यालय आशीष तिवारी ने कहा कि अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज पर अभद्र टिप्पणी के बाद महाराष्ट्र सहित पूरे देश में अब उनके खिलाफ ब्राह्मण समाज ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। उन्होंने अनुराग कश्यप को आगाह किया कि यदि उन्होंने ब्राह्मण समाज पर टिप्पणी को लेकर माफी नहीं मांगी हैं, तो उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज कर उन्हें उचित सबक सिखाए।

### रोहित वेमुला अधिनियम प्रस्ताव पर सिद्दारमैया ने राहुल को लिखा पत्र

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पत्र लिखकर शैक्षणिक संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव पर उनकी चिंताओं के प्रति एकजुटता व्यक्त की है और घोषणा की है कि उनकी सरकार इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए रोहित वेमुला के नाम पर एक मसौदा कानून तैयार कर रही है। शनिवार को गांधी को संबोधित एक पत्र में, सिद्दारमैया ने लोकसभा में विपक्ष के नेता के 16 अप्रैल को लिखे गए पिछले पत्र का जवाब दिया, जिसमें गांधी ने बीआर अंबेडकर के साथ हुए भेदभाव और हाशिए पर पड़े समुदायों की निरंतर दुर्दशा का उल्लेख किया था। सिद्दारमैया ने लिखा, मैं भी आपकी भावनाओं को गहराई से साझा करता हूं। हमें दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए हाथ मिलाना चाहिए।

## हेराल्ड के झूठे मुकदमों में उलझा रही है सरकार: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुनं खड़गे ने कहा है कि सरकार जिस नेशनल हेराल्ड मामले में झूठे मुकदमे लगाकर कांग्रेस नेतृत्व को उलझा रही है इसी अखबार को पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश की आजादी की लड़ाई के लिए शुरू किया था।

खड़गे ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने नेशनल हेराल्ड की शुरुआत की थी। इसके अलावा नवजीवन अखबार और कौमी आवाज भी शुरू किया गया था। इन अखबारों को शुरू करने का मकसद देश को आजाद कराना, देश की जनता को जागरुक करने और लोगों की आवाज अंग्रेजी हुकूमत तक पहुंचाने का था। उन्होंने कहा कि आरएसएस व भाजपा के लोग षडयंत्र करने में माहिर हैं। इन दिनों उन्होंने कांग्रेस को झूठे मुक़दमों में उलझाने की फिर से कोशिश की है। जैसे ही कांग्रेस का अधिवेशन अहमदाबाद में खत्म हुआ, एक दिन बाद नेशनल हेराल्ड की प्रॉपर्टी को अटैच करकर दी। दो दिन बाद कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नामआरोप पत्र में डाल दिया। हमारे नेताओं के ऊपर पिछले 11 सालों में अनगिनत रेड हुए। निकला कुछ नहीं, लेकिन बदनाम करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि हाल में नेशनल हेराल्ड मामले में जिस परिवार को बदनाम करने का प्रयास किया गया, उसके घर का हर सदस्य आजादी के आंदोलन में जेल में रहा। आजादी के पहले आनंद भवन और स्वराज भवन जैसी संपत्ति देश को समर्पित कर दिया था। इंदिरा गांधी जी देश के लिए शहीद हुई, राजीव गांधीजी शहीद हुए। पिछले 11 सालों से कांग्रेस और विपक्षी दलों के साथ मोदी सरकार दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी इसलिए निशाना पर हैं, क्योंकि वह कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी हैं। खड़गे ने कहा कि दूसरे ताकतवर विपक्षी नेताओं पर इसी तरह फर्जी मामले चलाए जा रहे हैं। जो भारतीय जनता पार्टी में चला जाता है, उसका केस बंद कर दिया जाता है। इनको शर्म आनी चाहिए कि 10 सालो में ईडी ने 193 नेताओं पर केस किया, लेकिन केवल दो मामले को वे साबित कर पाये। जब चाहते हैं घंटों पूछताछ करके ईडी के लोग फर्जी खबरें फैलाते हैं। हम लोग किसी से डरने वाले नहीं हैं, किसी के आगे झुकने वाले भी नहीं हैं।



शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सड़क दुर्घटना में महिला की दर्दनाक मौत

## मेरठ करनाल हाईवे पर सड़क पार करते समय ट्रैक्टर चालक ने मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सड़क पार कर रही एक महिला की तेज रफ्तार ट्रेक्टर की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गयी। रविवार के दिन महिला को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। घटना को लेकर परिजनों में को. हराम मचा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार बीती शनिवार के दिन लगभग 52 वर्षीया महिला इमाम बानो पत्नी शहजाद पठान निवासी मौहल्ला चंधेडी रोड बुढ़ाना बीती शनिवार को बुढ़ाना कस्बे से सब्जी लेकर अपने दूसरे घर फुगाना थाना क्षेत्रा के गांव लोई में अकेली जा रही थी। जब वह फुगाना क्षेत्रा में मेरठ वाया करनाल हाइवे पर सड़क पार कर रही थी तब तेज रफ्तार एक ट्रेक्टर चालक ने महिला को ट्रेक्टर की जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें महिला घायल हो गयी .. और ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर सहित फरार हो गया। पुलिस ने आते जाते लोगों की सूचना पर महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भिजवाया तो चिकित्सकों ने महिला की गंभीर हालत को देख उसको मुजफ्फरनगर के लिए रैफर कर दिया। जहां पर महिला ने दम तोड दिया। फुगाना पुलिस ने महिला के शव की शिनाख्त कराकर घटना की सूचना महिला के परि. जनों को दी तो परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। रविवार को शव को मीराजी कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

## गांव से शहर आ रहे बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत

**मुजफ्फरनगर।** शहर में मजदूरी करने वाला चरथावल के गांव छिमाऊ का मूल निवासी मोनू (19) ने शहर कोतवाली की काशीराम कॉलोनी में किराए पर कमरा लिया हुआ है। सुबह के समय आज वह बाइक पर गांव से काशीराम कॉलोनी आ बाइक पर आ रहा था। बाइक पर उसने पीछे पंख बांधा हुआ था। काली नदी के पास उसकी बाइक की टक्कर एक ट्रैक्टर के साथ हो गई। जिस कारण मोनू घायल हो गया। उधर टक्कर लगने के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। तब एक राहगीर की मदद से उसे जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मेढ़ काटने का विरोध करने पर मां बेटे के साथ मारपीट

**मोरना।** खेत की मेड़ काटने का विरोध करने पर दबंग आरोपियों ने मां बेटे के साथ गाली गलौज कर मारपीट की। पीड़ितों ने जान को खतरा जताते हुए कार्रवाई की फरियाद पुलिस से लगाई है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी फिरोजाबाद निवासी नाजमा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है। रविवार सुबह उसका पुत्र खेत पर काम कर रहा था वह उसके लिए नाश्ता लेकर गई थी। महिला ने बताया कि गांव निवासी व्यक्ति के खेत उसके खेत के बराबर में है। जब वह खेत में पहुंची तो गांव निवासी चार व्यक्ति उसके खेत की मेंढ को काटकर बोगी में मिटी भर रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़िता को गाली-गलौच करते हुए उसके साथ हाथापाई करने लगे तथा उसके पुत्र के साथ मारपीट करने लगे। वहां से किसी तरह जान बचाकर मां-बेटे ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवकों पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

# कृषि भूमि पर अवैध कालोनियों का जाल, एमडीए मौन

## सरकारी आदेशों की उड़ रही धज्जियां



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** तहसील खतौली की सीमा से सटे ग्रामीण इलाकों खतौली भूड़, चुन्ना भटी, मीरापुर रोड, अवध विहार,जानसठ रोड पर इन दिनों कृषि भूमि पर अवैध कालोनियों का धड़ल्ले से निर्माण किया जा रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि ये सब विकास प्राधिकरण (एमडीए) की नाक के नीचे हो रहा है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर प्रशासन पूरी तरह से मौन है।

सूत्राों की माने तो भूमाफिया और एमडीए अधिकारियों के बीच गहरी सांठगांठ है, जिससे इन अवैध गतिविधियों पर कोई लगाम नहीं लगाई जा रही। खेतों की उर्वर धरती को काटकर पक्की सड़कों और प्लक्क्टों में तब्दील किया जा रहा है। वहीं मिट्टी खनन के नाम पर सरक. ारी राजस्व को चूना लगाकर मोटी काली कमाई की जा रही है। वही दूसरी और प्रोपर्टी डीलरों के सिर पर स्थानीय राजनेताओं का हाथ होने के चलते भूमाफिया बेखौफ होकर अपना कारोबार चला रहे हैं। प्रशासन की आंखों के सामने हो रहे इस अवैध निर्माण से साफ है कि या तो जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर आंखें मूंदे हुए हैं, या फिर वे भी इस खेल का हिस्सा बन चुके हैं। जब अवैध कालोनियों पर रोक लगाने के लिए नियम-कानून मौजूद हैं, तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब जागेगा, या फिर ये खेल यूं ही जारी रहेगा?

### अवैध कालोनियों के साथ मिट्टी खनन भी जोरों पर

एक ओर जहाँ शासन ने सख्त आदेश जारी कर मिटी खनन पर पूरी तरह से रोक लगाई है, वहीं दूसरी ओर ज़मीनी हकीकत बिल्कुल उलटी नजर आ रही है। ग्रामीण इलाकों में दिन-रात मिटी खनन का काम बेरोकटोक जारी है, वह भी स्थानीय प्रशासन की नाक के नीचे। माना जा रहा है कि भूमाफिया और प्रक्रमर्टी डीलरों ने अवैध कक्लोनियों के साथ-साथ मिटी खनन को भी एक बड़ा धंधा बना लिया है। ट्रैक्टर-ट्रक्लियों और जेसीबी मशीनों के ज़रिए रात-दिन खेतों से मिटी निकालकर ऊँचे दामों पर बेची जा रही है, जिससे भारी काली कमाई हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस पूरे खेल में कुछ प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी परोक्ष रूप से शामिल हैं, जिसके चलते कोई सख्त कार्रवाई नहीं हो पा रही है। शासन के आदेशों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग मूक दर्शक बने हुए हैं।

# चबूतरा तोड़ने के विराध में भाकियू कार्यकर्ताओं ने थाने पर किया हंगामा

**मुजफ्फरनगर।** शहर के मुहल्ला कायस्थवाड़ा में चबूतरा तोड़ने के विरोध में भाकियू कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर प्रदर्शन किया। आरोपित पक्ष के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर कार्यकर्ताओं ने कोतवाली में धरना दिया। कहा कि कालोनी के आसपास कुछ लोग मार्केट बना रहे हैं, जिसके चलते वह चबुतरा तुड़वाने में लगे हैं। रविवार को भाकियू के नगर अध्यक्ष गुलबहार राव के नेतृत्व में कार्यकर्ता कोतवाली नगर में पहुंचे। यहां पर पुलिस को बताया कि मुहल्ला कायस्थवाड़ा में नत्थे खां, फुरकान, अकरम, अब्दुल रहमान, नोमान के मकान के सामने दिलशाद, कासिफ इत्यादि मार्केट बना रहे हैं। उनके घर के सामने पुराने चबूतरे को लेकर विवाद कर रहे हैं। चबुतरा के साथ एक शौचालय भी है। जिसे अवैध रूप से तुड़वा दिया गया। इस मामले की शिकायत नगर पालिका में भी की गई है। इस संबंध में चबुतरा और शौचालय संबंधित कागजात भी दिखाए हैं। अब कुछ लोग इस मामले में पीड़ित को धमकी दे रहे हैं। इस पर भाकियू कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। कार्यकर्ताओं ने मामले में आरोपित पक्ष के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने जांच के बाद आरोपित पक्ष के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। उसके बाद कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त किया।



मुजफ्फरनगर : चबूतरा तोड़ने के विरोध में प्रदर्शन करते भाकियू नेताओं को समझाते अधिकारी

# चेन लुटेरों की तलाश में पुलिस ने चलाया अभियान

**24 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बाइक सवार बदमाश महावीर चौक के पास से महिला से तीन तोले की सोने के चेन लूट कर फरार हो गए। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और बदमाशों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

सिविल लाइंस थानाक्षेत्र की जाट कालोनी निवासी सौरभ गर्ग की पत्नी दीपाली गर्ग शनिवार शाम को राजकीय इंटर कालेज मैदान से घूम कर बाहर से निकल थी। तभी काले रंग की पल्सर पर सवार तीन बदमाशों ने दीपाली को आतंकित कर गले से चेन और लाकेट लूट लिया, जो तीन तोले का बताया गया है।

महिला ने शोर भी मचाया लेकिन बदमाश भागने में सफल रहे। इस बीच महिला ने बदमाशों की बाइक का नंबर नोट कर लिया। महिला से चेन की लूट की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाशों की घेराबंदी के लिए चेकिंग अभियान भी चलाया लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिली।

एसएसआइ सिविल लाइंस केपी सिंह ने बताया, महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है। महिला ने बदमाशों की बाइक का जो नंबर दिया है, उसे भी तस्दीक कराया जा रहा है। बता दे कि शुक्रवार सुबह नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के भोपा रोड से बाइक सवार बदमाश भूसा कारोबारी उज्जवल से ग्यारह लाख रुपये लूट कर भाग गए थे। इस घटना में शामिल बदमाशों को पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। शनिवार सुबह बाइक सवार बदमाश बुढ़ाना थानाक्षेत्र से दो महिलाओं से कुंडल लूट कर भाग गए थे। दो दिन में लूट की तीन वारदातों ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिया है। इस मामले में पुलिस अधिकारियों ने सम्बन्धित थाने की पुलिस पर नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द बदमाशों की घेराबंदी के निर्देश दिये हैं।

# स्वास्थ्य बिगाड़ रही पेपर मिल की राख, विरोध में लोगों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भोपा रोड स्थित अग्रवाल डुप्लेक्स पेपर मिल के बाहर को शांति नगर व गांधी नगर के लोगों ने मिल से उड़ने वाली राख को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन की सूचना मिलते ही मंडी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर जाम खुलवाया।

पेपर मिल के बाहर हंगामा कर रहे प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि पेपर मिल से लगातार उड़ने वाली राख उनके लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। इस राख से आंखों में जलन और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो रही हैं। साथ ही, राख घरों में जाकर वातावरण को भी प्रदूषित कर रही है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की कि पेपर मिल की प्रदूषणकारी गति. विधियों पर तत्काल प्रभाष से अंकुश लगागा जाए। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही मंडी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। लोगों ने चेतावनी दी कि गरि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।



मुजफ्फरनगर : भोपा रोड पर पेपर मिल की राख के विरोध में प्रदर्शन करते लोग।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर मारपीट

**बुढ़ाना।** सर्किल के थाना रतनपुरी क्षेत्र के गांव समोली निवासी एक किशोरी ने बताया कि मैं अपने खेत पर काम कर रही थी। तभी वहां पर तेजवीर पुत्रा अमरनाथ और मोनू आदि आ गए और इन लोगों ने मेरे साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ की। मेने इसका विरोध किया तो मेरे साथ इन लोगों ने मारपीट की। मैंने शोर शराबा किया और शोर शराबे की आवाज सुनकर मेरे पिताजी मौके पर आ गए। मेरे पिताजी ने मेरे साथ छेड़छाड़ करने का विरोध किया तो इन्होने उनके साथ भी मारपीट करते हुए जाति सूचक शब्द कहे हमने कहा कि हम इसकी शिकायत थाने में करेंगे तो मोनू ने कहा कि जाओ किसी थाने में शिकायत कर लो। हम किसी से नहीं डरते। शनिवार के दिन बुढ़ाना तहसील दिवस में पहुंचे और संबंधित अधिका. रियों को कहा कि हमें इंसाफ दिलाया जाए और उक्त लोग हमें बार-बार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। ये कोई अप्रिय घटना कर सकते हैं। इसलिए हम सबकी सुरक्षा की जाए।

# दो पक्षों के बीच हुए विवाद में समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** साकेत कालोनी में बुजुर्ग दंपती की पिटाई का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा। आठ-दस लोग दंपती की बुरी तरह से पिटाई कर रहे है। दोनों पक्षों ने पहले मुकदमा दर्ज कराने के लिए सिविल लाइंस थाने में तहरीर दी है लेकिन बाद में दोनों पक्षों ने पुलिस को समझौतानाम लिखकर देकर कार्रवाई करने से इन्कार कर दिया।

सिविल लाइंस थानाक्षेत्र की साकेत कालोनी निवासी बुजुर्ग नरेंद्र त्यागी शुक्रवार रात को अपने घर पर थे। रात दस बजे कुछ लोगों ने आवाज देकर उन्हें बाहर बुलाया। घर से निकलते ही आरोपितों ने उनके साथ मारपीट कर दी। बीच-बचाव के लिए नरेंद्र की पत्नी मुनेश त्यागी के साथ भी आरोपितों ने जमकर पिटाई की।

इस घटना का वीडियो रविवार को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ। जिसमें नरेंद्र त्यागी के घर से बाहर निकलते आरोपित उन पर टूट पड़ते है। बचाव को आई पत्नी के साथ भी आरोपित वीडियो में मारपीट करते दिखाई दे रहे है। नरेंद्र त्यागी ने बताया, हमला करने वाले भी साकेत कालोनी के हैं। पुलिस को तहरीर दी है लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया है।

उधर, साकेत चौकी प्रभारी रेशम पाल ने बताया, शनिवार को दोनों पक्षों ने तहरीर दी है लेकिन किसी ने भी घटना की असलियत नहीं लिखी है। एक पक्ष ने डकैती का आरोप लगाया है तो दूसरे पक्ष मे लूट व कातिलाना हमले का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों को जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया था लेकिन रविवार दिन में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। इसमें एक पक्ष शिवकुमार त्यागी है, जो साकेत कालोनी में रहता है। चौकी प्रभारी ने बताया, दोनों पक्षों के बेटों में कार निकालने को लेकर शुक्रवार को विवाद हुआ था। इसी विवाद में शिवकुमार पक्ष ने नरेंद्र पर हमला किया था। हालांकि शिवकुमार का आरोप था कि पहले नरेंद्र के बेटे ने उनके बेटे की पिटाई की थी।

# सरकारी कार्यालय और स्कूलों में लगेंगे स्मार्ट मीटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में बडे स्तर पर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य चल रहा है। प्रथम चरण में सरकारी कार्यालय और भवनों पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है।

अभी तक 1100 सरकारी कार्यालय और भवनों में स्मार्ट मीटर लग चुके है। इसमें सभी बिजलीघर भी शामिल है। करीब 300 सरकारी कार्यालय और भवनों स्मार्ट मीटर लगने शेष रह गए है।

पावर कारपोरेशन के द्वारा करीब 1400 सरकारी कार्यालय और भवनों पर स्मार्ट मीटर लगाए जाने है। सबसे पहले पावर कारपोरेशन के द्वारा सभी बिजलीघरों पर स्मार्ट मीटर लगाए गए है। शहरी और देहात क्षेत्र के सभी बिजलीघरों पर स्मार्ट मीटर लगने का दावा किया जा रहा है। बिजली विभाग के द्वारा करीब 1100 सरकारी कार्यालय और भवनों पर स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके है। रिचार्ज होने पर ही स्मार्ट मीटर से बिजली सप्लाई चालू होगी।

शेष 300 सरकारी कार्यालय और भवनों पर स्मार्ट मीटर लगने है। जिसमें सबसे अधिक टाउन हाल एक्सईएन क्षेत्र के शामिल है। सूत्रों का कहना है कि इनके क्षेत्र में स्थित कुछ सरकारी कार्यालय और भवनों पर स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर विवाद बना हुआ है। जिस कारण उक्त स्मार्ट मीटर अभी तक नहीं लग पाए है। अब पावर कारपोरेशन के द्वारा सरकारी स्कूलों में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा।

## चाट बाजार के दुकानदारों का पांचवें दिन भी धरना रहा जारी

**मुजफ्फरनगर।** ाउन हाल रोड से चाट बाजार हटाने के विरोध में रविवार को पांचवें दिन भी दुकदानदारों का धरना जारी रहा। दिनभर दुकानदार भीषण गर्मी में टेंट लगाकर धरने पर बैठे रहे। रविवार को काली नदी किसान समिति ने दुकानदारों को अपना समर्थन दिया है। इन दुकानदारों को कई संगठन अपना समर्थन दे चुके है। नगर पालिका के द्वारा टाउन हाल रोड पर चाट बाजार को बंद करा दिया गया है। जबकि यह चाट बाजार पिछले कई सालों से यहां पर लगता आ रहा है। इस चाट बाजार से सौ से अधिक परिवारों का पालन पोषण चल रहा था। चाट बाजार बंद होने के कारण उक्त दुकानदार बेरोजगार हो गए है। पिछले चार दिनों से दुकानदार चाट बाजार बंद होने के विरोध में टाउन हाल रोड पर धरने पर बैठे हुए है। शिव सेना, क्रांति सेना, भाकियू टिकैत और काली नदी किसान समिति के द्वारा समर्थन दिया गया है। इस मामले में नगर पालिका प्रशासन उदासीन बना हुआ है। शनिवार की रात्रि दुकानदारों के धरने पर भाकियू के जिलाध्यक्ष नवीन राठी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। किसानों ने चेतावनी दी थी कि यदि कोई अधिकारी वार्ता के लिए नहीं आया तो कार्यालय में भूसा भर दिया जाएगा। इसके बाद ईओ डा. प्रज्ञा सिंह मौके पर पहुंची और वार्ता की, लेकिन कोई सामाधान नहीं निकल पाया है। इस दौरान देवेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार, राजेश सैनी, पंकज कुमार, राज कुल्फी, मदनपाल, आजाद कुल्फी, राधेश्याम कश्यप, विजय कश्यप, राज-वर्मा, नरेश कश्यप, राज कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# प्रेम जाल में फंसाने और नशीला ड्रिंक पिलाने का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बाबर ने सोनू बनकर एक युवती को अपने प्रेमजाल में फंसाया और फिर शादी का झांसा देकर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। अश्लील वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देकर मौलाना को बुलाकर कलमा पढ़वाकर धर्मातंरण करा दिया। हकीकत का पता चलने पर आरोपित ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की आपबीती सुनने के बाद नगर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी। रविवार को हिंदू संगठन के नेता नरेंद्र पंवार हरिद्वार जिले के बादराबाद की रहने वाली एक युवती को लेकर नगर कोतवाली पहुंचे। युवती बताया, रोशनाबाद कचहरी में उसका एक मुकदमा चल रहा है। बीस दिन पहले उसे एक युवक मिला, जिसने अपना नाम सोनू बताया था और मुकदमे में मदद करने और शादी करने का झांसा दिया था। सोनू ने हमदर्दी दिखाते हुए उसे प्रेमजाल में फंसा लिया था और भावनपुर में अपना कारोबार बताते हुए नौकरी देने की बात कही थी। इसी दौरान एक दिन सोनू ने धोखे से उसे कोल्ड ड्रिंग में नशीला पदार्थ पिला दिया और बेहोश होने पर गाड़ी डालकर नगर कोतवाली क्षेत्र के लद्दावाला में रात के समय एक मकान में लेकर आ गया। आरोपित ने बेहोशी की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो भी बनाई।

रात तीन बजे होश आने पर पीड़िता ने विरोध किया तो आरो. पित ने अपने मोबाइल में उसकी अश्लील वीडियो दिखा कर कहा था कि अब तुम मेरी हो गई हो।

जल्द शादी कर लूंगा। इसका किसी से जिक्र मत करना और धमकी दी थी कि अगर कहना नहीं माना तो अश्लील वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दूंगा। आरोप है कि आरोपित की धमकी से वह डर गई थी। इस घटना के पांच-छद दिन बाद आरो. पित ने फिर से मुजफ्फरनगर में एक मकान ला कर दुष्कर्म किया और सुबह होने पर मौलाना को बुलाकर कलमा पढ़वा कर कुछ क कागजातों पर हस्ताक्षर करा लिया। इसके बाद आरोपित ने कहा था कि अब तुम मुसलमान हो चुकी और तुम्हारा निकाह पढ़ा जा चुका है। इसके बाद पीड़िता को आरो. पित की हकीकत का पता चला। आरोपित ने अपना नाम बाबर निवासी गोपाली गांव थाना देवबंद जिला सहारनपुर बताया। नरेंद्र पंवार ने बताया, एएसपी एवं नगर कोतवाली प्रभारी राजेश घुनावत ने पीड़िता की पूरी बात सुनी और आरोपित का मोबाइल भी मिलाया, जो बंद मिला। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार करेगी।



मुजफ्फरनगर : लोहिया बाजार स्थित शाह इस्लामिक लाईब्रेरी शिक्षा जागरूकता पर सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें लाईब्रेरी संस्थापक कारी मौ.खालिद बशीर कासमी ने शिक्षा पर जोर दिया।

## काव्य संकलन मन की भोर का विमोचन

**मुजफ्फरनगर।** सकल साहित्य समाज के तत्वाधान में जनपद की सुप्रसिद्ध कवयित्री सुमन प्रभा के काव्य संकलन मन की भोर का भव्य विमोचन उनके लक्ष्मण विहार स्थित आवास पर हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां शारदे के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित और माल्यार्पण कर मां शारदे का गुणगान किया। इस अवसर पर कवयित्री लक्ष्मी डबराल ने पुस्तक पर अपनी काव्यात्मक शैली में लिखी समीक्षा पढ़ी। साहित्यकार एवं शिक्षक राकेश कौशिक की अध्यक्षता में विशिष्ट अतिथि शारदेन विद्यालय की शिक्षिका ऋतु देशवाल ने काव्य संकलन मन की भोर पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि मन की भोर कवयित्री सुमन प्रभा की भावनाओं का सीधा संप्रेषण है, जो सच में मन तक जाकर अंतर्मन को झंकृत कर जाता है। विशिष्ट वक्ता रामकुमार शर्मा रागी, राकेश कौशिक ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन युवा कवि एवं गीतकार पंकज शर्मा ने किया।

# शुकतीर्थ में दम तोड़ रहा है गंगा स्वच्छता अभियान

**डीएम के गंगा स्वच्छता अभियान को अधिकारी लगा रहे पलीता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ में 23 फरवरी से जिलाधिकारी द्वारा चलाया गया गंगा स्वच्छता अभियान गंगा घाट पर दिखाई नहीं दे रहा है। मुख्य गंगा घाट पर मिटी के ढेर लग गये हैं तथा जगह जगह सिल्ट जमा हो गई है। गंगा में चारों ओर जलकुम्भी तैर रही हैं, जिसके चलते गंगा स्वच्छता अभियान महज औपचारिकता बनकर रह गया है। नगरी के साधु संतों ने डीएम से गंगा घाट पर सिल्ट, मिटी के ढेर व जलकुम्भी हटाने की मांग की है।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के द्वारा 23 फरवरी को शुकतीर्थ के गंगा घाट पर प्रशासन के अधिकारियों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं व ग्राम प्रधानों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाकर गंगा की साफ सफाई की थी, जिसके बाद डीएम ने प्रत्येक रविवार को गंगा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाने के आदेश दिये थे। जिसके बाद से निरंतर प्रत्येक रविवार को सफाई अभियान चलाकर गंगा घाट पर साफ सफाई की जा रही है। नौवें रविवार को एमएलसी वंदना वर्मा द्वारा गंगा घाट पर स्वच्छता कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया, जिसके बाद उप जिलाधिकारी जानसठ जयेंद्र सिंह, तहसीलदार सतीशचंद्र बघेल, नायब तहसीलदार ब्रजेश सिंह, कानूनगो ललित मोहन शर्मा, शुकतीर्थ ग्राम प्रधान राजपाल सैनी, बाल कल्याण समिति के सदस्य राजीव कुमार आदि ने स्वच्छता अभियान चलाकर गंगा घाट पर साफ सफाई की। वहीं नगरी के साधु संतों व पंडित पुरोहितों का कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान गंगा घाट पर दिखाई नहीं दे रहा है। नौ रविवार को सफाई होने के बावजूद भी गंगा घाट पर गंदगी, सिल्ट, मिटी के ढेर व जलकुम्भी तैर रही हैं। चारों ओर गंदगी होने से गंगा घाट पर दुर्गन्ध फैल रही है। नगरी के साधु संतों व पंडित पुरोहितों ने डीएम से गंगा घाट पर सिल्ट, मिटी के ढेर व जलकुम्भी हटाने की मांग की है।



# 27 को स्वर्ण रथ पर नगर भ्रमण पर निकलेंगे बालाजी महाराज

**( भाग्य शर्मा )**

**शाहपुर।** नगर में करोडो रूपये की लागत से निर्मित सिद्धपीठ बालाजी धाम के वार्षिकोत्सव पर नगर में हर वर्ष निकलने वाली ऐतिहासिक एवं भव्य शोभायात्रा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपना विशेष स्थान रखती है। कस्बे व देहात क्षेत्र की सबसे बड़ी श्री बालाजी शोभायात्रा 12 घंटे तक चलती है। इस विशाल शोभायात्रा को देखने एवं शामिल होने के लिए अपने परिवार सहित व मित्रो को लेकर अन्य कस्बों व जनपदो से भी बालाजी के भक्त नगर में अपने मित्रों शुभचिंतकों व रिश्तेदारों के यहां आकर रुकते है। बालाजी शोभायात्रा के दिन नगर बालाजी मय हो जाता है। इस दिन रूद्र अवतारी श्री बालाजी महाराज, स्वर्णजडित रथ पर होकर सवार नगर भ्रमण पर रहेंगे। सभी नगरवासी भक्त जनों को अपना आशीर्वाद देंगे। इस दिन का सभी नगरवासी इंतजार करते हैं बाबा की शोभायात्रा का सैकडो स्थानो पर नगर में जबरदस्त स्वागत होता है। हजारों भंडारे लगते हैं, 12 घंटे चलने वाली शोभायात्रा में लाखों भक्तों का महाकुंभ उपस्थित रहता है। जहां-जहां यात्रा जाती है सभी अपने निवास व प्रतिष्ठान पर बाबा का आशीर्वाद लेकर खुशी से नृत्य करते हुए शोभायात्रा में पूरे परिवार सहित शामिल होते हैं। इस अवसर पर कस्बे के युवाओं में बाबा की भक्ति का अलग ही रंग होता है। बाबा के रथ को युवा पैदल ही खींचते हुए लेकर चलते हैं, इससे पहले युवाओं की टोलियां रथ के आगे जबरदस्त सफाई पानी का छिड़काव करती हुई चलती है, पूरे नगर को अद्भुत लाइटों से सजाया गया है जगह जगह तोरण द्वार व झंडे लगाए जाते हैं, सभी डीजे, हलवाई बुक कर दिए गए है। श्री बालाजी धाम मंदिर सेवा समिति की कमेटी की बहुत सुंदर व्यवस्था के साथ सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन की व्यवस्था भी प्रशंसनीय रहती है।



## फाइटर टीम के तूफान में उड़ी आरसीबी टीम

**बुढ़ाना।** कस्बे के कांधला रोड पर स्थित एमआई एकेडमी ग्राउंड पर चल रहे एक माह लंबे क्रिकेट टूर्नामेंट में आज रविवार के दिन क्रिकेट प्रेमियों को एक और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। इस दिन खेले गए हाई वोल्टेज मैच में फाइटर क्लब और आरसीबी टीम आमने सामने थी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए फाइटर टीम ने कप्तान टीटू वाल्मीकि की अगुवाई में शानदार शुरुआत की और निर्धारित 20 ओवर में 224 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। हालांकि पारी की शुरुआत में ही ओपनर विपिन चौहान पहली ही गेंद पर कैच आउट हो गए और थोडी देर बाद जितेंद्र कुमार भी चलते बने लेकिन इसके बाद मैदान पर आए शाहरुल चौहान ने जो तूफानी अंदाज दिखाया उसने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। शाहरुल ने मात्र 56 गेंदों में 112 रन की धुआंधार शतकीय पारी खेली जिसमें एक के बाद एक कई शानदार चौके और छक्के शामिल थे। उनकी इस बल्लेबाज़ी ने फाइटर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी टीम शुरुआत से ही दबाव में दिखी और फाइटर के गेंदबाज़ों के सामने टिक नहीं सकी। एक के बाद एक विकेट गिरते गए और पूरी टीम 140 रन पर ही ढेर हो गई। फाइटर की घातक गेंदबाज़ी और मजबूत फील्डिंग के आगे आरसीबी की एक न चली। इस शानदार जीत के साथ फाइटर क्लब ने 84 रन से मुकाबला अपने नाम कर लिया। शानदार बल्लेबाज़ी और एक महत्वपूर्ण विकेट के लिए शाहरुल चौहान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। साथी खिलाड़ी सचिन चौहान ने उन्हें मैदान में ही 1100 रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मैच के बाद दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिला। टूर्नामेंट में हर दिन भीड़ बढ़ती जा रही है और खिलाड़ियों को दर्शकों का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। टूर्नामेंट का आयोजन फेंड्स कैफे मुज़"फरनगर रोड बुढ़ाना द्वारा किया जा रहा है जिसमें क्षेत्र की कई प्रमुख टीमें हिस्सा ले रही हैं। सोमवार को टूर्नामेंट में एक और बड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।ঁ जब एमआई एकेडमी और किंग्स 11 की टीमें आमने-सामने होंगी। रोमांचक मुकाबले के लिए क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्सुकता है।

## हरी सब्जियों के बढ़े दाम छू रहे आसमान...

# महंगी हुई सब्जियों ने बिगाड़ा किचन का बजट

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** कस्बे में आज की डेट में सब्जियों के बढ़े दामों ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़कर रख दिया है। हरी सब्जियों के साथ ही परवल, लहुसन, फांसबीन, मशरुम, सेम, नींबू और अदरक के दाम आसमान छू रहे हैं। रविवार को सब्जी मंडी में 10 मूली की एक गढी 70 रुपयों से भी ज्यादा में बिकी। परवल 160 रुपये प्रति किलो बिका। मिर्च भी इधर कुछ तीखा हुआ है जो हरी मिर्च एक सप्ताह पहले 35 से 40 रुपये किलो बिक रहा था रविवार को उसका भाव 50 से 60 रुपये किलो पहुंच गया है। सब्जियों का दाम बढ़ने से थाली से स्वाद ही गायब हो गया है। सब्जियों के बढ़ते भाव ने आमजन को परेशान करना शुरू कर दिया है। लोगों का कहना है कि जिस प्रकार से रोजमर्रा की चीजें आए दिन महंगी होती जा रही है उससे घर का खर्च चलाना काफी मुश्किल होता जा रहा है। सब्जी कारोबारियों का कहना है कि पिछले दिनो बारिश होने के बाद अब सब्जियों के भाव में और तेजी है। पिछले एक सप्ताह में कई सब्जियों के दामों में तेजी से उछाल आया है। पहले से महंगाई की मार झेल रहे लोगों को सब्जी खरीदने के लिए अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही हैं। गृहणियों का कहना है कि पेट्रोल, डीजल, सीएनजी व गैस सिलैंडर के दाम बढ़ने से रोजमर्रा के उपयोग में आने वाले सामान के दाम पहले ही बढ़े हुए हैं। सब्जी व्यवसायी मौहम्मद आरिफ मंसूरी और वसीम कुरैशी आदि दुकानदार बताते हैं कि अब सब्जियों के दाम भी उछाल पर हैं। जिससे आम लोगों का बजट गड़बड़ा गया है। गर्मी के चलते भी बाजार में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। अधिकांश लोग सब्जी खरीदने के लिए मंडी में पहुंच रहे हैं। मंडी में कुछ हद तक लोगों को सब्जियां सस्ती मिल जाती हैं।



## पत्ता गोभी-शिमला मिर्च सस्ती.......

**बुढ़ाना।** वैसे अगर देखा जाए तो कस्बे और क्षेत्रा के लगभग सभी रेस्टोरेंटों में पिज्जा, बर्गर और चाउमीन की बढ़ रही मांग से पत्ता गोभी और शिमला मिर्च अभी भी सस्ती है। जिसमें पत्ता गोभी 20 रुपये किलोग्राम और शिमला मिर्च 40 रुपये किलोग्राम बिक रही है।

## आज रिटेल के भाव इस प्रकार रहे....

**बुढाना।** लौकी 35 रुपये किलो ग्राम, भिंडी 60 रुपये किलो ग्राम, आलू 16 रुपये किलो ग्राम, प्याज 25 रुपये किलो ग्राम, लहसुन 100 रुपये किलो ग्राम, परवल 160 रुपये किलो ग्राम, टमाटर 20 रुपये किलोग्राम, हरी मिर्च 60 रुपये किलो ग्राम, बैगन 40 रुपये किलो ग्राम, करेला 60 रुपये किलो ग्राम, खीरा 20 रुपये किलो ग्राम, पालक 20 रुपये किलो ग्राम, अदरक 120 रुपये किलो ग्राम, धनिया 40 रुपये किलो ग्राम, मूली 20 रुपये किलो ग्राम, अरवी 60 रुपये किलो ग्राम, फांसबीन 120 रुपये किलो ग्राम, गाजर 40 रुपये किलो ग्राम, चकुंदर 40 रुपये किलो ग्राम, मशरुम 300 रुपये किलो ग्राम, मटर 60 रुपये किलो ग्राम, सेम 120 रुपये किलो ग्राम, कच्चा केला 40 रुपये किलो ग्राम, पेठा 20 रुपये किलो ग्राम, फूल गोभी 30 रुपये किलो ग्राम, बंद गोभी 20 रुपये किलो ग्राम, नींबू 200 रुपये किलो ग्राम, पुदीना 20 रुपये किलो ग्राम, तोरी 60 रुपये किलो ग्राम, कटहल 60 रुपये किलो ग्राम, शिमला मिर्च 40 रुपये किलो ग्राम, खीरा 15 रुपये किलो ग्राम, प्याज 25 रुपये किलो ग्राम और आलू 16 रुपये किलो ग्राम।

# ग्राम प्रधान पर किसान से मारपीट का दर्ज हुआ मुकदमा

**जमीन व फसल पर कब्जा करने का मुकदमा दर्ज**

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के गांव दुधली में। ग्राम प्रधान और उसके पिता व अन्य लोगों पर एक किसान के साथ बेरहमी से मारपीट करने और उसकी जमीन व फसल पर जबरन कब्जा करने का गंभीर आरोप लगा है। इस घटना का लाइव वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपितों सहित अन्य के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़ित किसान ने आरोप लगाया कि दूधली के ग्राम प्रधान शोभित और उसके पिता ब्रजपाल ने जबरदस्ती उसके खेत में घुसकर उसकी फसल को नष्ट किया और जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की।जब किसान ने इसका विरोध किया, तो आरोपितों ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। सामने आए वीडियो में शोभित को किसान पर एक के बाद एक कई थप्पड़ मारते हुए देखा जा सकता है।पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपितों ने उसे पानी में मुंह डुबाकर मारने की कोशिश की, जिससे उसकी जान को खतरा पैदा हो गया।ये घटना करीब 15 दिन पुरानी बताई जा रही है, लेकिन पीड़ित की शिकायत और वीडियो सामने आने के बाद अब पुलिस ने कार्रवाई की है। चरथावल थाना पुलिस ने ग्राम प्रधान शोभित, उसके पिता ब्रजपाल और अन्य सहयोगियों के खिलाफ मारपीट, जबरन कब्जा और जान से मारने की धमकी जैसे संगीन आरोपों के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा।

इस घटना ने गांव दुधली में तनाव का माहौल पैदा कर दिया है। स्थानीय लोग ग्राम प्रधान की इस गुंडई से आक्रोशित हैं और मांग कर रहे हैं कि आरोपितों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। वीडियो के सोशल मीडिया पर सार्वजनिक होने के बाद ये मामला पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया है।

प्रधान की पूर्व मे भी अनेको मामलो मे दबँगता सामने आ चुकी हे वही प्रधान द्वारा दबँगता का यह पहला मामला नही हे और भाजपा सरकार मे भी क़ानून को हाथ मे लेने की हिम्मत प्रधान मे कहा से आती हे क्षेत्र मे यह चर्चा पुरे जोरोशोरो से फेल रही हे वही क्षेत्रवासियो ने भी अनेको बार प्रधान की दबँगता से निजात दिलाने की मांग की जा चुकी हे।

## सट्टा बंद होने से महिलाएं खुश

**बुढाना।** काफी समय बाद ऐसा दौर आया है कि बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में सटे का कारोबार बंद हुआ है। अब काफी घरों की महिलाएं कस्बे में सटा बंद होने से इतनी खुश हैं कि पूछो मत।ये सच है कि अब जालिम पति बिल्कुल भी झगड़ा नहीं कर रहे हैं। बुढ़ाना कस्बे के चंधेडी रोड की महिला शबाना, शबनम और रेखा के अलावा कांशीराम आवास निवासीगण महिलाएं शांति और संजीदा के अलावा गांव चंधेडी निवासी बानो आदि महिलाएं हैं जिन्होंने योगी के साथ साथ सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह के साथ साथ कोतवाल बुढ़ाना आनंद देव मिश्र, क्राइम इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह, एसएसआई ललित शर्मा और बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार का आभार जताया है कि उन्होंने हकीकत में कस्बा बुढ़ाना और क्षेत्र से सटे की खाईबाडी पूर्ण रूप से बंद करा दी है।

# हिन्दू महासभा करेगी भगवा रैली का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारत हिंदू महासभा की एक बैठक का आयोजन हिंदू महासभा के राष्ट्रीय संपर्क भवन पर किया गया जिसके अध्यक्षता राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र वर्मा ने की एवं संचालन जिला अध्यक्ष संदीप मित्तल ने किया बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र वर्मा ने बताया कि अखिल भारत हिंदू महासभा एवं अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा द्वारा विशाल भगवा रैली का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल जम्मू कश्मीर से रोमांस चंद्र शर्मा उत्तराखंड से सनी मित्तल उत्तर प्रदेश अयोध्या से राजेश कौशल सुल्तानपुर से पंकज श्रीवास्तव राजस्थान बिहार दिल्ली हरियाणा हिमाचल प्रदेश पंजाब के प्रतिनिधि भाग लेंगे इसके अलावा भगवा रैली में शामिल होने के लिए महाराष्ट्र से जगतगुरु स्वामी माधवानंद जी सरस्वती महाराज महामंडलेश्वर गोपाल दास जी महाराज आचार्य मदन जी महाराज स्वामी हर मनोज दास गुरु जी के अलावा 11 महामंडलेश्वर भी उपस्थित होंगे



# धूमधाम से मनाया जाएगा मां बगलामुखी पीतांबरा जयंती महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** धर्मनगरी शुकतीर्थ स्थित पांडवकालीन माता पार्वती मंदिर में मां बगलामुखी पीतांबरा जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें श्रीमद भागवत कथा के अलावा श्री रामलीला का मंचन भी किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी जोरों से चल रही है।

कार्यक्रम संयोजक ज्योतिषविद डॉ. अयोध्या प्रसाद मिश्र महाराज ने बताया कि धाम में 28 अप्रैल से 5 मई तक मां बगलामुखी पीतांबरा जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें 28 अप्रैल को कलश स्थापना समारोह के बाद शोभायात्र निकाली जाएगी। बनारस तीर्थ के स्वामी ज्ञानेश्वरानन्द महाराज के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ होगा।

चित्रकूट बांदा की कथाव्यास कुमारी भक्ति के द्वारा दोपहर दो बजे से शाम छह बजे तक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान की अमृत वर्षा की जाएगी। महोत्सव में 28 अप्रैल से 4 मई तक रात्रि में कलाकारों के द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। 5 मई को मां बगलामुखी की 81 फुट ऊँची प्रतिमा का चरणाभिषेक होगा, जिसके बाद संतों के प्रवचन होंगे। जिसके बाद महाप्रसाद भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी जोरों से चल रही है।



**मोरना : शुकतीर्थ पांडव कालीन माता पार्वती मंदिर में मां बगलामुखी पीतांबरा की प्रतिमा**

# पोषण पखवाड़ा के तहत सेमिनार आयोजित

**मुजफ्फरनगर।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर इसमपाल के निर्देशन में डॉक्टर रिम्पल चौधरी चिकित्सा अधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पटेल नगर एवं डॉ वरुण चौधरी चिकित्सा अधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय लच्छेडा /खादर वाला द्वारा भगवती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई मंडी मुजफ्फरनगर में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत एक सेमिनार आयोजन किया गया । जिसमें उपस्थित बालिकाओं व शिक्षिकाओं संतुलित आहार विहार, नियमित दिनचर्या बारे में तथा भोजन के विभिन्न घटकों जैसे प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट ,वसा, विटामिन्स व मिनरल्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा कुपोषण से होने वाली बीमारियों के लक्षण व बचाव के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। योग प्रशिक्षिका पूनम वर्मा ने बच्चों को विभिन्न प्रकार की योग मुद्राएं और उनकी उपयोगिताओं के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्या सीमा गोयल एवं समस्त स्टाफ ने सराहनीय योगदान दिया। शिविर में कुल लाभार्थी बालिकाओं की संख्या 1100 रही।



# फ्लड लाइट्स की रोशनी में आरसीबी ने एमआई को 14 रनों से हराया

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली में पहली बार अहलावत क्रिकेट ग्राउंड भैंसी में आयोजित हुए फ्लड लाइट महिला टी20 क्रिकेट मुकाबले में रोमांच अपने चरम पर था। इस ऐतिहासिक मैच का आयोजन एमआई और आरसीबी के बीच हुआ, जिसमें दर्शकों की भारी भीड़ ने मैदान में रौनक भर दी। उद्घाटन समारोह में विशेष अतिथियों की मौजूदगी और रंगारंग कार्यक्रमों ने माहौल को और भी खास बना दिया। मुख्य अतिथि जगमोहन जी एमडी राधा गोविंद गुरु ऑफ फाउंडेशन जिला महासचिव लघु उद्योग भारती तथा देवराज सिंह जिला संयोजक लघु उद्योग भारती, रंजन अहलावत एम डी मॉडर्न पब्लिक स्कूल, आकाश जैन, कार्तिक अग्रवाल, राकेश ठाकुर जी एडवोकेट, जगमोहन ने फीता काट कर फ्लड लाइट का उद्घाटन किया। मैच की शुरुआत एमआई की बल्लेबाज़ी से हुई, लेकिन आरसीबी की शानदार गेंदबाज़ी के आगे उनकी टीम 19.2 ओवर में केवल 93 रन पर ढेर हो गई। चहाया कराना, रुब्रा और उन्नति सिंह की घातक गेंदबाज़ी ने एमआई को संभलने का मौका नहीं दिया। चहाया कराना ने 3.2 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट झटके जबकि रुब्रा ने 4 ओवर में सिर्फ 11 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। जवाब में आरसीबी की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 107 रन बनाते हुए मैच को 14 रनों से अपने नाम किया। उन्नति सिंह ने 21 रनों की नाबाद पारी खेलते हुए टीम को जीत की ओर पहुंचाया। वहीं रीतिका कश्यप ने गेंदबाज़ी में 4 ओवर में 16 रन देकर 2 विकेट झटके, लेकिन यह एमआई की जीत के लिए काफी नहीं था। मैच के बाद विजेता खिलाड़ियों को स्वप्निल बंसल ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया मैन ऑफ़ द मैच उन्नति सिंह और बेस्ट बॉलर रीता सिंह को दिया गया। इस मुकाबले ने यह साबित कर दिया कि स्थानीय स्तर पर भी जब क्रिकेट को उचित मंच मिले, तो खिलाड़ी चमकने में देर नहीं लगाते। फ्लड लाइट्स की चमक में खेले गए इस पहले मुकाबले ने खेल प्रेमियों के दिलों में एक नई रोशनी जगा दी है। बाद में संयोजक सौवीर अहलावत ने अतिथियों का धन्यवाद किया और अमित अहलावत, मोनू अहलावत, अजीत अहलावत, विवेक सरोहा, विकेश स्पोर्ट्स, आदि सभी उपस्थित रहे।



# रिक्शा चालक की हत्या में दामाद गिरफ्तार , ससुर की तलाश

**मुजफ्फरनगर।** ई-रिक्शा चालक की हत्या की योजना दामाद ससुर ने बनाई और 750 रुपये में शुभपाल से ई रिक्शा बिहारगढ़ गांव में एक मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के बहाने से बुक करा कर ले गए थे। शराब पिलाकर खेत में हत्या कर शव छिपाया। पुलिस ने दामाद को जेल भेज दिया है और ससुर की तलाश में एक टीम दबिश दे रही है। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के कमल नगर निवासी 25 वर्षीय शुभम पाल ई-रिक्शा चलाता है।15 अप्रैल को दो लोग उस घर से भोपा थाना क्षेत्र के बिहारीगढ़ गांव स्थित मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के लिए ले गए थे। तभी से शुभम लापता था। शनिवार को पुलिस ने ककराला गांव के जंगल से शव को बरामद कर एक आरोपित सचिन निवासी अमित विहार, कूकडा देर शाम गिरफ्तार कर किया था। उससे पूछताछ के बाद नई मंडी कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया, सचिन के ससुर प्रवीन ने योजना बनाई थी कि किसी व्यक्ति की किराये पर ई-रिक्शा तय करते है और कही दूर ले जाकर उससे ई-रिक्शा छीनकर उसकी हत्या करके कहीं जंगल में छिपा देंगे। योजना के अनुसार शुभमपाल की रिक्शा 750 रुपये में बिहारगढ गांव में एक मंदिर में प्रशाद चढाने के लिए तय की थी। मोरना पहुंचने पर आरोपितों ने शराब खरीदी कर शुभमपाल के साथ पी। नशा होने पर शुभपाल को आरोपितों ने पीछे बैठ दिया था और ई-रिक्शा को प्रवीन चला रहा था। मोरना रजवाहे के किनारे ईख के खेत के पास आरोपितों ने ई-रिक्शा रोकी और शराब पिलाने के बहाने शुभमपाल को खेत में ले गए और दोनों ने मिलकर शुभमपाल की हत्या करने के बाद शव को वहीं पर ग्ड्ढा खोदकर दबा दिया। प्रवीन ई-रिक्शा लेकर चला गया था। छाना प्रभारी ने बताया, सचिन की निशादेही पर शुभमपाल का शव ईख के खेत से बरामद किया था। पोस्टमार्टम स्वजन ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। सचिन को पुलिस ने जेल भेज दिया, जबकि ससुर प्रवीन की तलाश में पुलिस की एक टीम दबिश दे रही है।

**सम्बंध विच्छेद**

मैं अकबर पुत्र कालू धोबी, एचएन 166, गांव हबीबपुर सीकरी, पोस्ट लुहसाना, फुगाना थाना, तहसील बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र आदिल व उसकी पत्नि फरजाना अपने 2 छोटे बच्चों के साथ पंजाब प्रांत के जिला लुधियाना रहती है। जब भी दोनों पति पत्नी मेरे घर आते हैं तो मेरे साथ गलत व्यवहार करते हैं। गलत संगत में बैठते हैं। में दोनों के व्यवहार से बहुत तंग हूं। इसलिए में दोनों से दुखी होकर दोनों को अपनी सारी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में किसी भी गलत कृत्य के वे दोनों खुद जिम्मेदार होंगे। मेरी कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

मेरा पुत्र रिजवान 5-6 वर्ष से गलत संगत मे है तथा रिजवान का उठना-बैठना गलत संगत में है। परिवार के लोग जब रिजवान को समझाते है तो वह झगडे पर उतारू हो जाता है परिवार के साथ गाली-गलौच करता है। रिजवान से मुझे,पत्नी जुबैदा व परिवार व अन्य लोगों को खतरा बना रहता है। इसलिए मै आज से अपने पुत्र रिजवान से सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। आज के बाद रिजवान से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का किसी प्रकार का कोई वास्ता मतलब नही रहा है और न ही भविष्य में रहेगा। मै अपने पुत्र रिजवान को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ और उससे सम्बन्ध भी विच्छेद करता हूँ।

**अली हसन पुत्र अहमद हसन**
**निवासी ग्राम अलीपुर तिस्सा**
**थाना भोपा**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

# 25 साल से नहीं जली एक भी लाईट, जनता हर रोज़ जाम झेलती

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली के जानसठ तिराहे पर ट्रैफिक लाइट शोपीस बन कर रह गई है , ये लाइटें एक भी बार 25 साल से नहीं टिमटिमाई। करोड़ों के घोटाले के बावजूद जाम की समस्या जस की तस बनी हुई और जनता सालों से परेशान होती आ रही है।

नगर के सबसे व्यस्त और संवेदनशील चौराहों में गिने जाने वाले जानसठ तिराहे पर लगाई गई ट्रैफिक लाइट पिछले 25 वर्षों से सिर्फ शोपीस बनकर खड़ी है। वर्ष 2000 के आस-पास, तत्कालीन पालिका अध्यक्ष हाजी शाहनवाज लालू के कार्यकाल में इस ट्रैफिक लाइट को नगर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से लगाया गया था, लेकिन वह दिन आज तक नहीं आया जब यह लाइट जली हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस ट्रैफिक लाइट की स्थापना में उस समय करोड़ों रुपये का घोटाला हुआ था, जिसकी कोई जांच न हुई और न ही आज तक किसी पर कार्रवाई हुई। आज भी यह लाइट खंभों पर जंग खा रही है, लेकिन नगर पालिका और प्रशासन दोनों ही इस ओर से आंखें मूंदे हुए हैं। वही स्थानीय नागरिक 25 साल से ग्रीन, लाल,लाइटष्जलने का इंतजार कर रहे है। स्थानीय निवासी गौरी शंकर गौरी, अजय जनमेजय, देवेश शर्मा, अभिषेख गोयल, राजवीर सिंह एडवोकेट, सचिन आर्य, आदि कहते हैं, हमारे बच्चे बड़े हो गए, लेकिन ट्रैफिक लाइट आज तक एक बार भी नहीं जली। अगर ये लाइट ठीक से काम करती तो शायद ये जाम की नौबत ही न आती। जनता ने माँग करते हुय घोटाले की जांच और नई लाइट की व्यवस्था करने की मांग करते हुए कहा कि पुराने ट्रैफिक लाइट घोटाले की निष्पक्ष जांच हो और जानसठ तिराहे पर एक नई, आधुनिक ट्रैफिक लाइट प्रणाली लगाई जाए, जिससे जाम की समस्या से मुक्ति मिल सके। नगरवासियों का कहना है कि अगर जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो वे नगर पालिका और प्रशासन के खिलाफ जन आंदोलन छेड़ने को मजबूर होंगे।

## चार बच्चों की मां प्रेमी संग फरार

**मुजफ्फरनगर।** चार बच्चों की मां प्रेमी संग फरार हो गयी। पति ने बच्चों को साथ लेकर पुलिस कार्यालय पहुंचकर पत्नी को तलाशने की गुहार लगाई है।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ल में किराए पर रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर बताया कि वह अपने पत्नी व बच्चों के साथ किराए के मकान में रहता था। मकान मालिक का साला उसकी पत्नी पर बुरी नजर रखता था। इस बात की शिकायत उसने मकान मालिक से की थी, लेकिन मकान मालिक ने उसे उल्टा धमका दिया। उसके बाद उसने वहां से मकान छोडकर दूसरे स्थान पर किराया का कमरा ले लिया। आरोप है कि वह काम पर चला गया। उसके पीछे मकान मालिक का साला घर पर आया और उसकी पत्नी को अपने संग लेकर चला गया। अब उसके सामने बच्चों के पालन पोषण की दिक्कत आ रही है। नईमंडी पुलिस ने महिला की तलाश शुरु कर दी है।

# गंगा घाट पर महाआरती कर की गई प्रार्थना

**मोरना।** शुकतीर्थ में गंगा घाट पर रेशू परिवार की ओर से महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें संत गीतानंद तीर्थ, गीतानंद गिरी, आनंद स्वरूपा, विज्ञानंद व कथावाचक आनंद वल्लभ पाण्डेय, महेशानंद गिरी की उपस्थिति में गंगा की निर्मल धारा, शुकतीर्थ के चहुँमुखी विकास व भागवत कथा के निरंतर प्रवाह की प्रार्थनाये की गई।

बड़ी संख्या में नोएडा, गाजियाबाद, पिलखुवा, उत्तराखण्ड, हरियाणा, पंजाब आदि स्थानों से पधारे भक्तो ने 51 - 51 बत्तियो की पांच आरतियो से मां गंगा की महाआरती की। 11 प्रकाण्ड पंडितो द्वारा मंत्रोच्चारण के उद्घोष की साथ महापू. जन हुआ। इस अवसर पर शाम की आरती का दृश्य ऐसा लग रहा था जैसे शुकदेव जी स्वामी कल्याण देव की साथ स्वयं उपस्थित हो। महाआरती का आयोजन शुकतीर्थ विकास परिषद् द्वारा किये जा रहे सरकारी कार्यो की उच्च गुणवत्ता के लिए भी किया गया। गंगा घाट को कारपेट, कली, पुष्प मालाओ से सजाया गया। गंगा मंदिर को बहुत सुन्दर स्वरूप देते हुए उच्च ध्वनि में मां गंगा का गुणगान हुआ।

हनुमत धाम के महामंडलेश्वर केशवानंद सरस्वती ने सभी को अपना आशीर्वाद दिया शिव धाम के आचार्य ध्रुव 21 आचार्यो के साथ एक ड्रेस में उपस्थित हुए। मनोकामना भवन से गंगा घाट तक बैंड बाजों के साथ सभी संतो को ले जाया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल ने संतों व सत्यप्रकाश रेशू के प्रस्तावों पर अपनी मोहर लगाई।गोडिया मठ के संत मुकुंद दास अपने गुरु की साथ गंगा आरती के महत्व को सभी भक्तों को समझने में सफल रहे। सभी का फटका पहनाकर सम्मान हुआ, संतो को शोल व पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया गया। गंगा घाट पर बड़ी संख्या में उपस्थित संतो



के बीच सत्यप्रकाश रेशू ने शुकतीर्थ के विकास हेतु आवाहन किया। ताकि विश्व में पहली बार वट् वृक्ष के नीचे गंगा तट पर शुकदेव जी द्वारा राजा परीक्षित को सुनाई गई भागवत कथा सभी के जीवन में उच्च योगदान दे सके। सभी भक्तगण गंगा एवं भागवत के सिद्धान्तो को अपनाते हुए भारत को विश्व महाशक्ति बनने में योगदान दे सके। महाआरती में सभी को संतो का आर्शीवाद मिला, पुष्प वर्षा हुई, प्रसाद वितरण हुआ। जिसमें साधना गर्ग, शैला रेशू , मोहित गर्ग, प्रियंका अग्रवाल, निशांक गुप्ता, देवेन्द्र आर्य, पप्पू, डॉ0 महकार सिंह महामंत्री, सुरेन्द्र सिंह, जय गोपाल, प्रमोद मिश्रा, देवेन्द्र शर्मा, गौरेश शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

## 171 घरों में मिला डेंगू का लार्वा

**मुजफ्फरनगर** मौसम परिवर्तन के बाद अब डेंगू और मलेरिया के मामले भी तेजी से बढ़ रह हैं। स्वास्थ्य विभाग मुजफ्फरनगर में अभी एक भी डेंगू-मरीज सामने नहीं आने का दावा कर रहा है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की जांच में 171 घरों में डेंगू का लार्वा मिला है, जिसे नष्ट कर लोगों को डेंगू से बचाव के प्रति जागरूक किया गया है। अभी तक स्वास्थ्य विभाग की टीम 13 हजार से अधिक घरों में लार्वा की जांच कर चुकी है। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में डेंगू के मरीज सामने आने लगे हैं। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग ने भी संचारी रोग अभियान के साथ मरीजों की पहचान के साथ डेंगू को पनपने से रोकने के लिए घरों में जमा पानी की जांच कर लार्वा मिलने पर नष्ट कराना शुरू कर दिया है। जिला मलेरिया अधिकारी अलका सिंह ने बताया कि दस्तक अभियान जिले में चल रहा है, जिसमें 2184 आशाएं और आंगनबाड़ी कार्यकत्रिया काम कर रही है। सभी घर-घर पहुंच रही है। अभी तक टीम ने डेंगू लार्वा नष्ट करने के लिए 13639 घरों में जांच की है, जहां उन्हें पानी भरा हुआ मिला है। इस दौरान 171 घरों में लाप. रवाही भी सामने आई है। इन घरों में डेंगू का लार्वा मिला है, जिस स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नष्ट कराया है। इसके साथ ही लोगों को डेंगू और मलेरिया को फैलने से रोनके के लिए जागरूक किया गया। लोगों को बताया गया कि अपने घर व आसपास पानी का जमाव नहीं होने दे। इसमें डेंगू का लार्वा पैदा होता है, जिससे मच्छरों की प्रजन्न बढ़ने के बाद डेंगू और मलेरिया की बीमारी फैलती है।

# स्थानांतरण होने पर थाना प्रांगण में आयोजित हुआ विदाई समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** थाने पर तैनात कांस्टेबल चालक मनोज कौशिक का स्थानांतरण थाना भोपा पर होने पर थाना प्रांगण में विदाई समारोह आयोजित हुआ ।विदाई समारोह में चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह सहित थाने के समस्त स्टाफ़, गणमान्य लोगों,समाजसेवियों व अन्य लोगों ने उन्हें फूल माला पहनाकर भावभीनी विदाई दी।

चरथावल थाने पर करीब 3 वर्ष से अधिक तैनात रहे कांस्टेबल चालक मनोज कौशिक का एसएसपी मुजफ्फरनगर के द्वारा थाना भोपा स्थानांतरण कर दिया गया। कांस्टेबल चालक मनोज कौशिक का स्थानांतरण हो जाने पर रविवार को थाना प्रांगण में उनका विदाई समारोह आयोजित विदाई समारोह में चरथावल प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह,एसएसआई रामकुमार सिंह,बिरालसी चौकी प्रभारी जोगिंदर



सिंह ढिल्लों, दधेड़ू प्रभारी संजय तोमर,एसआई हवन सिंह, अंसार उल हक हाशमी, राजेश सिंह,कांस्टेबल,रोो. हत,सौरभ, मनोज शर्मा,कैप्टन, सौरभ आदि गणमान्य लोगों ने हफूल वाला पहनाकर विदाई दी।वही थाना रामराज से स्थानांतरण होकर थाने आए कांस्टेबल चालक राजेंद्र बंसल का चरथावल प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह एवं स्टाफ ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

## बड़े किसान छोटे किसानों को कर रहे परेशान

**बुढ़ाना।** तहसील क्षेत्रा के गांव पुरबालियान में पिछले कई सालों से चकबंदी चल रही है। जिसमें कुछ किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आये दिन पीड़ित किसान अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं और अधिकारियों से इंसाफ की गुहार लगा रहे हैं लेकिन बावजूद उसके किसानों की समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है। जिसके चलते किसान लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। बीती शनिवार को जिला पंचायत सदस्य सलीम चौधरी के साथ काफी संख्या में किसान बुढ़ाना तहसील मे पहुंचे थे और जिलाधिकारी उमेश मिश्रा से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की थी। ग्रामीणों ने बताया था कि दबंग लोग जो लगातार गरीबों का शोषण कर रहे हैं। जिनमें बडे किसान छोटे किसानों को अपना निवाला बना रहे हैं। इससे पहले पुरबालियान के लोग अधिकारियों से कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन उसके बाद भी ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर काफी परेशान हैं और अधिका. रियों के चक्कर काट रहे हैं।

# कैंप में 95 महिला-पुरुषों ने किया रक्तदान

**बुढ़ाना।** कस्बे के सागर नर्सिंग होम में आज रविवार के दिन आयोजित रक्तदान शिविर में 95 महिला एवं पुरूषो ने बढ चढकर रक्तदान किया। सभी रक्तदान करने वालों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। अम्बा चौरिटेबिल ब्लड बैंक शामली द्वारा रविवार को कस्बे के सागर नर्सिंग होम बुढाना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। घ्इस शिविर में 95 महिला एवं पुरूषो ने रक्तदान किया। सागर नर्सिंग होम के मालिक सतेंद्र सैनी और पत्रकार नरेंद्र सैनी ने सभी रक्त दाताओं को उपहार देकर सम्मानित किया। घ्शिविर के आयोजकों ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करने से किसी के जीवन को बचाया जा सकता है। इस मौके पर यहां मुख्य रूप से डॉक्टर रिहान जैदी, डॉक्टर साहिल अब्बास अहमद, फारूक त्यागी और शुभम



कुमार सहित अन्य चिकित्सकों की भी उपस्थिति देखने को मिली।



खतौली : मोक्ष धाम में बनाया गया कृष्ण अर्जुन रथ।

# श्री मोक्ष धाम स्थल पर भव्य श्रीकृष्ण-अर्जुन रथ का लोकार्पण

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली ग्रामीण भूड़ जगत कॉलोनी स्थित श्री मोक्ष धाम स्थल में रविवार को एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महाभारत कालीन श्रीकृष्ण-अर्जुन रथ, गैलरी, स्टील गेट, दसवां हवन अनुष्ठान स्थल, चार चौकियाँ और शेड जैसे अनेक धार्मिक व सांस्कृतिक निर्माण कार्यो का उद्घाटन किया गया। इन कार्यो का श्रेय उन दानदाताओं को जाता है जिन्होंने इस पुण्य कार्य में बढ़-चढ़कर योगदान दिया। कार्यक्रम में दानदाताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया और निर्माण कार्यो का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद सोहनवीर सिंह ने मोक्षधाम सेवा समिति द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की और कहा कि ऐसे प्रयास समाज को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का कार्य करते है। इस धार्मिक कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केंद्र भव्य श्रीकृष्ण-अर्जुन रथ रहा जिसे देखकर नगरवासियों को महाभारत काल की स्मृतियाँ ताज़ा हो गई। रथ की अद्भुत कलाकृति और ऐतिहा. सिक प्रस्तुति सभी के लिए श्रद्धा और प्रेरणा स्रोत बनी।

श्री मोक्ष धाम सेवा समिति द्वारा आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता पूर्व सांसद सोहनवीर सिंह ने की तथा संचालन प्रधानाचार्य कांता स्वरूप सिंघल ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद सोहनवीर सिंह ने मोक्ष सेवा समिति द्वारा कराए गए सौंदर्यीकरण एवं विभिन्न कार्यो की भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मोक्ष धाम सेवा समिति पूरी निष्ठा एवं निस्वार्थ भाव से सेवा में लगी हुई है। कार्यक्रम में इसके पश्चात दानदाताओं द्वारा निर्माण कार्यो का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।कार्यक्रम में सत्येंद्र पाल आर्य, अशोक शर्मा, डॉ0 एन0 के0 त्यागी, व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश जैन ने मोक्षधाम सेवा समिति द्वारा कराए जा रहे कार्यो की प्रशंसा की। इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से स0 जितेंद्र सिंह एडवोकेट, प्रीति किन्नर, नरेंद्र गर्ग, वेद प्रकाश गोयल (कनखल वाले), पूनम गुप्ता (हरिद्वार), सत्येंद्र पाल आर्य, अशोक शर्मा, डॉ. एनके त्यागी, डॉक्टर कविता नगर, जिला पंचायत सदस्य तुषार चौहान, अरुण जैन औषधि वाले, वैभव जैन (जय हनुमान ग्रुप), प्रमोद शर्मा एडवोकेट, सुरेंद्र अहलावत, अंकुर सिंघल, विधायक प्रतिनिधि लवकुश त्यागी, उमेश कुमार (पूर्व सभासद), सुधीर गोयल, व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश जैन,मोक्ष धाम सेवा समिति के संरक्षक रूपचंद जांगिड़, अध्यक्ष वेद प्रकाश अग्रवाल, प्रबंधक मदन छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संजय जैन सर्राफ, वैभव जैन (पूर्व सभासद), कमल गर्ग, तरुण चौधरी, जयचंद जैन, बृजमोहन पांचाल, प्रमोद धीमान, अजय गुप्ता, नवीन गुप्ता, कपिल मोतला, विकास कौशिक सभासद, इरशाद गुर्जर, पुनीत अरा. ेरा, लेखराज सैनी, प्रणय शर्मा, प्रभात गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण ठकराल, सुरेंद्र जैन (कुमार टेंट), केपी शर्मा, देवेंद्र गुप्ता, विनय अहलावत, मुकुल जैन, चंद्रप्रकाश सैनी, अंशु अग्रवाल, रमेशचंद सैनी आदि उपस्थित थे।

# आईआईए की बैठक में संगठन के सुधार पर मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) चैप्टर की दो महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इसमें विशेष कार्यकारिणी बैठक में आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने चैप्टर के पदाधिकारीयों के साथ गहन संवाद किया। इस बैठक में संगठन के भीतर सुधार, कार्यसंस्कृति और भविष्य की दिशा पर चर्चा की गई। वहीं दूसरी बैठक में शहर के उद्यमी सम्मिलित हुए, जिन्होंने एमएसएमई के डिजीटलीकरण के नवाचारों सहित कई बिंदुओं पर विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज



सिंघल ने किया। वहीं, संजीव अरोरा तथा सहारनपुर डिवीजन के चेयरमैन राजेश सपरा भी मौजूद रहे। इस अवसर पर चेयरमैन पवन कुमार गोयल नें अतिथियों का स्वगत किया। उन्होंने कहा कि आईआईए चौप्टर की सक्रियता इस बात से स्पष्ट होती है कि विगत नो महीनों में साठ से अधिक बैठकें चौप्टर द्वारा आयोजित की जा चुकी हैं, जबकि पिछले वर्ष 85 बैठकें हुई थीं। चेयरमैन ने बताया की आईआईए द्वारा प्रदूषण नियंत्रण, विद्युत विभाग, श्रम विभाग, जिला पंचायत, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन और कराधान जैसे विषयों पर लगातार सकारात्मक संवाद सरकारी विभागों से किया। कार्यक्रम में युवा संयोजक अमन गुप्ता एवं सचिव अमित जैन ने संयुक्त रूप से आईआईए की नवीन नियम पुस्तिका के महत्वपूर्ण बिंदुओं को सदन मे रखा। डिवीजनल चेयरमैन राजेश सपरा ने एमएसएमई क्षेत्र के डिजिटलीकरण की दिशा में एमएसएमई ग्रीन कार्ड जैसे नवाचारों का उल्लेख किया और आईआईए की मासिक पत्रिका में प्रकाशित उद्योग रत्न पृष्ठ की जानकारी दी। इस दौरान संजीव अरोरा, अनुज स्वरूप बंसल, अमन गुप्ता, अनुज स्वरुप बंसल, राज शाह, को अप्प्रेसिएशन अवार्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसरपर राजेश गोयल, आरके सैनी, राकेश जैन, विनोद जलोत्रा, पंकज मोहन गर्ग, अनमोल गर्ग आदि मौजूद रहे।

# मौहम्मद इसरार गांव का करने लगे हैं विकास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र की गांव सफीपुर पटी में अब एक गणमान्य व्यक्ति के द्वारा रोजाना कुछ ना कुछ विकास का कार्य कराया जाने लगा है। यह व्यक्ति कोई और नहीं भारतीय किसान यूनियन के बुढ़ाना नगर अध्यक्ष मोहम्मद इसरार हैं।

जो जनता की मांग पर रोजाना सफीपुर पट्टी और गांव सफीपुर में कुछ ना कुछ विकास कार्य करने में लगे हुए हैं। इसको ग्राम प्रधान पद के चुनाव की तैयारी का रुप कहो या फिर जनता की मांग जिसको लेकर मौहम्मद इसरार गांव सफीपुर और उससे जुड़ी बुढ़ाना कस्बे के चारों तरफ की सफीपुर पटी में अपने पैसे खर्च करके विकास कार्य करवाए रहे हैं। मौहम्मद इसरार यहां से चुनाव तो नहीं लडना चाह रहे थे लेकिन यहां के हजारों वोटरों ने उनको सफीपुर क्षेत्र से चुनाव लडने को कहा तो वे भी जनता



के प्यार को देखकर मना नहीं कर सके और ईद के दिन चुनाव लडने की घोषणा कर दी। सबसे बड़ी बात ये है कि ये भाकियू से जुड़े हैं जो अपने पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के सहयोग से थाने तहसील का लोगों का काम बिना रिश्वत दिलाए चुटकियों में करवा देने का हुनर रखते हैं। आज उन्होंने मस्जिद में लाइटों को लगवाकर नमाजियों को राहत देने का जो काम किया है उसको लेकर सैंकड़ों नमाज़ी बहुत सी खुश हैं। उन्होंने मंदवाडा रोड पर स्थित एक मस्जिद की लाइट के लिए भी खंभा लगवाया है। कुल मिलाकर चुनाव लड रहे अन्य उम्मीदवारों में मौहम्मद इसरार की मौजूदगी को लेकर भगदड़ सी मची हुई है और वो प्रयास कर रहे हैं कि इसरार चुनाव ना लडें लेकिन जनता इन उम्मीदवारों को दरकिनार कर इसरार का पलड़ा भारी किए हुए हैं ये सभी को दिखाई दे रहा है।

# श्रीराम कॉलेज में सिखाए गए प्रौद्योगिकी मानव जीवन के गुर

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज की इकाई श्रीराम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में टैक्नोलॉजी इंटरफेस कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था में संचालित इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजी., इलेक्ट्रिकल इंजी., सिविल इंजी., कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 एवं मैकेनिकल इंजी. विभागों द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें छात्रें को बताया गया कि पाठड्क्रम में निहित तकनीकी पक्षों को व्यवहारिक रूप में कैसे प्रयोग किया जाये तथा यह भी बताया गया कि विभिन्न उपयोगों में किस प्रकार प्रौद्योगिकी मानव जीवन के विभिन्न पक्षों को प्रभावित कर सकती है।

संस्था द्वारा अब प्रत्येक शनिवार को मध्यीा अवकाश के बाद नये विषयों व प्रौद्योगिकी से छात्र/छात्रओं को परिचित कराने की योजना तैयार की गई है ताकि श्री राम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के छात्र/छात्रएं सैद्धान्तिक ज्ञान के साथ उत्कर्ष व्यवहारिक प्रौद्योगिकी के प्रयोग में भी सिद्धहस्त हो सकें। इलैक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजी. के छात्र/छात्रओं द्वारा आईडिया पिचिंग सैशन में विद्यार्थियों द्वारा एक चयनित बिजनेस आइडिया पर प्रस्तुति दी, एक्सप्रैसिंग इनोवेशन व जंकयार्ड प्रतियोगिता 'डेवलपिंग प्रोटोटाइप्स' तथा मॉडल फॉर स्क्रैप प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया, इलैक्ट्रिकल इंजी0 के विद्यार्थियों ने सोलर एनर्जी पर व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया।

सिविल इंजी0 के विद्यार्थियों ने डॉकिंग टैक्नीक व गैस्ट लैक्चर एवं मैकेनिकल इंजी0 के छात्र/छात्रओं ने मोटर टूल्स एण्ड इंस्ट्रूमेंट का मॉडल इण्डस्ट्री में उपयोग विषय पर जानक. ारी प्राप्त की। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो0 एसएन चौहान ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला से छात्रें को भविष्य में आगे बढ़ने के लिये आवश्यक हैं तथा इनका आयोजन संस्थान में प्रत्येक शनिवार को किया जायेगा।

डीन एकेडेमिक्स, डॉ0 सुचित्र त्यागी द्वारा भविष्य में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक छात्रें की प्रतिभागिता सुनिश्चित कराने के लिये प्रोत्साहित किया गया। इलैक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजी0 विभाग की विभागाध्यक्ष इं0 कनुप्रिया, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 आशीष चौहान, इलेक्ट्रिकल इंजी0 के विभागाध्यक्ष डॉ0 अंकुर कुमार, सिविल इंजी0 के विभागाध्यक्ष श्री फिरोज अली एवं मैकेनिकल इंजी0 विभाग के विभागाध्यक्ष श्री पवन कुमार एवं प्रवक्ताओं द्वारा विद्यार्थियों के सफल भविष्य की कामना की गई।




मुजफ्फरनगर : श्रीराम कॉलेज में पुरस्कृत विद्यार्थी।

## 55 लोगों ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

**बुढ़ाना।** कस्बे के पुलपार स्थित नवजीवन हास्पिटल में आज रविवार के दिन रक्तदान कैंप लगाया गया। जिसमें कैंप में आए कुल 55 लोगों ने अपनी स्वेच्छा से रक्तदान किया और एक आकर्षक उपहार भी प्राप्त किया। ये कार्यक्रम सर्वोदय ब्लड बैंक शामली की टीम के द्वारा चलाया गया। यह कैंप सुबह दस बजे से पहले ही शुरु हो गया था जो कि सायं 03 बजे के बाद तक चला। नवजीवन हास्पिटल के डाक्टर नियाज़ राणा ने रक्तदान के फायदे गिनाते हुए बताया कि रक्तदान से हार्ट अटैक की सम्भावना कम होती है। खून का दान करने से वजन कम करने में मदद मिलती है। रक्तदान से रक्तदाता की जाँच मुफ्त में ही हो जाती है। खून दान करने से लीवर से जुडी समस्याओं में राहत मिलती है। रक्तदान करने से कैंसर का खतरा भी कम हो जाता है। एक युनिट खून का दान करने से आपके शरीर में 650 कैलोरीज कम होती है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## बड़ी माता मंदिर रोड स्थित मौहल्ला पंसारियान में हुई घटना

# मकान से मिले मांस के अवशेष, हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के बडी माता मंदिर रोड स्थित मौहल्ला पंसारियान में एक मकान से पुलिस को मांस बरामद हुआ है। सूचना पर पहुंची विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारियों ने पुलिस कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हुए चौकी के मात्र 100 मीटर की दूरी पर गौहत्या होने का आरोप लगाया। वहीं मौके से कटान के कोई साक्ष्य नहीं मिले, जबकि एक पॉलोथीन में मांस के टुकड़े व पैर बरामद हुए हैं। पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने मांस के टुकडों की सेपंल लेकर परीक्षण को भेज दिए है।

रविवार को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि शहर के बडी माता मंदिर रोड स्थित मौहल्ला पंसा. रियान निवासी अयाज उर्फ पप्पू पुत्र कुतुबुददीन के मकान में गाय काटी गई है। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मकान की तलाशी ली, जिस पर मकान में कुछ नही मिला, लेकिन मकान की छत पर एक पॉलोथीन में बंद कर रखे गए मास के टुकडे और पैर बरामद हुए। जिसको पुलिस ने तीसरी मंजिल से बरामद किया। स्वयं स्वयं की पडौसियों के दीवार कूदकर तीसरी मंजिल पहुंचे और मास को बरामद किया। इस दौरान मकान में मौजूद महिलाओं ने बताया कि वह नीचे रहते है और छत पर मास कैसे आया उनको कोई जानकारी नही है। सूचना पाकर हिन्दू संगठन के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और उन्होने पुलिस की कार्यशैली पर सवालियां निशान लगाते हुए चौकी से मात्र 100 कदमों की दूरी पर गौहत्या करने का आरो लगाया।





उन्होने हंगामा करते हुए आरो. पियों की गिरफ्तारी न होने पर आन्दोलन करने की चेतावनी दी। पुलिस ने मौके पर पशु चिकित्सा विभाग के चिकित्सकों को बुलाकर मास की जांच कराई और नमूने लेकर परीक्षण के लिए भेज दिए गए। मकान में कोई भी पुरूष नही मिला था।

### षड्यंत्र के तहत डाला गया मांस

अयाज उर्फ पप्पू के मकान में मिले मास के टुकडे व अवशेष को लेकर तरह तरह की चर्चाऐ व्याप्त है। मौहल्लेवासियों का कहना है कि तीसरे मंजिल पर पशु कटान संभव नही है। क्योकि मकान का जीना इतना छोटा है कि एक समय में एक ही व्यक्ति जा सकता है। पुलिस भी पडौसियों के मकान में घुसकर सीधा तीसरी मंजिल की छत पर पहुंची है। वही मकान मालिक का कहना है कि किसी षडयंत्र के तहत उनके मकान में मास लाकर डाया गया है। यह रंजिशन किया जा रहा है। पुलिस सत्यता की जांच कर ही कार्यवाही करे। ताकि निर्दोश को न्याय मिल सके और आरोपी को सजा मिले।

**उधर,** थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही कर गो तस्करी करने वाले एक गो तस्कर को सिम्भालका अंडर पास के पास से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त अयाज उर्फ पप्पू पुत्र कुतबुद्दीन निवासी हाजी शाहिद वाली गली मौहल्ला पन्सारियान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली है।

# नि:शुल्क न्यूरोथेरेपी कैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत विकास परिषद अमृत के तत्वाधान में रविवार को शहर के मिल रोड स्थित जैन स्थानक मंदिर में निशुल्क न्यूरोथेरपी कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में करीब 500 मरीजों की जांच कर उनको निशुल्क न्यूरोथेरपी का लाभ प्रदान कराया गया।

रविवार को शहर के मिल रोड स्थित जैन स्थानक मंदिर में भारत विकास परिषद अमृत के तत्वाधान में विशाल निशुल्क न्यूरोथेरपी कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडीएम संतोष कुमार सिंह, समाजसेवी अंकित गोयल, संस्थापक पाल गोयल ने संयुक्त रूप से किया। कैंप आयोतक सचिव पुनीत जैन ने बताया कि कैंप में दीपक वोहरा यमुनानगर, सुनील कुमार चंडीगढ़, बलराम साहा ऋषिकेश, कन्हैया सैनी मोहाली, आशीष मोहाली, त्रिलोक करनाल, दातार सिंह शामली, सेम सिंह कुरुक्षेत्र, रजनी बाला पटियाला, आकांशा जैन गाजियाबाद आदि



चिकित्सकों द्वारा कैंप में आए हुए मरीजों का बिना दवाई के न्यूरोथेरपी पदती द्वारा उपचार किया गया। बताया कि यह एक अल्टीर्नाटिव साइंस है। यह गट और ब्रेन के कनेक्शन को बेहतर करता है। एसिड और अलक. लाइन को बैलेंस करता है। ऑक्सीजन का बहाव बेहतर करने में काम करता है। वह शरीर में ओम्युनिटी को बेहतर करता है। न्यूरोथेरपी में बिना दवाई के बिना मशीन के बिना कोई साइड इफेक्ट के इलाज किया जाता है।आज इस कैंप में सर्वाइकल, कमर दर्द, घुटने का दर्द, नीली नसे, चक्कर आना, शरीर में दर्द होना आदि बीमारी का इलाज करा गया। जिसमे करीब 500 मरीजों ने इस थेंरेपी के द्वारा अपना इलाज कराया। मौके पर खजांची वाष्णेय, आदिश जैन, डा। मनोज, गौरव गोयल, अजय संगल, अंकित जैन, कृष्णपाल, डा। अर्जुन वर्मा, पंकज अग्रवाल, रीतु जैन, भूपेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# खेत में खड़ी फसल को नष्ट किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील के गांव गढी अब्दुल्ला खान में दबंगों द्वारा खेत में खड़ी फसल को बिस्मार कर दिया तथा देवस्थान की भूमि पर भी अवैध कब्जा कर लिया है इस संबंध में पीड़ित द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिला अधिकारी को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है ।गांव गढी अब्दुल्ला खान में खसरा नंबर 2019 गांव निवासी अफसर अहमद पुत्र सफदर अहमद व गौरव कुमार भार्गव पुत्र सुनील कुमार भार्गव ने 4 जून 2024 को खरीदी थी जिस पर उनका कब्जा व दखल भी हो गया था अफसर अहमद का आरोप है कि गांव निवासी अश्वनी पुत्र चरण सिंह, विजेंद्र पुत्र प्रेम सिंह ने भूमि पर अवैध कब्जा कर खड़ी फसल बिस्मार कर दी है तथा देवस्थान की करीब ढाई बीघा भूमि पर भी अवैध कब्जा कर लिया है इस संबंध में पीड़ित ने संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिला अधिकारी संतोष कुमार सिंह को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## शराब मामले में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** स्थानीय पुलिस द्वारा एक शराब तस्कर अभियुक्त रिंकू पुत्र विमल निवासी ग्राम अहमदगढ झिंझाना को पांच लीटर कच्ची शराब के अहमद गढ भूमिया खेडा वाली गली से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर किया गया है, वही उक्त आरोपी वर्ष 2013 में एक लूट के मामले में न्यायालय के द्वारा एनबीडब्ल्यू में फरार चल रहा था, जिसके खिलाफ चलानी कार्यवाही की जा रही है।



## राम पर अभद्र टिप्पणी करने वाले पर मुकदमा

**थानाभवन।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर भगवान राम के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक के खिलाफ थानाभवन पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी युवक की पहचान मादलपुर गांव निवासी शोएब पुत्र उमरदीन के रूप में हुई है। फिलहाल वह फरार बताया जा रहा है।पुलिस के अनुसार, शोएब ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से भगवान राम को लेकर आपत्तिजनक और भड़काऊ भाषा में एक पोस्ट साझा की थी। पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने धार्मिक भावनाएं आहत करने की धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है।

# स्वस्थ समाज, सशक्त राष्ट्र की भावना के तहत चैरिटेबल हॉस्पिटल के लिए मिशन की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को कर्मण्य सर्वहित संस्था शामली ने कर्मण्य चैरिटेबल हॉस्पिटल के निर्माण के लिए मिशन की शुरुआत की गई। स्वस्थ समाज, सशक्त राष्ट्र की भावना के साथ संस्था के पदाधिका. रियों ने यह कदम उठाया है।

रविवार को कर्मण्य संस्था द्वारा समाज की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक आधुनिक व सुलभ चैरिटेबल हॉस्पिटल के निर्माण की महत्त्वाकांक्षी योजना पर कार्य आरंभ किया गया है। इस हॉस्पिटल का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं निशुल्क अथवा न्यूनतम लागत पर उपलब्ध कराना है। इस मुहिम को सफल बनाने के लिए मेरठ में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों ने भाग लिया। बैठक में हॉस्पिटल निर्माण की योजना, भूमि एवं संसाधनों की व्यवस्था, बजट अनुमान तथा फंडरेजिंग की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त निर्माण प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाने के लिए समितियों के गठन पर भी सहमति बनी। जिसमें अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, महासचिव कृष्ण मित्तल, उपाध्यक्ष अमर सिंह रावल, इनाम खान, अभिषेक चौधरी, प्रशांत शाक्य, राजीव तायल, वैभव तायल, अमन गुप्ता, सतेंद्र, प्रदीप चौहान आदि मौजूद रहे।




# अग्रवाल समाज की कार्यकारिणी का गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार देर शाम को महाराजा अग्रसेन भवन में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें संजय ऐरन को अध्यक्ष, राज. ेंद्र गर्ग को महामंत्री और वैभव प्रकाश गोयल को कोषाध्यक्ष के रूप में शपथ दिलाकर माल्यार्पण किया।

गत शनिवार शाम को नगर पालिका परिषद चेयरमैन अरविंद संगल अखिल भारतीय अग्रवाल समाज शामली के अध्यक्ष संजय ऐरन, महामंत्री राजेंद्र गर्ग व कोषाध्यक्ष वैभव प्रकाश गोयल को शपथ ग्रहण कर माल्यार्पण किया। जिसमें सभी सदस्यों ने माला पहनकर उनका स्वागत किया। चेयरमैन अरविंद संगल ने कहा कि समाज का कोई भी परिवार किसी भी तरह की परेशानी में हो वह अपनी बात संस्था के सामने रख सकता है। समाज की सभी समस्याओं, जरूरतों और सामूहिक विकास के लिए संस्था पूरी निष्ठा और समर्पण से काम करेगी। उन्होंने मनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष संजय ने कहा की संस्था हमेशा समाज हित में साथ खड़ी रहेगी व समाज के हितों में निरंतर काम करती रहेगी। इस अवसर पर नरेंद्र अग्रवाल, सुखमाल गुप्ता, मनोज गर्ग, राकेश गर्ग, अशोक गोयल, सचिन मित्तल, कपिल जिंदल, अमित गर्ग, नरेंद्र मंगल, चंचल गोयल, महेश गर्ग, अंकित गुप्ता, सक्षम संगल, नरेंद्र मंगल, मनोज संगल मौजूद रहे।








शामली। नारी शक्ति संगठन की बैठक में मौजूद महिलाएं व सम्मानित पदाधिकारी। छाया शाह टाइम्स

# दर्जनों महिलाएं नारी शक्ति संगठन में शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नारी शक्ति संगठन की राष्ट्रीय लोकदल की राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्य महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत ने कहा कि अब देश में महिलाओं को दौर आया है। जब महिलाऐं एक वार्ड सभासद से विधायक, सांसद और बडे बडे पदों पर बैठकर देश को दिशा देने का काम कर रही है। उन्होने दर्जनों महिलाओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते हुए शशि वर्मा को महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है।

रविवार को शहर के मुजफ्फरनगर रोड स्थित सदर विधायक प्रसन्न चौधरी के कैंप कार्यालय पर नारी शक्ति संगठन की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राज्य महिला आयोग की सदस्य व नारी शक्ति संगठन की राष्ट्रीय लोक. दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीषा अहलावत ने सैकडों महिलाओं को संबोधित किया। उन्होने कहा कि महिलाऐं अब अपनी समस्या को लेकर अधिकारियों के कार्यालय तक जाए। वह डरे नही, अधिकारी हो गया फिर राजनेता यदि महिलाऐं अपनी समस्याऐं लेकर आई है तो उनको कोई ठुकरा नही सकता। महिलाओं की समस्याओं को पहले सुना जाता है। अब महिलाऐं पुरूषों से कम नही है। महिला देश में छोटे और बडे सभी पदों पर विराजमान है। महिलाऐं देश को दिशा देने का काम कर रही है। उन्होने मौके पर महिलाओं द्वारा बताई गई अपनी समस्याओं का भी समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होने दर्जनों महिलाओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान पार्टी की वरिष्ठ कार्यकर्ता डा। शशि वर्मा को महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष व सरोज मलिक को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया। दोना नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निशा चौधरी, सचिव भावना यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष चौधरी, अनुपमा चौधरी, नगर पंचायत बनत अध्यक्ष कुसुम देवी आदि मौजूद रही।

## गाली-गलौज पर दो पक्षों में मारपीट, चार लोगों को किया गिरफ्तार

**थाना भवन।** क्षेत्र के गांव जाफरपुर में रविवार सुबह मामूली कहासुनी ने झगड़े का रूप ले लिया जब दो पक्षों के बीच गाली-गलौज के बाद मारपीट हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लेते हुए दोनों पक्षों के कुल चार लोगों को शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी नीलम सैनी पुत्र सतपाल सुबह खेत पर जाने के लिए जैसे ही घर से निकला, तभी पड़ोसी राजकुमार की पत्नी नीलम सैनी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते दोनों परिवारों के बीच अक्सर विवाद होता रहता है। नीलम सैनी का कहना है कि जब उसने विरोध किया और राजकुमार से अपनी पत्नी को समझाने को कहा, तो राजकुमार ने आक्रोशित होकर घर से लाठी लाकर उस पर हमला कर दिया।घटना की जानकारी मिलते ही थाना भवन पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने एक पक्ष से राजकुमार पुत्र शिवदत्त व संजय पुत्र धर्म सिंह, जबकि दूसरे पक्ष से नीलम सैनी पुत्र सतपाल व दीपक पुत्र नीलम के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया है।

## महिला के कानों से कुंडल चोरी करने वाला गिरफ्तार

**शामली।** सचिन कुमार पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम जमुना थाना अलीगढं की पत्नी श्वेता एक एक्सीडेंट में घायल हो गई थी। घायल को उपचार हेतु तत्काल जिला संयुक्त अस्पताल, शामली में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा घायल को मृत घोषित कर दिया। इसी दौरान अस्पताल से मृतका के कानों से बाली/कुंडल चोरी कर लिए गए, जिसके सम्बन्ध में अज्ञात के विरुद्ध थाना आदर्शमंडी पर तहरीर दाखिल की गई। दाखिल तहरीर के आधार पर थाना आदर्शमंडी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा उपरोक्त चोरी की घटना को दृष्टिगत रखते हुए प्रभारी निरीक्षक थाना आदर्शमंडी को अभियुक्त की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में पुलिस ने वार्डब्वॉय को गिरफ्तार किया गया है।



## एक एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त अजय पुत्र धर्मवीर सिह निवासी मौहल्ला इन्द्रा कालोनी थाना कोतवाली शामली जनपद शालमी है।

# राशन डीलर पर कालाबाजारी करने व दुकान बंद रखने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** सरकार द्वारा राशन की दुकानों पर कालाबाजारी को रोकने हेतु अन्नपूर्णा भवन बनाए गए थे तहसील के गांव काला माजरा में अन्नपूर्णा भवन जनवरी 2025 में बनकर तैयार हो गया था तथा गांव वालों को राशन वितरण भी शुरू कर दिया गया था लेकिन राशन डीलर समय पर दुकान नहीं खोलता तथा राशन की कालाबाजारी भी करता है इस संबंध में ग्राम प्रधान ने संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी को शिकायत कार्रवाई की मांग की है। गांव काला माजरा में जनवरी 2025 में अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार हो गया था तथा राशन वितरण भी शुरू कर दिया गया था ग्राम प्रधान का आरोप है कि राशन डीलर समीना समय पर दुकान नहीं खोली जाती ,स्टॉक बोर्ड पर भी कुछ अंकित नहीं किया जाता जिससे स्टॉक में राशन के बारे में जानकारी नहीं मिल पाती है, दुकान से तोलने के यंत्र घर लेकर जाते हैं, दुकान से राशन डीलर का देवर व लड़का कई बार राशन की बोरी उठा कर ले जाते हैं पिछली बार भी 10 बोरी राशन की उठाकर ले गए थे जिन्हें पूछने पर स्कूल में ले जाना बताया गया लेकिन स्कूल में तीन बोरी ही राशन की गई है । इस संबंध में ग्राम प्रधान मनीषा देवी, निजुल चौधरी ने संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह को शिकायत कार्यवाही की मांग की है।

# अग्रोहा धाम को भव्य बस यात्रा संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट द्वारा अग्रोहा धाम के लिए भव्य बस यात्रा सम्पन्न की गई। रविवार को अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में धार्मिक सांस्कृतिक एवं समाजिक एकता को समर्पित एक विशेष बस यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा शामली से हरियाणा स्थित पावन तीर्थ अग्रोहा धाम तक आयोजित की गई, जिसमें समाज के पंजीकृत सदस्यों ने अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह से भाग लिया। यात्रा का उद्देश्य समाज को एकसूत्र में पिरोना, धार्मिक मूल्यों का विस्तार एवं परस्पर सहयोग की भावना को सु.ढ़ करना था। अग्रोहा धाम में सभी यात्रियों ने मां अग्रेश्वरी के दर्शन कर समाज की समृद्धि, एकता एवं उन्नति की कामना की। मौके पर अध्यक्ष रोबिन गर्ग, उत्तम जिंदल, रजत बिंदल, राहुल तायल, आकाश गुप्ता, गौरव, अमित बंसल, प्रदीप मंगल, उत्तम जिंदल, शिवानु बंसल, कार्तिक बंसल, वैभव संगल, आशीष गर्ग, देव बंसल, अंकुर मित्तल, ओमप्रकाश बंसल, अंकुर संगल, अंकुश बंसल आदि मौजूद रहे।

# आरक्षी पदों पर चयनितों की परीक्षा 22 अप्रैल से एक मई तक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिले में उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 के अन्तर्गत चयनित अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा के 921 अभ्यार्थियों का चयन हुआ है। जिसमें 174 महिला अभ्यर्थी व 747 पुरुष अभ्यर्थी शामिल हैं। चयनित अभ्यार्थियों का चिकित्सा परीक्षा आगामी 22 अप्रैल से प्रारम्भ होकर एक मई तक मंडी स्थित पुलिस लाइन जनपद शामली में होनी है, जिसके लिए सभी चयनित 921 अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र स्थानीय थानों के माध्यम से वितरित किए जा चुके है। एसपी रामसेवक गौतम ने बताया कि प्रथम दो दिवस 22 व 23 अप्रैल को प्रतिदिन 87 महिला अभ्यर्थियों' की चिकित्सा परीक्षा की जाएगी। इसके पश्चात 24 अप्रैल से एक मई तक प्रतिदिन 85 पुरुष अभ्यर्थियों' की चिकित्सा परीक्षा की जाएगी। सभी अभ्यर्थी अपने नियत तिथि को प्रात: 9 बजे से पूर्व मंडी स्थित पुलिस लाइन में उपस्थित होगे। बताया कि निर्धारित तिथि व समय पर चिकित्सा परीक्षा के लिए अभ्यर्थी उपस्थित नही होते है तो चिकित्सा परीक्षा के लिए अग्रिम तिथि नही दी जाएगी तथा सम्बन्धित अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त' समझा जाएगा। पुलिस लाइन जनपद शामली में अभ्यर्थियों के अतिरिक्त बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश पूर्ण रूप से निषिद्ध किया गया है। समस्त चिकित्सा परीक्षा प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी। उन्होने कहा कि चिकित्सा परीक्षा में सम्मिलित समस्त अभ्यर्थियों तथा अभिभावको से अपील है कि चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण कराने के लिए किसी भी व्यक्ति के बहकावे में न आए। यदि कोई अभ्यर्थी या अभिभावक या अन्य द्वारा चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए अनुचित साधन का प्रयोग किया जाता है तो तत्काल मोबाइल नम्बर 7839866133 पर सूचित करे। ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।उन्होने कहा कि यदि जनपद शामली के किसी अभ्यर्थी को चिकित्सा परीक्षा का बुलावा पत्र प्राप्त न हुआ हों तो उक्त मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर सकते है।

## 921 अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा के संबंध में गोष्ठी संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम ने उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 के अन्तर्गत चयनित 921 अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा के सम्बन्ध में गोष्ठी आयोजित कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रविवार को पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम ने पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में गोष्ठी आयोजित कर उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 के अन्तर्गत चयनित 921 अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा के सम्बन्ध में चिकित्सा परीक्षा प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने चिकित्सा परीक्षा कक्ष का निरीक्षण कर पूरी प्रक्रिया का अवलोकन कर चिकित्सा परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी तथा सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए निर्देशित किया। साथ ही सुरक्षा को लेकर पुख्ता प्रबंधक करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएमओ डा. अनिल कुमार, नोडल अधिकारी एएसपी संतोष कुमार सिंह, एसीएमओ डा। अतुल बंसल, डा. रामनिवास आदि मौजूद रहे।



# ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से आटो चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** फतेहपुर थाना क्षेत्र में एक दुखद हादसे ने छुटमलपुर की हरिजन कॉलोनी में किराए के मकान में रहने वाले गुलबहार पुत्र सैयद की जान ले ली।

गुलबहार, जो ऑटो चलाकर अपनी आजीविका कमाता था, रसुल. पुर सब्जी मंडी से अपने ऑटो में सब्जी लादकर जा रहा था यह हादसा रुड़की रोड हनुमान मंदिर के पास तब हुआ, जब उसका ऑटो सड़क पर खराब खड़ी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से पीछे से टकरा गया टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, और गुलबहार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर गुलबहार को ऑटो से निकाला और नजदीकी अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने उसे बचाने की हरसंभव कोशिश की, लेकिन गंभीर चोटों के कारण इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। गुलबहार अपनी पत्नी और तीन साल के बेटे के साथ रहता था। उसकी मौत ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। परिजनों का कहना है कि गुलबहार परिवार का एकमात्र कमाने वाला था, और उसकी मृत्यु से परिवार पर आर्थिक और भावनात्मक संकट मंडरा रहा है



थाना फतेहपुर प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है, ताकि मौत के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क पर बिना किसी चेतावनी चिह्न या रिफ्लेक्टर के खड़ी थी, जिसके कारण गुलबहार को इसे देखने का मौका नहीं मिला। इस लापरवाही को हादसे का प्रमुख कारण माना जा रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों ने इस घटना के बाद प्रशासन के खिलाफ रोष जताया है। उनका कहना है कि सड़कों पर खराब वाहनों को बेतरतीब ढंग से छोड़ने की समस्या लंबे समय से चली आ रही है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन हो और ऐसी घटनाओं को रो. कने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

खबर लिखे जाने तक ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक के खिलाफ कोई औपचारिक तहरीर नहीं दी गई थी, लेकिन पुलिस ने लापरवाही का मामला दर्ज करने की तैयारी शुरू कर दी है। क्षेत्र में इस हादसे की व्यापक चर्चा हो रही है, और लोग सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की जरूरत पर जोर दे रहे हैं। गुलबहार की असमय मृत्यु ने न केवल उसके परिवार, बल्कि पूरे समुदाय को शोक में डुबो दिया है।

# अभद्र टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** ब्राह्मण समाज के लोगों का हुजूम सड़कों पर उमड़ पड़ा। आक्रोशित ब्राह्मणों ने अंबेडकर चोंक पर फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज पर की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया।

ब्राह्मण समाज के युवा रोहित सिरसका के नेतृत्व में नगर पालिका से विश्वकर्मा चौक तक विरोध मार्च निकालते हुए नारेबाजी करते रहे। प्रदर्शनकारियों ने चौक पर अनुराग कश्यप का पुतला फूंक कर गुस्से का इजहार किया। इस दौरान रोहित सिरसका ने कहा कि अनुराग कश्यप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर ब्राह्मण समाज को लेकर जो टिप्पणी की है। वह अत्यंत निंदनीय और समाज को बांटने वाली है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज का इतिहास बलिदान और राष्ट्र सेवा से भरा पड़ा है। मंगल पांडे, चंद्रशेखर आजाद जैसे महापुरुषों ने देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति दी है। प्रदर्शन के बाद रो. हित सिरसका ने कोतवाली पहुंचकर अनुराग कश्यप के खिलाफ तहरीर दी और उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में राजन शर्मा, डॉ. वीरेंद्र शर्मा, गौरव पंडित, भूपेंद्र, कमलाकांत, प्रदीप शर्मा, कपिल और आदित्य शर्मा सहित अनेक ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे। विरोध शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# कहासुनी के बाद लाठी डंडों से हमला, पति-पत्नी घायल

**चिलकाना।** खेडा मवात गाँव मे बच्चो के बीच हुई कहासुनी से क्षुब्ध होकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर पर जाकर लाठी डन्डो से हमला कर पति पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भिजवाया है।

क्षेत्र के गांव खेडामवात निवासी दम्पत्ती शबाना पत्नी बहादुर व बहादुर पुत्र तासीन घायल अवस्था मे थाना पहुंचे और बताया कि दिन में हमारे बच्चे घर से बाहर गांव के अन्य बच्चो के साथ खेल रहे थे, जिनमें खेलते समय किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी होगी। जिसके बारे में हमारे बच्चों ने घर आकर कुछ नही बताया। पीडिता का आरोप है कि देर शाम के समय बच्चों की कहासुनी से गुस्साए उनके परिजन इसरार पुत्र इरशाद, इश्तखार पुत्र इरशाद, जहीर पुत्र नजीर व वाहिद पुत्र जहीर पीड़िता के घर पहुंचे और उसके पति के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगे।

अपने पति को पिटता हुआ देखकर जैसे ही वह बीच बचाव को आयी तो उक्त विपक्षियों द्वारा उसके साथ भी लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया गया। पुलिस द्वारा थाना पहुंची घायल दम्पती को रात के समय ही मैडिकल के लिए सीएचसी सरसावा भेज दिया गया था। जहां से चिकित्सकों ने घायल महिला को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। रविवार को सुबह के समय पीडिता शबाना की ओर से थाना पर तहरीर देकर विपक्षी उपरोक्त के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की गई है।

# पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** पश्चिम बंगाल में हिंदुओ पर हो रहे अत्याचार से आक्रोशित राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है।

शनिवार को अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष विकास सैनी के नेतृत्व में बजरंग दल कार्यकर्ता पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में ममता सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पर पहुंचे और महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल में वक्फ संशोधन बिल के विरोध के दौरान



हिंदू समाज के लोगों की निर्मम हत्या की गई है। हिंदुओं पर अत्याचार व उनकी संपत्तियां जलाई जाना निंदनीय हैं। जो किसी सूरत बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति से मांग की है कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार को बर्खास्त किया जाए। बंगाल में केंद्रीय सुरक्षा बल द्वारा हिंदुओं की सुरक्षा कराई जाये। हिंदुओं की निर्मम हत्या करने वाले दोषियों को फांसी पर लटकाया जाये। पश्चिम बंगाल में असामाजिक तत्वों द्वारा नष्ट की गई हिंदुओं की संपत्तियों का उचित मुआवजा दिलवाया जाये और बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पश्चिम बंगाल की घटना का संज्ञान नही लिया गया तो अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल देश भर में आंदोलन करेगा।

इस दौरान संगठन के प्रांत महामंत्री ब्रजेश राणा, जिला उपाध्यक्ष डॉ अजय सैनी, पंकज लोधी, विराट सैनी, सागर, अभय धीमान, आदित्य धीमान, विकास सैनी, शाखा राणा,सचिन राणा, रोहित रोहिला, देव रोहिला, वंश अरोड़ा, डॉक्टर अर्जुन सैनी, सौरभ,दीप राणा, विजय राणा आदि मौजूद रहे।

# अनस का शव नम आंखों से सुपुर्दे खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** फ्लाईट में अचानक तबियत बिगडने के कारण हैदराबाद अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो जाने पर, सुचेला देवा गांव पहुंचे मृतक के शव को नम आंखों से सुपुर्दे खाक कर दिया गया है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

ज्ञात हो कि शनिवार को सुचेला देवा गांव निवासी 24 वर्षीय युवक अनस पुत्र इकराम दुबई में काम करने के लिए जा रहा था। जो कि दिल्ली से फ्लाइट में बैठकर दुबई के लिए रवाना हुआ था कि अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। फ्लाइट के उडान भरते ही अनस को तेज उल्टी व चक्कर आने लगे। अनस की हालत ज्यादा बिगडती देख हैदराबाद एयरपोर्ट पर प्लेन की लैंडिंग कर उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी थी। देर रात्रि के समय स्थानीय पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराये जाने पश्चात परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया था।

आज रविवार को सुबह के समय अनस का शव उसके पैतृक गांव सुचेला देवा पहुंचा तो परिजनों में को. हराम मच गया और दहाड़े मार मारकर रोने बिलखने लगे।देखते ही देखते मृतक युवक के आवास पर रिश्तेदारों व ग्रामीणों की भीड इक्ट्ठा हो गयी। जिसके बाद सभी ने मिलकर गमगीन माहौल में दोपहर के समय शव को सुपुर्दे खाक कर दिया। मृतक अनस के परिवार में उसके अलावा 3 भाई और 2 बहने भी है। अनस के पिता मजदूरी करने का कार्य करते हैं, परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। इसी कारण अनस दो पैसे जुटाने के लिए विदेश में मजदूरी पर वेल्डिंग का कार्य करने के लिए जा रहा था।

# युद्ध लीला से भावविभोर हुए दर्शक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** श्रीरामलीला मैदान में आयोजित रामलीला महोत्सव के अंतर्गत शनिवार रात्रि को प्रस्तुत की गई युद्ध लीला ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। मंचन में जब मेघनाथ द्वारा युद्ध में शक्ति अस्त्र का प्रयोग कर वीर लक्ष्मण को मूर्छित किया गया तो सम्पूर्ण वातावरण करुणामय हो उठा। लक्ष्मण के भूमि पर गिरते ही राम की सेना में अफरा-तफरी मच गई और श्रीराम द्वारा गोद में सिर रखकर किया गया विलाप दर्शकों की आंखें नम कर गया।

हनुमान जी द्वारा सुषेण वैद्य को लंका से लाया गया। जिन्होंने संजी. वनी बूटी द्वारा लक्ष्मण को पुनर्जीवित करने का सुझाव दिया। तत्क्षण हनुमान द्वारा संजीवनी पर्वत लाने के लिए प्रस्थान किए जाने का दृश्य अत्यंत साहसिक एवं रोमांचकारी रहा। जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामलीला महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं श्रीराम की आरती के साथ किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला



महामंत्री राधेश्याम शर्मा, पालिका अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, दिव्यांग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजेश त्यागी, नगर मंडल अध्यक्ष आलोक जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवचरण वर्मा, पूर्व सभासद रामनाथ कश्यप, समाजसेवी धीरज सिंघल, सभासद विपिन पाल, मित्रपाल, तथा नगर पालिका परिषद से पंकज रोहिला, वीरेश सैनी, शेखर हरित, आशीष ठाकुर व विपुल गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# ज्ञान मार्ग परीक्षा में शामिल हुए 18 स्कूलों के 80 बच्चे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** परम संत शिरोमणि सतगुरु रविदास चैरिटेबल ट्रस्ट गंगोह द्वारा आयोजित प्रथम गंगोह ज्ञान मार्ग परीक्षा का आयोजन महात्मा सतनाम दास के सौजन्य से किया गया।

राजीव मेमोरियल इंस्टिट्यूट टेक्नॉलॉजी ऑफ एजुकेशन में आयोजित ज्ञान परीक्षा में 18 विद्यालयों के 80 बच्चों ने सहभागिता की। इस दौरान महात्मा सतनाम दास, प्रधान मोहर सिंह, उपप्रधान बृजपाल, मा. अवनीश, मा. वीरेंद्र, टिंकू राजा, राम अवतार, अमन कुमार, प्रदीप गंधर्व, धर्मपाल, डॉ. प्रमोद, अरुण कुमार, जोगेन्द्र सहगल रहें। परीक्षा में शातिमल बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभावान छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया जायेगा।

# भुनगे ने बागवानों की बढ़ाई चिंता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** आम के बागों में भुनगे (होपर) का प्रकोप कम होने का नाम नही ले रहा है जिससे बागबानों की चिंता बढ़ गई हैं। बागों में यह कीट बौर और कोपलों को नुकसान पहुंचा रहा है।

कीट के असर को कम करने के लिए बागबान महंगी दवाइयों का छिड़काव कर रहे है। लेकिन कई बार छिड़काव के बाद भी कीट पर पूरी तरह काबू नही पाया जा सका है। बागों में कीटों के कारण हो रहे नुकसान से बागबान परेशान नजर आ रहे है। ख्वाजा सुहेल, चौधरी यामीन, सहबान, अलताफ, आसिफ, सज्जाद, अखलाक, कल्लू आदि बागबानों का कहना है कि यदि अभी से इस पर जल्द नियंत्रण न हुआ तो इसका काफी नुकसान बागबानों को उठाना पड़ सकता है।

# राक्षस प्रवृत्ति की ओर ले जाता है नशा: भारती

**सहारनपुर।** नूरमहल पंजाब से पधारे आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सोमप्रभा भारती व साध्वी पूजा भारती ने कहा कि व्यक्ति को नशे से दूर रहना चाहिए। नशा मनुष्य को राक्षस प्रवृत्ति की ओर धकेलता है।

साध्वी सोमप्रभा भारती व साध्वी पूजा भारती आज पंत विहार स्थित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में आयोजित आध्यात्मिक सत्संग में ज्ञान की अमृत वर्षा कर रही थी। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक विषयों के साथ-साथ समाज में व्याप्त नशे जैसी कुरीतियों पर भी सारगर्भित प्रवचन किए। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को इससे दूर रहने तथा अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपना अधिकतर समय आध्यात्मक एवं सत्संग में



बिताना चाहिए। मनुष्य को हमेशा परोपकार की भावना रखनी चाहिए तथा नशे से कोसों दूर रहना चाहिए। नशा मनुष्य को राक्षस प्रवृत्ति की ओर धकेलता है तथा अनेक प्रकार के गलत एवं अप्राकृतिक कार्य करने की ओर धकेलता है। मनुष्य को हमेशा अपने मन में सद्विचार रखने चाहिए ताकि वह समाज में अच्छे कार्य कर समाज को दूषित होने से बचा सके। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने नशा न करने और सन्मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में गुलशन सेठी, संजीव, सुरेश गुप्ता, राजीव धींगरा, सतीश, अनिरुद्ध, अनुज चौहान, सुधीर, शोभित, अनुज कुमार, आलोक नागर सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# खाटू श्याम कथा महाबलिदान की गाथा: कालेन्द्रानंद

**सहारनपुर।** स्वामी कालेंन्द्रानंद महाराज ने कहाकि खाटू श्याम कथा महा बलिदान की गाथा है।

स्वामी कालेंद्रानंद महाराज आज मखदूम सराय में चल रही श्रीमद् खाटू श्याम कथा में श्रद्धालुओं को ज्ञान की अमृत वर्षा कर रहे थे। इससे पूर्व श्री बांके बिहारी सेवा समिति गंगोह द्वारा आयोजित श्रीमद् खाटू श्याम कथा में मुख्य अजमान त्रिभुवन शर्मा दीपक सैनी ने परिवार सहित खाटू श्याम जी का पूजन किया और व्यास पीठ पर महाराज श्री का पूजन तिलक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भव्य रूप में खेली गई पुष्पों की होली जिसमें सभी श्याम प्रेमी आनंद से झूमते रहे। श्रीमद् खाटू श्याम कथा में प्रवचन करते हुए स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा खाटू श्याम कथा महा बलिदान की गाथा का मार्मिक वर्णन है अर्थात जो



व्यक्ति धर्म की वेदी पर अपने जीवन को बलिदान कर देता है, वही कथा महान संदेश एवं महान इतिहास बन जाती है। वही भविष्य में अमर चरित्र के नाम से एक मार्मिक संदेश कथा बनती है जिसका अनुकरण आने वाली पीढ़ियां करती हैं। महाराज श्री ने कहा प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में बाबा श्याम के चरित्र को ग्रहण कर अपने जीवन को धर्म की रक्षा के लिए प्रस्तुत करना चाहिए। धर्म की वेदी पर समर्पित जीवन ही सर्वोच्चता के शिखर को प्राप्त कर एक महान गाथा के रूप में परिवर्तित होकर कल्याणकारी बनता है। इसीलिए प्रत्येक जीव को अपने जीवन को सार्थक करने के लिए श्री खाटू श्याम जी की सेवा समर्पित भाव से करनी चाहिए और दीन दुखियों की सेवा कर बाबा श्याम के कार्य को संपादित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबा श्याम अपनी शरण में आए हुए सभी श्याम प्रेमियों का कल्याण करते हैं। इस अवसर पर पंडित ऋषभ शर्मा पंडित अभिषेक शर्मा, देवीलाल सैनी, परविंदर सैनी, अंकित सैनी, विपुल सैनी, बृजेश सैनी, हिमांशु सैनी, शालू सैनी, नीलम शर्मा, अंजली शर्मा, अंजू सैनी मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए कृषक ऋतुराज सम्मानित

## वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में आधुनिक व नवीन कृषि प्रणाली से कर रहे कृषि कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में कृषि के क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने के लिए कृषक ऋतुराज सिंह को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सम्मानित किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार कृषि अनुसंधान केंद्र नगीना के वैज्ञानिकों के प्रशिक्षण में कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील युवा किसान ऋतुराज सिंह को रविवार को सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यायल मेरठ में आयोजित पुरस्कार सम्मान समारोह में सर्वश्रेष्ठ किसान का पुरस्कार दिया गया। उक्त पुरस्कार प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय मेरठ के




कुलपति डॉ. केके सिंह द्वारा दिया गया। ऋतुराज सिंह को यह पुरस्कार कृषि के क्षेत्र में नवोनवेशी कार्य जैसे ड्रैगन फ्रूट के साथ गन्ना एवं प्राकृतिक खेती के लिए दिया गया। पुरस्कार स्वरुप ऋतुराज सिंह को रुपए 1100/-, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह दिया गया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद ऋतुराज ने कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिकों, जनपद बिजनौर के प्रशासन एवं जनपद के कृषि से सम्बंधित सभी विभागों का आभार व्यक्त किया। कृषक ऋतुराज सिंह को यह पुरस्कार दिलवाने के लिए उनके साथ कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिक डॉ. शकुंतला गुप्ता एवं डॉ. केके सिंह गए।

ज्ञात हो कि कृषक ऋतुराज सिंह ब्लॉक नहटौर के ग्राम उमरी के निवासी हैं और एक लंबे समय से कृषि अनुसंधान केंद्र नगीना के वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में आधुनिक व नवीन कृषि प्रणाली से कृषि कार्य कर रहे हैं।

# शराब की दुकान हटाने को डीएम को दिया ज्ञापन

**नजीबाबाद।** महिला जागृति समूह संस्था की अध्यक्ष मधु माहेश्वरी के नेतृत्व में नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम खैरूल्लापुर की महिलाओं ने डीएम जसजीत कौर से उनके कार्यालय में बिजनौर पहुंचकर मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्राम क्षेत्र की महिलाओं ने डीएम से ग्राम में स्थित देशी शराब की दुकान हटाने की मांग की। महिलाओं ने कहा कि महिलाओं ने कहा कि ग्राम में देशी शराब की दुकान से पुरुष सारे दिन वहां से शराब का सेवन कर ग्राम में उत्पात मचाते है तथा घरों में झगड़ा करते है।

राधा कृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलोजी एण्ड मैनेजमेंट
तल्हेड़ी बुजुर्ग सहारनपुर

की प्रबन्ध समिति का मुख्य कार्यक्रम

उक्त महाविद्यालय की साधारण सभा के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि प्रबन्ध समिति का चुनाव निम्न कार्यक्रमानुसार महाविद्यालय प्रांगण में सम्पन्न होगा।

कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| नामांकन के लिए तिथि - | 25/04/2025 दिन शुक्रवार प्रात: 10 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक |
| नामांकन पत्रों की जाँच - | 25/04/2025 दिन शुक्रवार प्रात: 12:00 बजे से दोपहर 01:00 तक |
| नाम वापिस लेने की तिथि - | 25/04/2025 दिन शुक्रवार दोपहर 01:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक |
| चुनाव चिन्ह विवरण - | 25/04/2025 दिन शुक्रवार दोपहर 02:00 बजे से दोपहर 02:30 बजे तक |
| चुनाव की तिथि (अगर जरूरी हुआ)- | 25/04/2025 दिन शुक्रवार दोपहर 3:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक |
| मत पत्रों की गणना तथा परिणाम की घोषणा - | 25/04/2025 दिन शुक्रवार दोपहर 3:00 बजे के पश्चात |

नोट: यदि चुनाव निर्विरोध हो जाता है, तो चुनाव परिणाम की घोषणा साधारण सभा के उपस्थित सदस्यों के समक्ष की जायेगी। चुनाव महाविद्यालय प्रशासन योजना के प्रावधान के अनुसार सम्पन्न होगा।

(डा. अनूप सिंह)
चुनाव अधिकारी

खेल के दौरान कहासुनी के चलते दो समुदायों के किशोरों में हुई मारपीट

# अधिकारियों ने घटना की ली जानकारी

मंदिर समिति के अध्यक्ष राजकिशोर गुप्ता की तहरीर पर अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज की है। इसमें पहचान कर मोहल्ला अबुलमाली निवासी अबरार, अरशद और मोहल्ला किला निवासी नसीर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। सागर जैन, एसपी देहात, सहारनपुर।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री बालाजी धाम मंदिर परिसर में खेल के दौरान कहासुनी के चलते दो समुदायों के किशोरों में मारपीट हो गई। इसमें एक किशोर घायल हो गया। जानकारी मिलने पर बजरंग दल समेत हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता ने मौके पर पहुंच धार्मिक नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। जिससे सांप्रदायिक तनाव पैदा हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने स्थिति को संभाला।

शनिवार की देर रात रामलीला मैदान में स्थित श्री बालाजी धाम मंदिर के सामने दूसरे समुदाय के कुछ बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान मंदिर से लौट रहे मोहल्ला नेचलगढ़ निवासी 12 वर्षीय अंश और 13 वर्षीय विजय की वहां खेल रहे बच्चों से किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद उनके बीच मारपीट होने लगी। इसमें एक किशोर चोटिल हो गया। आरोप है कि कुछ समय बाद कुछ मुस्लिम समुदाय के लोग लाठी डंडे लेकर वहां पहुंचे और गाली गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार करने लगे। जैसे ही इसकी जानकारी मिली हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता वहां पहुंचे और कार्रवाई करने की मांग करते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं वह मंदिर परिसर में ही धरने पर बैठ गए। कुछ देर बाद पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, भाजपा नगर अध्यक्ष अरूण गुप्ता और बजरंग नेता विकास त्यागी भी वहां पहुंचे और घटना को लेकर नाराजगी जताई। अलग-अलग समुदाय का मामला होने के चलते सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन, उपजिलाधिकारी युवराज सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत पाराशर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए लोगों को उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया। सुरक्षा की दृष्टि से रामलीला मैदान में पुलिस बल तैनात किया गया है।

# समय तराजू तोल रहा है, इतिहास के पन्ने खोल रहा है: शर्मा









**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में चल रहे श्री त्रिपुर माँ बाला सुंदरी देवी मेला पंडाल में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्रख्यात कवि व कवियत्रियों ने सुंदर काव्य पाठ कर देर रात तक श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। देश के जाने माने हास्य व्यंग कवि प्रताप फौजदार ने अपने खास अंदाज में व्यंग करते हुए लोगों को जमकर गुदगुदाया।

शनिवार रात आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का पालिक. ाध्यक्ष विपिन गर्ग ने फीता काटकर मंच का उद्घाटन किया एवं मंच पूजन मनमोहन गर्ग ने नारियल तोडकर किया। मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण भाजपा नेता वैभव अग्रवाल ने जबकि दीप प्रज्वलन व्यापारी नेता मुकेश अग्रवाल ने किया। माँ सरस्वती की प्रतिमा के समीप ध्वजारोहण सभासद अंकित राणा ने किया और अध्यक्षता मेपल्स अकैडमी के चेयरमैन मित्तल ने किया। कवित्री मीनाक्षी दिनेश की सरस्वती की वंदना से प्रारंभ हुए कवि सम्मेलन में एक से बढकर एक रचना सुनाई गई। संभल से आये गीतकार डा. सौरभ कांत शर्मा की रचना 'समय तराजू तोल रहा है, इतिहास के पन्ने खोल रहा है' को श्रोताओं ने खूब सराहा। सूरत गुजरात की कवित्री सोनल जैन ने अपने अंदाज में सुनाया 'हास परिहास रहे कोई न उदास रहे, इसलिए उर उपजाई गई कविता। हास्य व्यंग्य कवि रसिक गुप्ता ने श्रोताओं ने जमकर ठहाके लगवाए। सुप्रसिद्ध कवि डा. अर्जुन सिसोदिया की रचना 'युद्ध नहीं जिनके जीवन में वे भी बड़े अभागे हैं, या तो प्रण को तोड़ा होगा या फिर रण से भागे हैं' सुनकर श्रोताओं ने जमकर जय श्रीराम के नारे लगाए। अंत में लाफ्टर चौंपियन प्रताप फौजदार ने अपने खास अंदाज में व्यंग्य करते हुए श्रोताओं को जमकर गुदगुदाया।

कार्यक्रम आयोजकों द्वारा मंच पर मौजूद सभी कविगण एवं अतिथियों को माला, पटका एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच व्यवस्था निखिल अग्रवाल, मनमोहन गर्ग एवं हिमांशु होरा द्वारा की की गई। अंत में कार्यक्रम संयोजक भाजपा जिला मीडिया प्रभारी नितिन गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर लघु उद्योग भारती सहारनपुर मंडल अध्यक्ष अनुपम गुप्ता, भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता, राजकुमार, डा. पवन सवाई, विपिन भारतीय, राकेश गांगुली, पं. विशाल शर्मा, मोहम्मद आकिल, मनोज गुप्ता, राहुल गर्ग, हिमांशु सिंघल, मनोज बंसल, अजय गुप्ता, विशाल गर्ग, गौरव विवेक, अभिषेक त्यागी, ईशान गॉड आदि मौजूद रहे।

# गुरु रविदास महाराज की अमृत कथा का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में श्री त्रिपुर मां बाला सुंद. री देवी मेला पंडाल में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की अमृत कथा का आयोजन हुआ।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राघव दास अग्रवाल, उत्तराखंड के राज्यमंत्री देशराज कर्णवाल एवं भारतीय शिक्षा चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष जयराम गौतम ने संयुक्त रूप से किया। दीप प्रज्वलित डॉ. अनीश कुमार और गुरु पूजा राकेश राणा द्वारा की गई। कार्यक्रम में आचार्य संत कंवरपाल ब्रह्मचारी ने गुरु रविदास महाराज के जीवन पर रोशनी डाली। कहा कि वह जीवन भर धैर्य और सत्यता के मार्ग पर डटे रहे। राज्यमंत्री देशराज कर्णवाल ने कहा कि गुरु रविदास जी किसी विशेष वर्ग के नहीं, सर्व समाज के संत थे।

संचालन अधिवक्ता सतेंद्र गौतम ने किया। संयोजक अभय सिंह डालियान व एसडी गौतम ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। रामकरण बौद्ध, ओमवीर सिंह, राज. कुमार जाटव, गोवर्धन दास, शिवकुमार, सुधा गांधी, अजय गांधी, राजकुमार दास, अमरदास, महेंद्र दास, जितेंद्र दास आदि मौजूद रहे।

# संविधान का सम्मान करती है भाजपा: बृजेश




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कांग्रेस बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के बनाए संविधान की धज्जियां उड़ाने का काम कर रही है। जबकि भाजपा सम्मान कर रही है।

लोकनिर्माण विभाग राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह भाजपा द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत दिल्ली-देहरादून हाईवे स्थित नितारा फार्म हाऊस पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे उनहोनें कहा कि भाजपा ने हमेशा संविधान के अनुरूप चलने का काम किया। जबकि कांग्रेस बाबा साहेब के बनाए गए संविधान की धज्जियां उड़ाने पर लगी हुई है। पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि भाजपा ने हमेशा बाबा साहेब को सम्मान देने का काम किया और कांग्रेस ने हमेशा उपेक्षा की है। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब का सपना था कि समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति को भी योजनाओं का लाभ मिलें। भाजपा सरकार उनके इस सपने को साकार करने का काम कर रही है। झबरेड़ा के पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सूर्य, गन्ना समिति के चेयरमैन डॉ. उपेंद्र कुमार, भाजपा नगर अध्यक्ष अरूण गुप्ता ने भी विचार रखे। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने सर्वप्रथम बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. महेंद्र सैनी व संचालन डॉ. पवन सवई ने किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य विनोद कुमार, राकेश गांगुली, विपिन भारतीय आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# यीशु मसीह के जिंदा होने पर दी मुबारकबाद

**हसनपुर।** यीशु मसीह के तीसरे दिन जिंदा होने पर ईसाई समाज के लोगों ने एक दूसरे को मुबारक. बाद देते हुए खुशी का इजहार किया। प्रभात फेरी भी निकाली गई। रविवार को नगर के सेंट जॉन्स चर्च में प्रभु यीशु मसीह तीसरे दिन जीवित हुए तो ईसाई समाज के लोगों ने खुशी का इंतजार करते हुए एक दूसरे को मुबारकबाद दी। पादरी सुशील मसीह द्वारा धर्मशास्त्र पढ़ा गया। उन्होंने बताया कि दुनिया की सृष्टि के आरंभ में आदम व हव्वा का आना हुआ था। प्रभु यीशु मसीह ने मृतकों में से पुनजिर्वित होकर मौत पर विजय पाई। ओर मनुष्य जाति के लिए उद्धार का मार्ग खोल दिया। उसके बाद मनुष्य जाति के पापों का सर्वनाश किया गया। प्रभु यीशु ने मानव जाति को बुराई के मार्ग से मोड़कर सच्चाई के रास्ते की तरफ कर दिया। उन्होंने बताया कि यह सब चीज पवित्र शास्त्रों में लिखी हुई है। उन्होंने बताया परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उसने अपना इकलौता पुत्र दे दिया। ताकि जो कोई उस पर विश्वास अरे उसका नाश ना हो। वह अच्छा जीवन पाये। उन्होंने वहां मौजूद ईसाई समाज के लोगों से आह्वान किया।

# प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से की अभद्रता, टोपी उतारी महिलाओं ने दिखाई चूड़ियां

## हिंदू स्वाभिमान संस्था का कमिश्नरी पर था ममता का पुतला दहन कार्यक्रम

- **पुतला छीनने में पुलिस के छूटे पसीने, कमिश्नरी से कचहरी गेट तक पुलिस को दौड़ाया, रास्ता किया जाम**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी का पुतला फूंकने आए प्रदर्शनकारियों ने दरा. ेगा के साथ अभद्रता की। रविवार को हिंदू स्वाभिमान संस्था के लोग कमिश्नरी पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री का पुतला फूंकने पहुंचे थे। इस बीच पुतला छीनने को लेकर काफी हंगामा हुआ एक एसआई की टोपी फैंक दी गई महिलाओं ने उसे चूड़ियां दिखाते हुए पहनने को कहा रविवार को पुतला छीनने में पुलिस पसीना-पसीना हो गई कमिश्नरी से कचहरी गेट तक पुलिस को प्रदर्शनकारियों ने दौड़ा दिया। पूरा मामला कमिश्नरी पार्क का है जहां हिंदु स्वभिमान परिषद के लोग बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंकने पहुंचे थे इस दौरान मौजूदा पुलिस कर्मीयों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन से की अभद्रता करनी शुरू कर दी पुलिसकर्मियों से मिस बिहेव किया गया। यहा तक महिलाओं ने पुलिस को चूड़ियों दिखाई और दरोगा की सरकारी टोपी ही उस के सर से उतार दी। हिंदू स्वाभिमान संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित भारद्वाज ने कहा कि बंगाल में हो रहे हिंदू पर अत्याचार को वह बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगे उसी को रोकने के लिए आज हिंदू बंगाल में रहने वाले हिंदू भाइयों की रक्षा करने के लिए हथियार लेस होकर बंगाल पहुंचेंगे क्योंकि वहां का मुख्यमंत्री और पुलिस प्रशासन हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रो. कने में नाकाम साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि वह अपने भाइयों की जान पुलिस प्रशासन के भरोसे नहीं छोड़ सकते अब वक्त आ गया है कि अपनी जान की सुरक्षा हमें खुद करनी होगी चाहे उसके लिए हमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की गर्दन काटनी पड़ जाए।



## कंकरखेड़ा के महाकालेश्वर मंदिर में चोरी, दान पेटी तोड़कर कैश ले गए चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के सैनिक विहार डी पॉकेट स्थित महाकालेश्वर मंदिर में रविवार देर रात चोरों ने मंदिर का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश कर नुकीले हथियारों से दान पेटी को तोड़कर उसमें रखी नकदी चुरा ली। पुजारी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की तलाश में जुटी गई है। वहीं लोगों का कहना था कि चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गये है कि वह धार्मिक स्थानों को अपना निशाना बना रहे हैं। वहीं पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

## जेब कतरे की तलाश में दौड़ी पीड़ित महिला

**मेरठ।** सदर बाजार में एक महिला के पर्स को जेब कतरे ने काटकर पैसे निकाल लिए महिला को इसकी जानकारी दुकानदार ने दी जहां से वह सामान खरीद रही थी। महिला उस जेब कतरे की तलाश में दोड़ पड़ी महिला सदर बाजार के काली मंदिर के पास रहती है।

# सांसद इमरान मसूद ने मेडिकल पहुंचकर 11 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता का जाना हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद रविवार को मेरठ पहुंचे। सांसद इमरान मसूद मेडिकल में एडमिट रामपुर की 11 वर्षीय मूकबधिर बच्ची का हाल चाल जानने वहां पहुंचे दुष्कर्म पीड़ित बच्ची के परिवार वालों से मिलकर पूरी घटना की जानकारी ली और कांग्रेस पार्टी की और से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इमरान मसूद ने कहा कि उत्तर प्रदेश में इस समय जंगल राज चल रहा प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरीके से चरमराई है कोई भी वर्ग उत्तर प्रदेश में इस समय सुरक्षित नहीं है। प्रदेश में इस समय दलितों पर अत्याचार की बाढ़ सी आ गई है जनता आने वाले समय में जरूर सबक सिखाएगी। इमरान मसूद के साथ कांग्रेस पार्टी के महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला पूर्व महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी,



डॉ. बबीता गुर्जर, सैयद रिहानुद्दीन, विनोद सोनकर, सुमित शर्मा आदि मौजूद रहे। इसके बाद सांसद इमरान मसूद गुदड़ी बाजार स्थित शहर काजी के आवास पहुंचे वहां शहर काजी के निधन पर शोक जताया।

# सड़क हादसे में घायल राज मिस्त्री की उपचार के दौरान मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के अमरोली उर्फ बड़ा गांव निवासी राजमिस्त्री की शनिवार को सड़क हादसे में घायल की उपचार के दौरान प्राइवेट हॉस्पिटल में देर रात मौत हो गई थी। रविवार को मृतक का शव घर पहुंचते ही परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल हो गया।

मृतक के परिजनों ने बताया कि सुशील पुत्र सुक्खबीरा अपनी पत्नी सीता कौर को बाईक द्वारा अपने गांव से फलावदा किसी कार्य से जा रहे थे। जैसे ही फलावदा मवाना मार्ग पर स्थित नाले के पास पहुंचे तो मवाना की ओर से आ रही बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही महिला सहित दोनों घायल हो गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलो को मवाना सीएचसी भेजा गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने घायलो को मेरठ रेफर कर दिया गया। मेरठ प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज के दौरान देर रात सुशील की मौत हो गई। पुलिस ने देर रात ही मृतक के शव का पंचनामा भर के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। रविवार मृतक का शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक सुशील की पत्नी का भी अस्पताल में उपचार चल रहा है उसकी भी हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतक सुशील राजमिस्त्री का कार्य करता था। अब मृतक सुशील के परिवार में पत्नी के अलावा दो पुत्र व दो पुत्रियां है।



मृतक का फाइल फोटो।

## संदिग्ध परिस्थियों में महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भावनपुर थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद निवासी इकरा पुत्री जाकिर की हत्या कर दी गई। वहीं ग्रामीणों ने हत्या की जानकारी कंट्रोल रूम को दी। सूचना मिलते ही सीओ सदर देहात शिव प्रताप सिंह थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं दूसरी ओर मृतक के परि. जनों का कहना है कि देर रात महिला अचानक दर्द से पीड़ित हुई थी। इससे पहले की परिजन महिला को उपचार के लिए लेकर जाते उससे पहले ही महिला की मौत हो गई हालांकि पुलिस महिला की मौत को संगीन मानकर चल रही है।

## पुलिस लाइन में निशुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पुलिस लाईन में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, चिकित्सा शिविर के उदघाटन का शुभारंभ एसएसपी व एसपी देहात ने किया। पुलिस कार्यालय, पुलिस लाईन की समस्त शाखाओं में नियुक्त महिला अधिकारी कर्मचारी गण एव पुलिस लाईन आवासीय कालोनी के पुलिस महिलाओं एव बच्चियों का चेकअप किया गया। टीम द्वारा पुलिस परिवार की महिलाओं को ब्रेस्ट एवं गर्भाश्य के कैंसर के बारे में जागरूक किया।

## नरेन्द्र पाल के डायरेक्टर नामित होने पर भाजपाइयों ने कराया एक दूसरे का मुंह मीठा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कृषि सहकारी समिति न्याय पंचायत दौराला रामबीर अहलावत मछरी व कृषि सहकारी समिति सिवाया पर भराला निवासी चौधरी नरेंद्र पाल सिंह के डायरेक्टर नामित होने पर पूर्व प्रत्याशी विधानसभा सिवालखास भाजपा मनिंदर पाल सिंह और जिला अध्यक्ष भाजपा शिवकुमार राणा का आभार व्यक्त करने आवास पर पहुंच कर मिठाई खिलाकर व फूल माला पहनाकर सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, मदन पाल सिंह, मंडल महामंत्री रवि पूनिया, पूर्व चेयरमैन नवीन शर्मा, अध्यक्ष कैलाश शर्मा, संजय नामदेव, अवनीश अहलावत, मनोज चौधरी, बॉबी शर्मा, जाहिद उपस्थित रहे। इस बीच बधाई भी दी गई।

# शाही जामा मस्जिद में दी गई हज की ट्रेनिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शाही जामा मस्जिद में रविवार को सुबह 10 बजे हज ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें हज पर जाने वालों को हज के बारे में स्क्रीन के माध्यम से समझाया गया। हज ट्रेनिंग कैंप में महिलाओं का भी अलग इंतजाम किया गया था। हज ट्रेनिंग मुफ्ती अब्दुल कय्यूम और हाजी शीराज रहमान ने दी। इसी के साथ कारी सलमान कासमी ने हज टीकाकरण के बारे में बताया की सोमवार से हज टीकाकरण शुरू हो रहा है। पहले दिन फैज आम इंटर कॉलेज, मंगलवार को मदरसा हुसैनिया, बुधवार को मदरसा नूरुल इस्लाम मैं लगेगा। हज ट्रेनिंग कैंप का आयोजन जमीयत उलेमा मेरठ शहर ने किया। उन्होंने लोगों को हज पर जाने की बधाई देते हुए वहां के बारे में विस्तार से बताया। कैंप में मुख्य रूप से शहर काजी जेनुस सालिकी, काजी जेनुस राशिदिन सदर जमीयत उलेमा मेरठ शहर , सेक्रेटरी जमीयत उलेमा कारी सलमान कासमी, साबिर खान, अख्तर आलम, मोहम्मद आरिश, आजाद, मोहम्मद इब्राहिम आदि मौजूद थे।



# डेथ बालिंग करिश्मे से जीता लखनऊ

## राजस्थान को रोमांचक मुकाबले में 2 रन से हराया, आवेश ने 3 विकेट लिए



**जयपुर, वार्ता।** लखनऊ सुपरजायंट्स ने राजस्थान रायल्स को आईपीएल के रोमांचक मुक. ाबले में 2 रन से हरा दिया। आवेश खान ने 20वें ओवर में 9 रन डिफेंड किए ओर लखनऊ को जीत दिलाई। आवेश ने 3 विकेट लिए।

एडन मार्करम और आयुष बडोनी दोनों ने फिफ्टी लगाई। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में लखनऊ ने बैटिंग चुनी। लखनऊ ने 5 विकेट खोकर 180 रन बनाए। जवाब में राजस्थान 5 विकेट के नुकसान पर 178 रन ही बना सकी। जायसवाल ने 74 रन बनाए। वनिंदू हसरंगा को 2 विकेट मिले। आवेश ने डेथ ओवर्स में लखनऊ के लिए बेहतरीन बालिंग की। उन्होंने 18वें ओवर में 5 ही रन खर्च किए और 2 विकेट ले लिए। आवेश ने फिर आखिरी ओवर में 9 रन डिफेंड किए और टीम को 2 रन से जीत दिला दी। आवेश ने जायसवाल, शिमरोन हेटमायर और रियान पराग को पवेलियन भेजा। आवेश खान ने आखिरी 2 ओवर में 11 ही रन खर्च किए। नंबर-7 पर बैटिंग करने उतरे समद ने 10 गेंद पर 30 रन बनाए। उन्होंने ही आखिरी ओवर में 27 रन बनाकर टीम को 180 तक पहुंचाया था। इम्पैक्ट प्लेयर बनकर बैटिंग करने उतरे बडोनी ने फिफ्टी लगाई। उन्होंने मार्करम के साथ 76 रन की पार्टनरशिप भी की। लखनऊ से ओपनिंग करने उतरे ऐडन मार्करम ने 31 गेंद पर फिफ्टी लगा दी। उन्होंने 66 रन बनाए और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। मार्करम ने 1 विकेट भी लिया। 181 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी राजस्थान रायल्स को यशस्वी जायसवाल ने तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने ओपनर वैभव सूर्यवंशी के साथ 85 रन की पार्टनरशिप की। यशस्वी ने 31 गेंद पर हॉफ सेंचुरी लगाई। उन्होंने 74 रन बनाए और टीम को जीत के करीब पहुंचाया। राजस्थान को आखिरी 3 ओवर में 25 रन चाहिए थे। यहां आवेश बालिंग करने आए, उन्होंने 18वें ओवर में महज 5 रन दिए और 2 विकेट भी झटक लिए। उनके ही ओवर ने राजस्थान पर दबाव बनाया और टीम जीत की स्थिति में होते हुए भी 2 रन से हार गई। आवेश खान ने ही आखिरी ओवर में 9 रन भी बचाए।

## यार्कर फेंकना जारी रखूंगा जीत के बाद बोले आवेश खान

### ● राजस्थान को छह गेंद नें नहीं बनाने दिए नौ रन

**जयपुर, वार्ता।** लखनऊ सुपर जाएंट्स ने आईपीएल में राजस्थान रायल्स पर दो रन की रोमांचक जीत हासिल की थी। डेथ ओवरों में आवेश खान ने यार्कर पर यार्कर गेंदें की, जिससे राजस्थान की टीम छह गेंद में नौ रन नहीं बना सकी थीं। जीत के बाद आवेश ने कहा है कि वह यार्कर पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे, जो मुश्किल परिस्थितियों में उनका मुख्य हथियार है। आवेश ने 18वें और 20वें ओवर में शानदार गेंदबाजी करते हुए कुल मिलाकर 11 रन दिए। लखनऊ ने आखिरी तीन ओवरों में 25 रन का बचाव किया था। आवेश ने मैच के बाद प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि मैं यार्कर फेंकना जारी रखने की कोशिश करूंगा क्योंकि मेरा मानना है कि यार्कर मेरी सबसे अच्छी गेंद है। मैं हमेशा किसी भी स्थिति में यार्कर फेंकने की को. शिश करता हूं। आईपीएल में खुद पर भरोसा रखना महत्वपूर्ण होता है। आवेश ने कहा कि वह किसी तरह से दबाव में नहीं थे क्योंकि जब वह 18वें ओवर में गेंदबाजी करने आए तो रायल्स जीत की ओर बढ़ रहा था और उसके आठ विकेट बचे हुए थे। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा अपनी रणनीति पर अमल करने की कोशिश करता हूं। जब भी मैं गेंदबाजी के लिए आता हूं तो किसी तरह के दबाव में नहीं रहता हूं। मैं जो भी गेंद करता हूं उस पर पूरा भरोसा रखता हूं। आवेश ने कहा कि आईपीएल में बड़े स्कोर बन रहे हैं और गेंदबाज काफी रन दे रहे हैं। पहले ओवर में मैंने भी 13 रन दिए लेकिन मैं हमेशा परिस्थितियों के अनुसार गेंदबाजी करता हूं और अपनी रणनीति को सही तरह से लागू करने पर ध्यान देता हूं। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि 18वें ओवर में यशस्वी जायसवाल और रियान पराग के आउट होने से लखनऊ को काफी फायदा मिला क्योंकि इससे डेथ ओवरों में दो नए बल्लेबाज क्रीज पर थे। उन्होंने कहा कि अगर कोई नया बल्लेबाज आता है, तो उसके लिए यह इतना आसान नहीं होता है। नए बल्लेबाज के लिए, किसी भी स्थिति में आना मुश्किल होता है, खासकर जब गेंद थोड़ी नीचे रह रही हो। मध्य प्रदेश के तेज गेंदबाज ने कहा कि जब डेविड मिलर ने शुभम दुबे का कैच छोड़ा तो वह थोड़ा तनाव में थे। दुबे ने दो रन लिए जबकि रायल्स को जीत के लिए आखिरी गेंद पर चार रन चाहिए थे। आवेश ने कहा कि जैसे ही गेंद हवा में गई तो मैं सोच रहा था कि मिलर इसे पकड़ लेंगे। वह पूरी तरह से गेंद के नीचे थे, लेकिन जब कैच छूट गया तो मैं थोड़ा निराश हो गया, लेकिन मुझे आखिरी गेंद पर चार रन बचाने का भरोसा था। आवेश ने कहा कि वह रोमांचक जीत का जश्न नहीं मना सके क्योंकि दुबे का शाट फील्डर के पास जाने से पहले उनके टखने पर लगा था।



## धीमे ओवर रेट के लिए गिल पर जुर्माना

### शुभमन गिल पर आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत 12 लाख का जुर्माना लगा

**अहमदाबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में धीमे ओवर रेट के लिए जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि शुभमन गिल पर आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत धीमें ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये जुर्माना लगाया हैं।

आईपीएल ने बयान में कहा कि चूंकि यह इस सत्र में उनकी टीम का पहला अपराध था, इसलिए आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत, जो न्यूनतम ओवर रेट अपराधों से संबंधित है, गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि गुजरात टाइटंस ने शनिवार को खेले गए आईपीएल के 35वें मुकाबले में जॉस बटलर (97 नाबाद) और शरफेन रदरफोर्ड (43) के बीच 119 रन की रिकार्ड साझीदारी की मदद से दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को सात विकेट से हरा दिया था। इस जीत के साथ गुजरात टाइटंस अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है।

**खेल विशेष**

## स्टैंड से अजहरुद्दीन का नाम हटाने का आया फरमान

### आदेश के खिलाफ अदालत जाने की तैयारी में भारतीय टीम के पूर्व कप्तान

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन नए विवाद में फंसते जा रहे हैं। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के स्टैंड से उनका नाम हटाने का फरमान आया है। हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) को नार्थ पवेलियन स्टैंड से अजहरुद्दीन का नाम हटाने के लिए कहा गया है। इसके अलावा एचसीए से यह भी कहा गया है कि अजहरुद्दीन के नाम पर टिकट जारी नहीं किए जाएं। यह आदेश एचसीए के लोकपाल (सेवानिवृत्त) वी ईश्वरैया ने दिया है। लोकपाल ने एचसीए की सदस्य इकाइयों में से एक लाड्र्स क्रिकेट क्लब द्वारा दायर याचिका के आधार पर यह निर्णय लिया जिसमें आरोप लगाया गया था कि अजहरुद्दीन ने मनमाने फैसले लेकर तत्कालीन एचसीए अध्यक्ष के रूप में अपने पद का दुरुपयोग किया। न्यायमूर्ति ईश्वरैया एचसीए के आचरण अधिकारी भी हैं। लाड्र्स क्रिकेट क्लब ने इस साल 28 फरवरी को अजहरुद्दीन के खिलाफ याचिका में आरोप लगाया था कि दिसंबर 2019 में नार्थ स्टैंड का नाम अपने नाम पर रखने के प्रस्ताव को पारित कराने के लिए पूर्व एचसीए अध्यक्ष के रूप में शीर्ष परिषद की बैठक में बैठकर एचसीए के नियमों का उल्लंघन किया था। एचसीए संविधान के अनुसार किसी प्रस्ताव को आम सभा (एजीएम) द्वारा अनुमोदित किया जाना आवश्यक है। हालांकि, लोकपाल के आदेश के खिलाफ अजहरुद्दीन अदालत जाने की तैयारी में है। पूर्व भारतीय कप्तान ने लोकपाल के आदेश की वैधता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि उनका कार्यकाल पहले ही समाप्त हो चुका है। अजहरुद्दीन ने कहा, मैं निश्चित रूप से कानूनी सहारा लूंगा और इस आदेश पर रोक लगाने के लिए उच्च न्यायालय में अपील करूंगा। यह शर्म की बात है कि एक भारतीय कप्तान का नाम हटाने के लिए कहा जा रहा है। संघ के उपनियमों के अनुसार, लोकपाल/आचरण अधिकारी का कार्यकाल एक वर्ष का होता है। इस मामले में लो. कपाल का कार्यकाल 18 फरवरी 2025 को समाप्त हो गया था और उस अवधि के बाद पारित कोई भी आदेश अमान्य है।



## कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़े नायर

### ● टीम इंडिया के सहायक कोच पद से हटाए गए थे, 2018-2024 तक कोचिंग स्टॉफ में शामिल थे अभिषेक नायर

मुंबई, वार्ता। टीम इंडिया के सहायक कोच से हटाए गए अभिषेक नायर फिर से कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ जुड़ गए हैं। इसकी जानकारी फ्रेंचाइजी की तरफ से एक्स पर दी गई। हालांकि, इस पोस्ट में यह नहीं बताया गया कि उनकी किस पद पर वापसी हुई है। दरअसल शुक्रवार को बीसीसीआई ने अभिषेक नायर को टीम इंडिया के सहायक कोच पद से हटा दिया था। अभिषेक नायर के अलावा फील्डिंग कोच टी दिलीप और ट्रेनर सोहम देसाई की भी टीम इंडिया से छुट्टी कर दी गई थी। बीसीसीआई ने यह कार्रवाई आस्ट्रेलिया में बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में भारत की शर्मनाक हार के बाद की। 2018-2024 तक केकेआर का हिस्सा रहे नायर अभिषेक नायर 2018 से 2024 तक आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा थे। पिछले साल जुलाई में उन्हें भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के कोचिंग स्टाफ में शामिल किया गया था। अभिषेक ने केकेआर में गंभीर के साथ काम किया था द्रविड़ का कार्यकाल टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद समाप्त हो गया था। इसके बाद बीसीसीआई ने गंभीर को मुख्य कोच बनाया था। गंभीर ने अपने सहयोगी के तौर पर कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़े अपने साथियों को टीम से जोड़ा था। गंभीर भारतीय टीम के मुख्य कोच बनने से पहले केकेआर के मेंटर रहे थे और तब उसी टीम में अभिषेक नायर, रेयान टेन डेशकाटे सहयोगी स्टाफ रहे थे। मोर्ने मोर्कल ने गंभीर के साथ लखनऊ सुपर जाएंट्स में काम किया था। दिलीप द्रविड़ के समय से ही फील्डिंग कोच के पद पर बने हुए थे। हालांकि, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में करारी हार के बाद अभिषेक पर सवाल खड़े हो रहे थे।

## जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश को किया 191 के स्कोर पर ढ़ेर

### जिम्बाब्वे के गेंदबाज मसकदजा और मुजारबानी ने तीन-तीन विकेट हासिल किए

**सिलहट, वार्ता।** वेलिंगटन मसकदजा और ब्लेसिंग मुजारबानी (तीन-तीन विकेट), विक्टर न्याउची और वेस्ली मधेवेरे (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद दम पर जिम्बाब्वे ने रविवार को बांग्लादेश को पहले टेस्ट मैच के पहले दिन पहली पारी 191 के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया है।

यहां बांग्लादेश की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 32 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। विक्टर न्याउची ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करे हुए पहले पहले शादमान इस्लाम (12) और उसके बाद महमुदुल हसन जॉय (14) को अपना शिक. ार बना लिया। ऐसे संकट के समय मोमिनुल हक और नजमुल शान्तो ने पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 66 रनों की साझेदारी हुई। 32वें ओवर में लेसिंग मुजारबानी ने नजमुल शान्तो (40) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद वेलिंगटन मसक. दजा ने (56) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। मुशफिकुर रहीम (चार) और तैजुल इस्लाम (तीन) को वेलिंगटन ने आउट किया। मेहदी हसन मिराज (एक) को मुजारबानी ने अपना शिकार बनाया। तैजुल इस्लाम (तीन), हसन महमूद (19) और नाहिद राणा (शून्य) पर आउट हुये। जिम्बाब्वे के गेंदबाजी आक्रमण के आगे बांग्लादेश की पूरी टीम पहले टेस्ट मैच के पहले दिन 61 ओवर में 191 के स्कोर पर सिमट गई। जिम्बाब्वे की ओर से वेलिंगटन मसकदजा ने 10 ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट लिए और ब्लेसिंग मुजारबानी ने 19 ओवर में 50 रन देकर तीन विकेट झटके। विक्टर न्याउची ने 15 ओवर मे 74 रन देकर दो विकेट लिए। वेस्ली मध. ेवेरे ने तीन ओवर मे दो रन देकर दो विकेट लेकर बांग्लादेश की पहली पारी का अंत किया।

## विमेंस वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं आएगा पाक




### पीसीबी चीफ बोले कि हाइब्रिड मॉडल के तहत बीसीसीआई और आईसीसी न्यूट्रल वेन्यू का करने ऐलान

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान विमेंस टीम भारत में होने वाले वर्ल्ड कप 2025 में खेलने के लिए नहीं आएगी। पाकिस्तान विमेंस टीम ने हाल ही में वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया है।

भारत 29 सितम्बर से 26 अक्टूबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने ऐलान किया है कि उनकी महिला टीम इस साल के आखिर में होने वाले आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि इस साल की शुरुआत में हुए समझौते के तहत हाइब्रिड मॉडल का पालन करते हुए अपने मैच किसी न्यूट्रल वेन्यू पर खेलेगी। टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान नहीं गई थी दरअसल पाकिस्तान ने हाल ही में संपन्न हुए चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की थी। टीम इंडिया राजनीतिक कारणों की वजह से पाकिस्तान में जाकर अपने मैच नहीं खेले। टीम इंडिया के सभी मैच दुबई में हुए। हाइब्रिड मॉडल पर पीसीबी और बीसीसीआई के बीच हुआ समझौता भारतीय क्रिकेट बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच हाइब्रिड मॉडल पर सहमति बनी थी, जिसके तहत भारत और पाकिस्तान के आईसीसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने की स्थिति में दोनों को अपने मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेलने की अनुमति होगी।

नकवी ने कहा कि टूर्नामेंट के मेजबान होने के नाते भारत और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) न्यूट्रल वेन्यू पर फैसला करेंगे। पाकिस्तान विमेंस टीम ने लाहौर में आयोजित हुए क्वालिफायर में अपने सभी पांच मैच जीते। उन्होंने आयरलैंड, स्काटलैंड, वेस्टइंडीज, थाईलैंड और बांग्लादेश को हराकर मुख्य दौर के लिए आसानी से क्वालीफाई किया। वहीं भारत, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफीका और श्रीलंका पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं।



## बेंगलुरु ने पंजाब को 7 विकेट से रौंदा

### विराट कोहली ने नाबाद 73 रन और देवदत्त ने 61 रनों की बेहतरीन पारी खेली

**मुल्लांपुर, वार्ता।** क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा की शानदार गेंदबाजी के बाद विराट कोहली (नाबाद 73) और देवदत्त पड़क्किल (61) रनों की बेहतरीन अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 37वें मैच में पंजाब किंग्स को सात गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया।

158 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में फिल सॉल्ट (एक) का विकेट गवां दिए। उन्हें अर्शदीप सिंह ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए देवदत्त पड़क्किल ने विराट कोहली के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 103 रनों की साझेदारी हुई। 13वें ओवर में हरप्रीत बराड़ ने देवदत्त पडिक्कल को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। देवदत्त पडिक्कल ने 35 गेंदों में पांच चौके और चार छक्के लगाते हुए (61) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान रजत पाटीदार (12) रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

हालांकि इस दौरान एक छोर थामे विराट कोहली रन बनाते रहे। विराट कोहली ने 54 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 73) रनों की मैच विजयी पारी खेली। जितेश शर्मा (11) रन बनाकर नाबाद रहे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18-5 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। आरस. ीबी की आठ मैचों में यह पांचवीं जीत है और वह अंक तालिका में 10 अंकों के साथ तीसरे पायदान पर हैं। पंजाब किंग्स की ओर से अर्शदीप सिंह, हरप्रीत बराड़ और यजुवेंद्र चहल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब किंग्स के लिए प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 42 रन जोड़े। पांचवें ओवर में क्रुणाल पांड्या की गेंद पर प्रियांश आर्य आगे निकलकर लांग ऑफ के ऊपर से मारने के प्रयास में मिड ऑफ पर टिम डेविड को आसान कैच थमा बैठे। प्रियांश ने 15 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (22) रन बनाए। इसके बाद सातवें ओवर में क्रुणाल ने प्रभसिमरन सिंह को भी डेविड के हाथों कैच आउटकरा कर पंजाब किंग्स को दूसरा झटका दिया। प्रभसिमरन सिंह ने 17 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (33) रनों की पारी खेली। कप्तान श्रेयस अय्यर (छह) को रोमारियो शेफर्ड ने अपना शिकार बनाया। नेहाल वढेरा (पांच) रनआउट हुए। जॉश इंग्लिस 17 गेंदों में (29) और मार्कस स्टॉनिस (एक) को सुयश शर्मा ने आउट किया। पंजाब किंग्स ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 157 रन बनाए। शशांक सिंह (31) और मार्को यानसन (25) रन बनाकर नाबाद रहे। आरसीबी के लिए क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा ने दो-दो विकेट लिए। रोमारियो शेफर्ड ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## क्रोएशिया के पूर्व खिलाड़ी पोक्रिवैक की कार दुर्घटना में मौत

**ज़ाग्रेब (क्रोएशिया), वार्ता।** क्रोएशिया के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकोला पोक्रिवैक की अपने देश में एक कार दुर्घटना में मौत हो गई है। क्रोएशियाई फुटबॉल महासंघ ने इसकी पुष्टि की है। 39 वर्षीय मिडफील्डर ने अपने करियर में दिनामो ज़ाग्रेब, एएस मोनाको और आरबी साल्ज़बर्ग के लिए खेला और 2008 से 2010 तक 15 अंतरराष्ट्रीय मैच जीते। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पोक्रिवैक को 2015 में हॉजकिन के लिंफोमा का पता चला था, जिसके कारण उन्हें पेशेवर फुटबॉल से संन्यास लेना पड़ा लेकिन वह 2021 में शौकिया फुटबॉल में लौट आए और पिछली गर्मियों में निचली लीग की टीम एनके वोजनिक में शामिल हो गए। स्थानीय मीडिया ने कहा कि वह एनके वोजनिक के तीन साथियों के साथ एक वाहन में थे कि शुक्रवार शाम को उनकी कार मध्य क्रोएशिया के कार्लोवैक में हादसे का शिकार हो गया। बताया गया है कि एक अन्य कार में सवार 42 वर्षीय व्यद्रि की भी मौत हो गई, जबकि पोक्रिवाक की कार में सवार अन्य लोगों को गंभीर चोटों के साथ अस्पताल ले जाया गया। क्रोएशियाई फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मारिजान कुस्टिक ने कहा कि निकोला एक महान फुटबॉल खिलाड़ी थे, उन्होंने इस दुनिया में अपने अंतिम क्षण तक फुटबॉल को जिया और एक भयानक बीमारी पर विजय प्राप्त करके जीवन में बहुत साहस दिखाया। यह हमारे फुटबॉल समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति है, और विशेष रूप से परिवार के लिए दर्दनाक है। पोक्रिवाक ने यूरो 2008 में खेला, जहां क्रोएशिया क्वार्टर फाइनल में पहुंचा और 2010 विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग में दो बार इंग्लैंड का सामना किया। कुस्टिक ने कहा कि ऐसे चौंकाने वाले और अकल्पनीय रूप से दुखद क्षण में सांत्वना के शब्द खोजना असंभव है, जब हमने एक युवा जीवन खो दिया है। मैं इस अपूरणीय क्षति के लिए निकोला के परिवार और प्रियजनों के प्रति केवल अपनी गहरी संवेदना व्यद्र कर सकता हूं।

### विधायक गुम्बर की कोशिशों से लाखों लोगों को मिलेगा लाभ

# सौ वर्ग गज तक के मकान निर्माण पर नक्शे की बाध्यता खत्म: राजीव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शहर विधायक राजीव गुंबर की मांग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 100 गज तक के मकान निर्माण पर नक्शा पास करने की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। जिससे महानगर के लाखों लोगों को एसडीए के उत्पीडन से राहत मिलेगी।

विधायक राजीव गुंबर ने विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री से 100 वर्ग गज तक के मकान के निर्माण हेतु नक्शे की बाध्यता कर समाप्त करने का अनुरोध किया गया था जिस पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्णय लेते हुए गरीब व्यक्ति के हित में उपरोक्त अनिवार्यता को समाप्त करते हुए इसके साथ-साथ नक्शा पास करने के जटिल प्रक्रिया में अन्य रियायत दी है। जिसमें 100 वर्ग गज तक नक्शा पास करने की आवश्यकता नहीं। अस्पताल और कमर्शियल बिल्डिंग के लिए 3000 वर्ग मीटर का क्षेत्र पर्याप्त होगा। मकान के 25 प्रतिशत हिस्से में डॉक्टर, वकील, आर्किटेक्ट, चार्टर्ड अकाउंटेंट, नर्सरी, क्रेंगे होमस्टे बन पाएंगे इसके लिए अलग से नक्शा पास करने की आवश्यकता नहीं है। 24 मीटर या उससे अधिक सड़कों पर रिहायशी इलाकों में दुकान और दफ्तर खोलने की अनुमति रहेगी। 45 मीटर चौड़ी सड़क पर जितनी ऊंची बिल्डिंग बनाएं। नक्शा पास करने के लिए विभिन्न विभागों को 7 से 15 दिन के भीतर आवश्यक रूप से अनापत्ति प्रमाण पत्र देने की बाध्यता।

विधायक राजीव गुंबर ने आम व्यक्ति के हित में किए गए निर्णय के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है।

### चाकू में गिरफ्तार

**सहारनपुर।** नगर कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

एसएसपी रोहित सिंह सजवाण के निर्देश पर जनपद पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं अपराधों में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत नगर कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर व उपनिरीक्षक रविंद्र धामा के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर एक शातिर बदमाश नदीम उर्फ जग्गू पुत्र वहीद निवासी नियर गैस गोदाम नूरबस्ती थाना नगर कोतवाली को एक अवैध चाकू सहित अलसी बाग की दीवार के पास गोपाल नगर से गिरफ्तार कर लिया। दबोचे गए आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया कि मैं बरामद चाकू को अपनी सुरक्षा के लिए अपने पास रखता हूं। साथ लोगों को डराने-धमकाने एवं रौब जमाने के लिए भी रखता हूं।

# श्रद्धालुओं की कार का टायर फटा, दो की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** सहारनपुर शाकंभरी देवी मार्गपर गांव जसमोर के निकट सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार टायर फटने के बाद पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार के अंदर बैठे महिला व बच्चों सहित 6 श्रद्धालु घायल हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली बेहट पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को बेहट सीएचसी में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गंभीर रूप से दो घायलों की हायर सैन्टर ले जाते समय मौत हो गयी।



घटना रविवार साय की है। सहारनपुर शहर के मोहल्ला खलासी लाइन निकट शिवालिक बैंक निवासी अमित जैन पुत्र वीर सेन जैन अपने परिवार के साथ सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर में दर्शन कर कार से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार गांव जसमोर के पास पहुंची तो कार का अगला टायर फट गया और कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकरा गई। इतना भीषण दुर्घटना में कार सवार में बैठे श्रद्धालु कार में फंस गए। मौके पर राहगीरों ने पहुंचकर कार में बैठे श्रद्धालुओं को बाहर निकाले। दुर्घटना में अमित जैन व शुभम जैन पुत्रगण वीर सेन जैन, सुमित, कैलाश, 5 वर्षीय बच्ची अनिका पुत्री अमित जैन, नीलम पत्नी सुमित जैन तथा 12 वर्षीय अविका पुत्री अमित जैन निवासी खलासी लाइन घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह, सब इंस्पेक्टर रॉबिल्स कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस की मदद से बेहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

# पूर्व एमएलसी इकबाल के फार्मों पर कब्जा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** माफिया गैंग का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब एक बार फिर पूर्व एमएलसी के एहसान फॉर्म और चूटी फॉर्म पर हथियारों के बल पर कब्जा कर लिया गया है। पूर्व एमएलसी की पत्नी ने फिर सीएम योगी आदित्यनाथ समेत प्रदेश, मंडल और जिले के आला अफसरों से कब्जा हटवाने और कब्जा करने वालों को जेल भेजने की मांग की है।



पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल की पत्नी फरीदा बेगम ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में कहा कि उनकी पारिवारिक जमीनों पर माफिया गैंग लगातार कंपनियों के दस्तावेज कूट रचित कर तहसील बेहट के अधिकारियों, कर्मचारियों से मिलकर बेच रहे हैं। जिसके संबंध में अनेकों प्रार्थना पत्र दिए पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे आरोपियों के हौसले काफी बुलंद है। इसी क्रम में 18 अप्रैल को जबरदस्ती एहसान फॉर्म, चूटी फार्म पर कब्जा कर लिया है। पहले भी माफिया गैंग व अन्य गैंग सदस्यों द्वारा फार्म पर कब्जा कर फल तोड़ चुके हैं, इसके संबंध में पहले भी प्रार्थना पत्र दिया पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कुछ बदमाश प्रार्थीया की जमीनों के दस्तावेज कूट रचित कर बेचने का प्लान कर रहे हैं। टांडा फतहपुर, फैजाबाद मायापुर अलीअकबरपुर की जमीनों कचहरी रोड आरजी पैलेस लाल कोठी आदि की जमीनों के दस्तावेज की कूट रचित कर होटल बना लिया है। इसके संबंध में भी कई प्रार्थना पत्र दिए पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पूरे गैंग को पुलिस व तहसील के अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है, इसलिए इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है। ज्यादातर उन्ही अधिकारियों को जांच चली जाती है जो इस गैंग से मिले हो या शामिल है, इसलिए कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। पीड़ित महिला का कहना है कि उसके परिवार में कोई पैरोकारी करने के लिए नहीं बचा है। सभी को इस गैंग द्वारा पुलिस से मिलकर फर्जी मुकदमों में जेल में डलवा रखा है। तीन साल से एक षड्यंत्र के तहत इसलिए इस गैंग व अन्य को कोई रोकने वाला नहीं हैं। थाना प्रभारी मिर्जापुर, चौकी प्रभारी बादशाहीबाग इस गैंग के लोगों को अपनी गाड़ियों में बिठाकर कब्जा करवाते है। ऐसे ही तहसील बेहट के अधिकारी कर्मचारी भी अपने साथ बिठाकर जमीनों पर कब्जा कराते हैं। ऐसे ही यह गैंग बेहट तहसील में रोज खुले आम तहसील बेहट स्टाफ व सब रजिस्ट्रार के साथ जमीनों की दस्तावेज कूट रचित करते हैं। पहले भी गैंग द्वारा प्रार्थिया की जमीने बेचकर तीन आलीशान बंगले, लग्जरी गाड़ियां तथा एक कोठी बादशाहीबाग एक मिर्जापुर में बना ली है। कई अन्य काले धंधों के बारे में पूछने वाला कोई नहीं है। जबकि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है भू माफिया, गैंग, मनी लॉन्ड्रिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जय। इस सब के बावजूद आज तक इस गैंग के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। उल्टा पुलिस व तहसील बेहट के अधिकारी कर्मचारी द्वारा पीएम और सीएम की छवि धूमिल की जा रही हैं और सभी उनके आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।फरीदा बेगम ने मांग की है कि उपरोक्त गैंग के खिलाफ किसी अन्य एजेंसी सीबीआई ईडी, एस आई टी से जांच करा कर इन अधिकारियों कर्मचारियों व पुलिस को दंडित किया जाये।

# एफबीडी के शिविर में 130 यूनिट रक्तदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट द्वारा लगाये गये रक्तदान शिविर में 130 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

कस्बा सरसावा के डी.सी. जैन इण्टर कॉलेज में शिविर संयोजक उदयवीर सिंह ने बताया कि यह शिविर सरसावा क्षेत्र के लिए रक्तदाताओ के लिए एक मिशाल बन चुका है। भीषण गर्मी में लोगों का उत्साह दिखाता है कि क्षेत्र का हर वर्ग समाज सेवा के लिए तैयार है। ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज कुमार पाँचाल ने बताया कि हमारा मिशन सहारनपुर को "100 प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान वाला जनपद" बनाना है। आज का शिविर इस दिशा में एक मजबूत कदम है। रक्तदान करने से न तो शरीर कमजोर होता है, न ही कोई नुकसान। यह एक पुण्य का काम है।

संस्थापक सदस्य तरुण भोला ने बताया कि एफ.बी.डी. समाज को रक्तदान करने के लिए जागरूकता अभियान चला रही है। रक्तदान कोई भी कर सकता है, बस जरूरत है हौसले की। आओ, हर 3 माह में रक्तदान करें और समाज को जीवन दान दें। वरिष्ठ संरक्षक अश्वनी कुमार मित्तल ने जोर देकर कहा, रक्तदान वह महादान है जिसका कोई विकल्प नहीं। यह रक्त केवल मनुष्य के शरीर से मिल सकता है, फैक्ट्री से नहीं। आज के शिविर में



एकत्रित रक्त थैलेसीमिया के मरीजों, दुर्घटना पीड़ितों और प्रसूताओं की जान बचाएगा।

रक्तदान शिविर में सलमान राव, नवनीत सैनी, अभिषेक सैनी, राहुल, अनुज, वंदना पुंडीर, डिम्पल, खुशी बंसल, प्रवीण, मोहम्मद जुबैर, इरफान, नवाब, सादिक आदि ने भाग लिया।

# वर पक्ष पर लगाया बुलेट मांगने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव साधारणसिर निवासी एक व्यक्ति ने वर पक्ष पर शादी से पांच दिन पहले दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल मांगने का कथित आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है घ।

**वधु पक्ष के लोगों ने थाने में तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग**

मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को दी तहरीर में अरशद ने बताया है कि करीब सात महिने पहले उसने अपनी बहन का रिश्ता थाना नागल के गांव बोहड़ूपुर निवासी एक युवक के साथ समाज की रीति रिवाज के अनुसार किया था। रिश्ते के समय उसने करीब एक लाख तीस हजार रुपए खर्च किए थे । रिश्ते के समय ही 24 अप्रैल सन 2025 को शादी करना तय हुआ था । शादी के समय उनके द्वारा साधारण मोटरसाइकिल देना तय हुआ था। शादी की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है और कार्ड भी बांट दिए गए है। करीब एक सप्ताह पहले वर पक्ष द्वारा उनसे बुलेट मोटरसाइकिल देने की मांग की गयी है। जो उसकी हैसियत से दूर है। उधर वर पक्ष का कहना है कि उन पर लगाये गए सभी आरोप बेबुनियाद है। पुलिस दोनो पक्षों से बात जानकर कर मामले की जांच कर रही है।

# सैक्टर तक बनाए जाएंगे पदाधिकारी: भूषण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान ने गुरमीत सिंह तंवर को महानगर उपाध्यक्ष मनोनीत करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिये सैक्टर स्तर तक पदाधिकारी बनाये जायेंगे।

कोर्ट रोड स्थित महानगर कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान ने कहा कि संगठन को मजबूत करना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके लिए हर संभव कार्य किए जाएंगे। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में 14 अप्रैल से सदस्यता अभियान शुरू किया गया जो अक्टूबर तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी लोग सदस्यता अभियान को सफल




बनाकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का काम करें। उन्होंने कहा कि 20 सदस्य बनने वाला ही सक्रिय सदस्य बनेगा और सक्रिय सदस्य ही चुनाव लड़ पाएगा और जल्द ही सेक्टर अध्यक्ष बनाने का काम किया जाएगा।

महानगर प्रभारी फखरूल इस्लाम, जिला उपाध्यक्ष पंकज चौधरी, रामकिशोर त्यागी, शिव कुमार सैनी ने भी अपने विचार रखे। नवमनोनीत महानगर उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह तंवर ने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है उसे पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ निभाने का काम किया जाएगा। ने अपने विचार व्यक्त किये।

बैठक में कमरुद्दीन, अरुण कुमार गुप्ता, जुनैद हसन, मोहम्मद अकबर, राजकुमार पवार, ऋषभ कुमार जैन, महेश करनावल, शाहनवाज, शाकीर, मोहित,अनिल कुमार, अब्दुल रहमान समेत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनपद से हटाए गए अवैध होर्डिंग्स




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देश पर जनपद में लगाये गये अवैध होर्डिंग्स को आज हटाया गया। जिसके चलते होर्डिंग्स लगाने वालों में कार्यवाही के डर से बेचैनी की स्थिति बनी रही।

जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देश पर जनपद के विभिन्न स्थलों में अवैध होर्डिंग को हटाने के आदेश के दृष्टिगत जिला प्रशासन एवं संबंधित संस्थानों के द्वारा अवैध होर्डिंग हटाने का कार्य शुरू किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि यह कार्य अभियान के तहत किया जा रहा है जो आगे भी जारी रहेगा।

# तीन बच्चों को खूंखार कुत्तों ने नोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** क्षेत्र में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है स आवारा कुत्तों के झुंड कहीं भी नन्हे मुन्ने बच्चों को नोच लेते हैं।



क्षेत्र में कई घटनाएं ऐसी घट चुकी हैं जिनमें आवारा कुत्तों ने घर के बाहर खेलने निकले बच्चों को घेरकर अपना निशाना बना लिया है हालांकि क्षेत्र वासियों ने कई बार शासन प्रशासन से गुहार लगाते हुए आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की है लेकिन उसके बावजूद भी संबंधित विभाग चुप्पी साधे हुए हैं। आवारा कुत्तों के आतंक से क्षेत्रवासी डर के साये में जीने को मजबूर हैं। रविवार को मिर्जापुर कस्बे मे नर्गिस पुत्री इसरार, अनस पुत्र मुरसलीन व सायमा को आवारा कुत्तों के झुंड ने घेरकर नोच लिया। घर के बहार खेलते नर्गिस, अनस व सायमा को कुत्तो के झुंड ने हमला कर घायल कर दिया है स लोगो ने चीख पुकार सुनकर घटनास्थल पर पंहुचे ओर घायल को आनन फानन मे चिकित्सक के यहां भर्ती किया। वहीं आवारा खूंखार कुत्तो के हमले से ग्रामीणों मे दहशत का माहौल बना हुआ है। एक और जहां अभी कुछ दिन पहले कुत्तो के झुंड ने रिश्तेदारी मे आये बच्चे पर हमला कर गंभीर घायल कर दिया था। वहीं करीब तीन महीने पहले कुत्तो के झुंड ने पाड़ली गांव मे एक बच्चे पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया था।

मिर्जापुर इलाके मे कुत्तो के हमले की कई घटनाये हो चुकी है। ग्रामीणों मे दहशत का माहौल बना हुआ है।

# नगर के चर्चों में आस्था के साथ मनाया ईस्टर पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ईसाई समाज द्वारा आज ईस्टर पर्व आस्था के साथ मनाया। साथ ही महानगर के चर्चो में विशेष प्रार्थना की गई।





सेक्रेट हार्ट चर्च में फादर जॉन, फादर मैथ्यू नरेश प्रार्थना सभा को संबोधित किया। फादर जॉन ने बताया आज के दिन हमारे हमारे भगवान प्रभु ईसा मसीह जीवित होते है शुक्रवार गुड फ्राइडे के दिन ईसा मसीह को सूली पर मृत्यु दी गई थी मृत्यु होने के पश्चात प्रभु ईसा मसीह के शरीर को कब्र में रखा गया था और कब्र के बाहर एक भारी भरकम पत्थर से कब्र को सील कर दिया था जब तीसरे दिन ईसा मसीह की माता मरियम कब्र पर गई तो कब्र का पत्थर कब्र पर नहीं था और कब्र के अंदर प्रभु ईसा मसीह का शरीर भी नहीं था प्रभु ईसा मसीह जीवित होने के बाद 40 दिन धरती पर रहे और उसके बाद स्वर्ग चले गए। इसलिए हम आज के दिन ईस्टर का पर्व बनाते हैं।

सीएन आई सेमिनरी चर्च में भी विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया। फादर रेव्ह. डा. दयाल एम लाल ने बताया कि आज के दिन प्रभु ईसा मसीह को यहूदी समाज ने सलीब पर चढा कर मौत की सजा दी थी क्योंकि यहूदी लोग ईसा मसीह की शिक्षाओं से बैर रखते थे। उन्होंने कहा कि अपने दुश्मनों से प्रेम करो। ब्रदर वेद प्रसाद, प्रियंका आशीष लूक और स्मरना शार्प ने मिलकर सभी सात वचनों पर प्रवचन दिया। इस दौरान डॉ कुसुम दयाल, सीमा वर्मा, एडविन शार्प, राहुल लूक, कल्पना जेकब, विनी बड्डून, धर्म पाल, मौरीन लूक, सिलविया लूक, दिनेश कुमार, वॉलेट सिंह, सुप्रिया शार्प, तुषार कुमार, डॉ कुनाल डेविड आदि मौजूद रहे।

उधर सेवन डे चर्च में पादरी सोलोमन सिंह ने प्रार्थना सभा की साथ में उनके पादरी जसपाल भट्टी भी थे। इस मौके पर सिस्टर प्रिंसिपल जरीन, सिस्टर जीवन लता, अर्चना जॉय, लुईजा, सरोज मसीह, रेशु, एंजेला, अनु विलियम, नीरज जॉय, माइकल सोलोमन, मास्टर अजय, अनस्ट मेसी, अलेक्स जॉय, ईवा, नैना मसीह, एडवीना, ज्योति मसीह, आकाश, नैना मसीह, प्रमिला, एंजेला, अनुष्का, मधु, आदि मौजूद रहे।

# योग भगवान शिव का वरदान: देवेन्द्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रमुख योग प्रशिक्षक और योगाचार्य देवेंद्र कुमार बंसल ने कहा कि योग, आदि योगी भगवान शिव का वह अनुपम वरदान है, जो मानव जीवन को न केवल स्वस्थ एवं दीर्घायु बनाता है, बल्कि उसे आत्मिक शांति और संतुलन की दिशा में भी अग्रसर करता है। यही कारण है कि आज के तनावग्रस्त और भागदौड़ भरे जीवन में योग एक संजीवनी बन चुका है।



योगाचार्य बंसल आज बेहट रोड स्थित बालाजी धाम में आयोजित शिविर में योग के बारे में साधकों को बता रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहो, मस्त रहो के मूल मंत्र को आत्मसात करें। उन्होंने जनमानस को न केवल योग की महत्ता से अवगत कराया, बल्कि उन्हें जीवन की नई दिशा भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को लचीला बनाने का अभ्यास नहीं है, बल्कि यह एक सम्पूर्ण जीवन दर्शन है, जो तन, मन और आत्मा तीनों को एक सूत्र में बांधता है। योग आत्मानुशासन, आंतरिक संतुलन और उच्च विचारों का संगम है, जो व्यक्ति को न केवल स्वयं के प्रति सजग बनाता है, बल्कि समाज को भी सशक्त बनाता है। गुरूदेव अतुल जोशी महाराज ने कहा कि देवेंद्र बंसल जैसे कर्मयोगी समाज को स्वास्थ्य और चेतना का प्रकाश दे रहे हैं। उनका योग के प्रति समर्पण अनुकरणीय है।

शिविर में प्रमुख रूप से श्री बालाजी धाम एवं योग मित्र आरोग्य पथ परिवार की सक्रिय भूमिका रही। इस दौरान मनोज गोयल, अनुज माहेश्वरी, विजय वर्मा, पंकज सिंह, सुशील सढाना, हरिओम गुप्ता, प्राची, टी. टी. जैन, नरेश माहेश्वरी, प्रभात शर्मा, आशिष शर्मा, मन्नू बंसल, गुलशन जग्गा, मुकेश कुमार, अत्तर सिंह, संदीप सैनी, प्रियंका सैनी, नवीन राजपूत, प्रियांक गर्ग सहित 100 से अधिक साधक सहित लोग मौजूद रहे।

### मंदिर के दान पात्र को बनाया निशाना

**चिलकाना।** बरथा कायस्थ पठेड़ गांव में अज्ञात चोरों ने मंदिर के दानपात्र को निशाना बनाते हुए लगभग बीस हजार रुपये की नकदी उड़ा ली है। मंदिर कमेटी की ओर से थाना पर तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक श्री महादेव मंदिर बरथाकायस्थ में रखे दान पात्र जिसमे प्रतिदिन के दान में चढ़ाये गए पैसे रखे जाते थे, उक्त दान पात्र को रात्रि के समय किन्ही अज्ञात द्वारा चोरी कर लिया गया है। मंदिर कमेटी की ओर से दी गई तहरीर में बताया गया है कि इस दान पात्र में लगभग 20-22 हजार रुपए थे।

मंदिर कमेटी प्रबन्धक शिव कुमार अग्रवाल द्वारा थाना पर तहरीर देकर उक्त मामले में प्राथमिकी दर्ज किये जाने व मंदिर में हुए इस कृत्य की गहनता से जांच करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है।

# अलग-अलग स्थानों से नशा तस्कर समेत चार दबोचे

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने विभिन्न मामलों में अलग-अलग स्थानों से दो नशा तस्करों समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक बीनू सिंह व उपनिरीक्षक ललित तोमर के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर चौकिंग के दौरान एक शातिर नशा तस्कर साहिल पुत्र गुलफाम अहमद निवासी पुल खुमरान बाबा सराय थाना कोतवाली नगर को कच्चा 62 फुटा रोड से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 115 ग्राम अवैध चरस बरामद कर ली। इसी थाना पुलिस ने उपनिरीक्षक राजकुमार त्यागी के नेतृत्व में गश्त के दौरान एक शातिर आरोपी मनीष पुत्र ओमप्रकाश निवासी चकहरेटी जनता रोड पुष्पांजलि विहार थाना जनकपुरी को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे सेएक नाजायज चाकू बरामद कर लिया। एक अन्य मामले में उपनिरीक्षक नरेंद्र सोलंकी के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक बद माश मुस्तकीम पुत्र नईम निवासी खान आलमपुरा थाना जनकपुरी को संकलापुरी रोड पर हनुमान चौराहा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 120 ग्राम नाजायज चरस बरामद कर ली। इसी थाना पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक बीनू सिंह व उपनिरीक्षक ललित तोमर के नेतृत्व में गश्त व चौकिंग के दौरान एक शातिर जिला बदर बदमाश नावेद पुत्र तहसीन निवासी मौहल्ला झोटेवाला थाना मंडी को अवैध चाकू सहित पकड़ लिया।

### वांछित जेल भेजा

**सहारनपुर।** सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित चल रहे एक आरोपी को दबोचकर जेल भेज दिया।

13 अप्रैल को वादिया ने लिखित तहरीर देकर बताया था कि आरोपी पंकज बिल्टोरिया पुत्र सुभाष बिल्टोरिया उसके अश्लील फोटो खींचकर छेड़छाड़ करना, जान से मारने की धमकी देना व वादिया से रूपयों की मांग करता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। आज कोतवाली सदर बाजार पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी व उपनिरीक्षक देवीचरण सिंह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित आरोपी पंकज बिल्टोरिया पुत्र सुभाष बिल्टोरिया प्रधान पुरम गोविंदपुरम थाना मसूरी जिला गाजियाबाद हाल पता लक्कड़ बाजार पुरानी मंडी थाना कुतुबशेर को हकीकत नगर चौक रामलीला मैदान के पास से दबोच लिया।

# निशाने पर आरएसएस

एक तरफ जहां पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद में हुई बाप-बेटे की हत्या के मामले में गिरफ्तारी का सिलसिला जारी है। तो वही दुसरी तरफ राजनीतिक बयानबाजी अपने चरम पर है। रविवार को मुर्शिदाबाद हिंसा में मारे गए बाप-बेटे की हत्या के मामले में चौथी गिरफ्तारी की बात सामने आई है। पश्चिम बंगाल के विशेष जांच दल ने जियाउल शेख के नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है वह मुख्य आरोपियों में से एक है और 11 अप्रैल को वक्फ संशोधन विधायक को लेकर भड़की हिंसा में हरगोविंदो दास व उनके बेटे चंदन को मार डाला था। उस भीड़ को उक्साने में शेख का बहुत बड़ा हाथ था। इससे साफ है कि पश्चिम बंगाल सरकार जो हिंसा में लिप्त है उनको कानून के कठघरे में पहुंचाने के लिए प्रयास कर रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कई बार कह भी चुकी है कि जो भी हिंसा में दोषी है उनको बख्शा भी नहीं जाएगा। बात सही भी है हिंसा की इजाजत किसी को भी नहीं दी जा सकती। ठीक उसी तरह इस तरह की घटनाओं पर राजनीति करना भी ठीक नहीं कहा जा सकता, लेकिन विडंबना देखिए जहां सभी की यह कोशिश होनी चाहिए कि हिंसाग्रस्त क्षेत्र में शांति आए। उसके विपरित ऐसे काम किए जा रहे है जिससे इस पूरे मामले का राजनीतिकरण किया जा सके। जाहिर है हर कोई इसे अपने नजरिए से देख रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तो एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप में एक से बढ़कर एक बाजी मारने में लगे है। योगी आदित्यनाथ कह रहे है कि लातों के भूत बातों से नहीं मानते और दंगाईयों से शक्ति से निपटना चाहिए। जाहिर है जब वह ऐसा कह रहे है, तो उनके कहने का मतलब यही है कि ममता बनर्जी सख्ती से काम नहीं ले रही है। जबकि ममता पलटवार करते योगी को भोगी बता रही है और भी जाने कितनी तरह की बाते हो रही है। जो किसी के भी हित में नहीं है। शांति लाने में तो बिलकुल भी नहीं अब शनिवार की देर रात की ही बात करें तो ममता बनर्जी ने दो पेज का एक खुला पत्र जारी किया है। जिसमे आरोप लगाया है कि मुर्शिदाबाद की हिंसा भाजपा और आरएसएस के लोगों ने कराई है। पत्र में उन्होंने कहा है कि भाजपा और आरएसएस ने पश्चिम बंगाल में दुर्भावनापूर्ण अभियान शुरू किया है। ममता का यह भी दावा है कि आरएसएस व भाजपा इस घटना का इस्तेमाल बांटने वाली राजनीति के लिए कर रही है। ममता ने इस पत्र में यह कहकर लोगों से अपील भी कि है कि बहुसंख्यक व अल्पसंख्यक समुदायों को एक-दूसरे का ख्याल रखना चाहिए। वैसे देखा जाए तो ममता बनर्जी व भाजपा के बीच पहले से ही 36 का आंकड़ा रहा है। जब भी अवसर मिलता है भाजपा ममता को घेरने में नहीं चुकती तो वही ममता भी पलटवार करने में जरा भी देर नहीं लगाती। जाहिर है लोकतंत्र में इस तरह का वातावरण ठीक नहीं कहा जा सकता। लड़ाई वेचारिक होनी चाहिए। जिसका आजकल अभाव दिखता है।

## झूठ के प्रचार में भाजपा को महारथ हासिल



सच छिपाने और झूठ के प्रचार में भाजपा को महारथ हासिल है, उसका जीता जागता प्रमाण महाकुंभ है, महाकुंभ पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं से सच छिपाकर बेहतर व्यवस्था का झूठा प्रचार किया गया, पहले किसी सरकार में कोई मंत्री प्रोपोगंडा किया करता था, लेकिन यहां तो पूरी भाजपा सरकार ही प्रोपोगंडा पर चल रही है, यह श्रद्धालुओं का महाकुंभ नहीं था, यह पूरी तरह राजनीतिक कुंभ था, मुख्यमंत्री ने दावा किया था महाकुंभ में 100 करोड़ लोगों की व्यवस्था की गई है, जो पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुई है, महाकुंभ में व्यवस्था कम और प्रचार अधिक था, दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मेला महाकुंभ के मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर हुई दर्दनाक हादसे को रोका जा सकता था, लेकिन इस सरकार में अहंकार इतना कि प्रबल है सुझाव और आशंकाओं को भी आलोचना समझा गया।

**अखिलेश यादव**
**अध्यक्ष समाजवादी पार्टी**

# फिल्मों से डरते कागजी बहादुर





**पवन सिंह**

**सेंसर बोर्ड ने विगत 11 सालों में ऐसी तमाम फिल्मों को या तो रोका है या उन पर कैंची चलाई है जिन्होंने भी भारतीय समाज की नग्न तस्वीर सामने रखने की कोशिश की है**

बहादुरों में एक कौम होती है जिसे कागजी बहादुर कहा जाता है। इस तरह की कागजी बहादुर कौम और इसके रहनुमा को बहुत की करीने व सलीके से कागजों पर तैयार किया जाता है। किसी थ्री-डी फिल्म या कामिक्स की तरह पहले कागजी बहादुर का एक कैरेक्टर गढ़ा जाता है और फिर उसमें रंग भरकर मूवमेंट्स दे दिए जाते हैं! इसके बाद इस कैरेक्टर को आवाम के दिलो-दिमाग में उतारा जाता है। जबकि ऐसे कैरेक्टर दरअसल कागज़ी बहादुर होते हैं, लेकिन आवाम को ऐसा हिप्नोटाइज करते हैं कि आवाम सब कुछ लुटा के जब तक होश में आती है तब-तक बहुत देर हो चुकी होती है।

इधर भी कुछ कागज़ी बहादुर कैरेक्टर गढ़े गए हैं ओर उनके पीछे एक भीड़ गढ़ दी गई है। जैसे भीड़ का कभी कोई चरित्र ओर विवेक नहीं रहता वैसे ही कागजी बहादुरों का भी कोई चरित्र नहीं रहता। भीड़ कागज़ी बहादुर की कठपुतली होती है ओर कागज़ी बहादुर को दूर बैठा कोई और संचालित कर रहा होता है। ऐसे कागज़ी बहादुर तेज हवाओं से सहम जाता करते हैं! तेज आवाज से चौंक जाते हैं! हालात यह हो जाते हैं कि फिल्में भी डरा दिया करती हैं। फिल्म निर्माता निर्देशक अनुराग कश्यप ने सेंसर बोर्ड की लचर-पचर और सत्ताचरण वंदन कार्य-प्रणाली पर जो टिप्पणी की है, वह सर्वथा उचित है।

सेंसर बोर्ड हर हाल में कागज़ी बहादुरों की उस छवि को बचाए रखने के लिए कटिबद्ध नजर आता है जिसे बमुश्किल से विगत 70 सालों में कतरा-कतरा करके झूठ के सहारे गढ़ा गया और फिर 2008-2009 से नफ़रत और फिरका परस्ती के रंगों से उसे रंगा गया! सेंसर बोर्ड ने विगत 11 सालों में ऐसी तमाम फिल्मों को या तो रोका है या उन पर कैंची चलाई है जिन्होंने भी भारतीय समाज की नग्न तस्वीर सामने रखने की कोशिश की है। सेंसर बोर्ड एक अलग ही लेबल का कागजी शेर है। छींक से भी डरता हुआ और हवाओं से भी सिहरता हुआ। बिना रीढ़ का एक ऐसा कुनबा जिसकी अपनी कोई स्वतंत्र सोच नहीं है। जिसकी सत्ता उसकी चौकीदारी मतलब सेंसर बोर्ड।

कुछ उदाहरण देता हूं जैसे-2005 में विनोद पांडेय ने एक लड़की और पादरी के अफेयर पर एक फिल्म बनाई थी सिंस। जरा सा विरोध विरोध हुआ सेंसर बोर्ड को ठंड लगकर बुखार आ गया और इसे बैन कर दिया गया। वर्ष 2005 में फिल्म वाटर बनी। जो कि भारत में बाल विधवाओं के जीवन पर आधारित थी। सेंसर बोर्ड को फिर ठंड लगकर बुखार आया और उसके कुछ दृश्यों के कारण उसे प्रतिबंधित कर दिया था...वर्ष, 2005 में ही परजानिया आई। यह फिल्म भारत में सां. प्रदायिक दंगों पर आधारित थी लेकिन सेंसर बोर्ड की हिम्मत चोक ले गई और कुछ दृश्यों के कारण इसे प्रतिबंधित कर दिया। वर्ष, 2014 में अनफ्रीडम आई यह फिल्म भारत में एलजीबीटीआईक्यू+ समुदाय यानी कि लेस्बियन, गे, बाइसेक्सुअल, ट्रांसजेंडर और क्वीर पर आधारित थी। सेंसर बोर्ड को इस बार ठंड लगकर बुखार के साथ-साथ डायरिया हो गया और फिल्म बैन हो गई। एक फिल्म बनी घल्लूघारा। दिलजीत दोसांझ की इस फिल्म पर सेंसर बोर्ड फावड़ा-कुदाल लेकर बैठ गया और तमाम सीन इस बिना पर कटवा दिए कि इससे हिंसा भड़क सकती है यहां तक कि कागज बहादुर बोर्ड ने फिल्म का शीर्षक बदलने के लिए कहा था। एक लखनऊ के डायरेक्टर हैं संजीव जायसवाल शूद्रों के हालात पर शूद्र द राइजिंग बनाई पहले सेंसर बोर्ड से लड़ें फिर 'भावना आहत गैंग' से! देश में ये गैंग एक अलग ही लेबल पर सक्रिय है टू ट्राप आफ वाटर गिरने से ही भावना आहत होकर 'स्खलित' हो जाती है। शूद्र पर किसी की भावना आहत हो गई और मुकदमा हो गया। 'भावना जी' एक सीन पर आहत हो गईं जिसमें एक शूद्र बालक द्वारा शिवमंत्र के जाप करने से सवर्णों द्वारा जिह्वा काट लेने, शूद्र व्यक्ति को कुएं से पानी लेने से रोकने, जिसके कारण जल के अभाव से उसके पिता की मृत्यु होने, शूद्रों को मंदिर में प्रवेश करने से वर्जित करने जैसे विषयों को दिखाया गया है। सेंसर बोर्ड की कैंची की धार और भावना गैंग की भावना, द केरला स्टोरी और कश्मीर फाइल्स और छावा पर कुंद हो जाती है? लेकिन अगर कोई निर्माता अगर गुजरात दंगों पर गोधरा द ट्रुथ, पुलवामा फाइल्स, मणिपुर फाइल्स, इंडस्ट्रलिस्ट पितामह, भाई डियर फ्रेंड, काणां बाबा, पैरोल के संत टाइप्स फिल्म बना दे तो सेंसर बोर्ड के सारे सेंसर जाग्रत हो जाएंगे और आहत गैंग उचक कर बाहर आ जाएगा। कारण साफ है कागजी बहादुरों की छवि सालों-साल की कड़ी कागजी मेहनत और झूठ व फरेब के रंगों से गढ़ी जाती है। कागज पर यानी 'अखबार के पन्नों' और 'न्यूज चैनलों के स्टूडियो' के भीतर गढ़ी गई कागजी छवि इतनी हल्की होती है कि वह हमेशा सच की एक बूंद के गिरने से भी डर जाती है। इसीलिए विश्व में जितने भी कागजी शेर पाले गए वो सभी सच से सदैव डरे रहे। ये कागजी शेर फिल्मों के कथानक से डरे रहते हैं। ये कागजी शेर किसी एक डायलॉग से डरें रहते हैं। ये कागजी शेर किसी एक सीन से डरें रहते हैं और जब-जब ये डरते हैं अपनी मातहत संस्थाओं को आगे कर देते हैं। इन कागजी शेरों के एजेंडे से जुड़ी फिल्मों से भले आग लग जाए उन्हें डर नहीं लगता क्योंकि वह उनके एजेंडे का पोषण करती हैं लेकिन जैसे ही सच को छूते हुए सब्जेक्ट आते हैं कागजी शेर गैस्ट्रो का शिकार हो जाते हैं। फिल्म 'फूले' से डरे हुए कागजी शेरों का सच यही है।

**सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश के एक युवा शायर अविनाश तिवारी 'ब्रह्मवंशी' का एक शेर साझा है**

**लगा लो जोर तुम चाहे जितना तानाशाही के लिए**
**हम भी लड़ते रहेंगे अपनी बेगुनाही के लिए**
**कितना भी जुल्म कर लो कत्ल छुपाने के लिए**
**आएंगी अब तो लाशें भी गवाही के लिए**
**सियासत बिक चुकी है अपने एश-ओ-इशरत के लिए**
**पकड़ लाते हैं सिर्फ़ बेगुनाह ही कार्यवाही के लिए**

( ये लेखक के निजी विचार है )

# गांव, किसान और मजदूरः कॉर्पोरेट सत्ता के शिकार



**2014 के पहले तक की सरकारें भले ही पूंजीपतियों के प्रति नरम रुख रखती रही हों, लेकिन उस समय नीतियों में एक संतुलन बना रहता था**



**विरेश तरार**

भारतीय लोकतंत्र की आत्मा माने जाने वाले गांव, किसान और श्रमिक वर्ग पिछले कुछ वर्षों में सत्ता और पूंजी के गठजोड़ की प्रयोगशाला में तब्दील हो चुके हैं। वे जो कभी देश की अर्थव्यवस्था का मेरुदंड होते थे, आज सरकार और कॉर्पोरेट के साझे 'विकास मॉडल' में सिर्फ 'लाभार्थी' बनकर रह गए हैं।

2014 के पहले तक की सरकारें भले ही पूंजीपतियों के प्रति नरम रुख रखती रही हों, लेकिन उस समय नीतियों में एक संतुलन बना रहता था, जिसमें किसान, मजदूर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को 'कमज़ोर लेकिन ज़रूरी' मानते हुए कुछ जगह दी जाती थी। लेकिन 2014 के बाद सत्ता में आई सरकार ने जैसे घोषणा कर दी कि अब प्राथमिकता सिर्फ कॉर्पोरेट है।

### 'कॉर्पोरेट प्रथम' का नया दौर

मोदी सरकार ने सत्ता संभालते ही जिस तरह से 'मेक इन इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया', 'डिजिटल इंडिया', 'नेशनल मॉनेटाइजेशन पाइपलाइन' जैसी योजनाओं के ज़रिए देश की संपत्ति को निजी हाथों में सौंपने का सिलसिला शुरू किया, उसने साफ संकेत दे दिए थे कि आने वाला वक्त पूंजीपतियों के लिए 'गोल्डन एरा' होगा। रेलवे, एयरपोर्ट, तेल कंपनियां, बीमा, बैंक एक-एक कर सार्वजनिक क्षेत्र की संपत्तियां निजी हाथों में जाती गईं, और वही हाथ अब नीति निर्माण में भी निर्णायक भूमिका निभाने लगे।

### जो रोड़े थे, उन्हें रास्ते से हटाया गया

सरकार जानती थी कि यदि कोई वर्ग इन फैसलों की राह में सबसे बड़ा रोड़ा बन सकता है तो वह है किसान, मजदूर और नौकरीपेशा वर्ग। इसीलिए इनके ध्यान को मुख्य मुद्दों से भटकाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से प्रपंचों की राजनीति की गई। कभी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के नाम पर 6000 रुपये की किश्तों में 'करुणा' बांटी गई, तो मुफ्त राशन और गैस सिलेंडर जैसे कदमों से एक श्लाभार्थी मानसिकताश को गढ़ा गया। ये वो वर्ग हैं जो कभी अधिकार मांगते थे, अब कृपा स्वीकार करने के लिए विवश हो गए। इसी तरह अग्निवीर योजना लाकर युवा वर्ग की स्थायी नौकरी की आकांक्षा को अस्थायी ठेकेदारी में बदल दिया गया, जबकि इसका विरोध करने वालों को 'राष्ट्र विरोधी' तक बताया गया।

### धार्मिक आयोजनों व भावनात्मक मुद्दों की बिछी बिसात

इस नई राजनीति में धर्म एक उपकरण की तरह इस्तेमाल किया गया। राम मंदिर, कांवड़ यात्रा, गो रक्षा, घर वापसी जैसे मुद्दे मीडिया और सत्ताधारी दल की प्राथमिकता बने रहे। इसके समानांतर किसान आंदोलन, श्रमिक असंतोष, बेरोजगारी, महंगाई जैसे मुद्दे हाशिये पर डाल दिए गए। कई बार सरकार खुद ही ऐसे धार्मिक रूप से संवेदनशील मुद्दों को हवा देने में ल गई दिखती है जिससे जनमानस भावनाओं में उलझा रहे और आर्थिक फैसलों पर जनदबाव न बन पाए। 2020-21 का कृषि कानून विवाद इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जिसमें किसान वर्ग को वर्षों तक संघर्ष करना पड़ा।

### 'महिला आरक्षण': बहाना या बदलाव?

ऐसे ही एक भावनात्मक प्रलोभन के रूप में हाल में महिला आरक्षण विधेयक को पेश किया गया। लेकिन इसकी समयसीमा और कार्यान्वयन की अनिश्चितता इसे मात्र 'शिगूफा' बनाती है। यह सच है कि महिला मतदाता करीब पचास प्रतिशत हैं, और उनके सम्मान, अधिकार, नेतृत्व की बात कर उन्हें लुभाना आसान भी है। लेकिन हकीकत यह है कि जमीनी स्तर पर न तो पंचायतों में शक्ति का हस्तांतरण हो सका, न ही संसद में महिलाओं की संख्या में ठोस बढ़ोतरी।

### मीडिया की चुप्पी और कॉरपोरेट की सहमति

मीडिया जो कभी सरकार की निगरानी करता था, अब कॉर्पोरेट के नियंत्रण में आ चुका है। अब बहस का केंद्र नीतियां नहीं, विवाद और भावनाएं हैं। टीवी पर जाति, धर्म और राष्ट्रवाद पर हो-हल्ला रहता है, लेकिन नरेगा की घटती मज़दूरी, किसान की गिरती आमदनी या मजदूरों की हालत पर मौन पसरा रहता है।

### आदिवासी समुदाय व प्राकृतिक संसाधनों पर भी नजर

सरकार और पूंजी का गठजोड़ केवल खेतिहर किसान और श्रमिक वर्ग तक सीमित नहीं है। देश के वन क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी समुदायों पर भी कॉर्पोरेट की नजर है। झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा में खनन परियोजनाओं के नाम पर जिस तरह जंगल, ज़मीन और नदी-नाले छीने जा रहे हैं, वह भी इसी मॉडल का विस्तार है। लब्बोलुआब यह कि देश का लोकतंत्र अगर वास्तव में 'जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा' है, तो आज जो नीति-निर्माण की प्रक्रिया है वह इस आत्मा से पूरी तरह भटकी हुई लगती है। किसान और मजदूर वर्ग को भले ही वादों और भत्तों से संतुष्ट रखने की कोशिश की जाए, लेकिन जब तक वे अपने वास्तविक अधिकारों, हिस्सेदारी और नीति-निर्धारण में भागीदारी के लिए खड़े नहीं होंगे, तब तक यह शोषण चक्र चलता रहेगा।

# नवजात इल्ली भी अपना इलाका बांधती है

स्रोत फ्रीपिक



बाघ, तेंदुआ, कुत्ता, बिल्ली जैसे बड़े-बड़े जानवर अपना इलाका बांधते हैं। यानी वे कुछ संकेतों के ज़रिए अपना अधिकार क्षेत्र चिंहित करते हैं। इस इलाके के संसाधनों, खासकर मादाओं, पर उनका अधिकार होता है। और, इलाके में अतिक्रमण की कोशिश हो तो चेतावनियों से लेकर मुठभेड़ तक की स्थिति बन सकती है। लेकिन क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि 2 मिलीमीटर छोटी वार्टी बर्च इल्ली भी इलाका बांधती होगा। जी हां, इतनी छोटी-सी इल्ली 1 सेंटीमीटर लंबी जगह का इलाका बांधती है।

उत्तरी अमेरिका में दो-धारियों वाली एक पतंगा मादा (**Falcaria bilineata**) सनोबर की टहनियों और पत्तियों पर अपने अंडे देती है। जब अंडे फूटते हैं तो इनसे निकलने वाली इल्ली (वार्टी बर्च कैटरपिलर) तुरंत ही करीब की पत्तियों की नोंक पर चली जाती हैं। वैज्ञानिकों ने काफी समय से इल्लियों के इस व्यवहार के अलावा एक और व्यवहार पर गौर किया था ख्र ये इल्लियां पत्तियों पर कम्पन करती हैं। इस व्यवहार को देखकर लगा कि संभवतः यह इलाका बांधने का संकेत है।

अनुमान की जांच करने के लिए कार्लटन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने कुछ वार्टी बर्च इल्लियों को पकड़कर प्रयोगशाला में यह देखने के लिए जमाया कि यदि किसी पत्ती पर कोई वार्टी बर्च इल्ली पहले से है और उसी प्रजाति की दूसरी इल्ली आती है तो पहले से बैठी इल्ली क्या प्रतिक्रिया देती है? उन्होंने पाया कि जब कोई घुसपैठिया इल्ली आती है तो पहली इल्ली अधिक ज़ोर-ज़ोर से कम्पन करना शुरू कर देती है। वह अपने शरीर को पत्ती पर ठोंककर आवाज़ पैदा करती है और अपने शरीर को पत्ती पर रगड़ती है। यह ध्वनि इस बात का संकेत होती है कि यह इलाका आरक्षित है, कहीं और चले जाओ। यदि घुसपैठिया इल्ली फिर भी आगे बढ़ती है तो कम्पन पहले से भी 14 गुना तेज़ी से होने लगते हैं। जर्नल ऑफ एक्सपेरीमेंटल बायोलॉजी में प्रकाशित शोध पत्र में बताया गया है कि इन कम्पनों से उन्हें अपना छोटा-सा इलाका बचाए रखने में मदद मिलती है, 71 प्रतिशत मामलों में इल्लियां इस तरह अपना इलाका महफूज़ रख पाईं लेकिन जिन मामलों में घुसपैठिया इल्ली हावी हुई तो देखा गया कि निवासी इल्ली रेशम के धागे के सहारे पत्ती से नीचे कूद गई। शोधकर्ताओं का कहना है कि इल्ली पत्ती के सिरे पर इसलिए जाती हैं क्योंकि पत्ती की नोंक लचीली होती है जिसके चलते कम्पन को बढ़ाने में मदद मिलती है, और जान पर आने के समय रेशमी धागे के सहारे कूदना भी आसान है ही।

**इल्ली अपने शरीर को पत्ती पर ठोंककर आवाज़ पैदा करती है और अपने शरीर को पत्ती पर रगड़ती है, यह ध्वनि इस बात का संकेत होती है कि यह इलाका आरक्षित है, कहीं और चले जाओ**

# न्यू बॉर्न बेबी की देखभाल के दौरान पेरेंट्स भूलकर भी न करें ये गलतियां

## वरना बच्चे की सेहत को हो सकता है नुकसान



बच्चे का जन्म न सिर्फ माता-पिता बल्कि उनके आसपास के लोगों के लिए भी खुशियों से भरा पल होता है। न्यू बॉर्न बेबी के होने से जितनी खुशी और सुकून की बात होती है, उतनी ही जिम्मेदारियों से भरा काम होता है। क्योंकि नवजात बच्चे काफी ज्यादा नाजुक होते हैं, इसलिए उनकी देखभाल बहुत ध्यान से करने की जरूरत होती है। हालांकि नवजात बच्चे की देखभाल के दौरान पेरेंट्स कुछ ऐसी गलतियां करते हैं, जिसका उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नवजात बच्चे के देखभाल के कुछ जरूरी टिप्स बताने जा रहे हैं। साथ ही उन गलतियों को करने से बचना चाहिए।

### सीधी लाइट न डालें...

नवजात बच्चे की आंखें बहुत सेंसिटिव होती हैं, ऐसे में उनको तेज रोशनी से परेशानी हो सकती हैं। बच्चे को सीधे तौर पर बल्ब या फोन के टॉर्च और सूरज की रोशनी में नहीं ले जाना चाहिए। इससे उनकी आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए बच्चे को ऐसी जगह पर रखें, जहां पर पर्याप्त मात्र में हल्की रोशनी हो। वहीं रात के समय भी बच्चे को तेज लाइट में नहीं ले जाएं, जिससे बच्चे को सोने में परेशानी न हो।

### नवजात के पास तेज शोर या म्यूजिक न बजाएं

बता दें कि नवजात बच्चे के पास अधिक शोर या तेज म्यूजिक नहीं बजाना चाहिए। इससे बच्चे को असु. विधा और घबराहट हो सकती है। क्योंकि नवजात बच्चे के कान के परदे काफी नाजुक होते हैं। इसलिए उनके लिए तेज आवाज या म्यूजिक सही नहीं है। तेज म्यूजिक या शोर से बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास पर प्रभाव पड़ सकता है।

### एसी या पंखे की सीधी हवा

इसके साथ ही नवजात बच्चे को कभी भी सीधे तौर पर ठंडी या गर्म हवा में नहीं रखना चाहिए। अगर आप एसी या पंखा चलाते हैं। तो ध्यान रखें कि बच्चे पर इसकी सीधी हवा न पड़े। ठंडी हवा लगने से बच्चे को सर्दी-खांसी की समस्या हो सकती है। वहीं बहुत ज्यादा गर्म वातावरण भी नवजात बच्चे के लिए अच्छा नहीं होता है।

### चेहरे पर किस करने से बचें

नवजात बच्चा दिखने में बहुत क्यूट लगते हैं। ऐसे में न सिर्फ उनके पेरेंट्स बल्कि उनसे मिलने आने-जाने वाले लोग भी बच्चे के गाल या माथे पर किस करते हैं। लेकिन यह बच्चे के लिए काफी खतरनाक हो सकता है। नवजात बच्चे की त्वचा और इम्यून सिस्टम काफी सेंसिटिव होता है। जिसके वजह से वह आसानी से इंफेक्शन के संपर्क में आ सकते हैं।

### छोटे बच्चों के साथ नवजात को अकेला न छोड़ें

नवजात बच्चे को कभी भी छोटे बच्चे के साथ अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। क्योंकि छोटे बच्चे समझदार नहीं होते हैं। ऐसे में वह नवजात शिशु को अंजाने में चोट पहुंचा सकते हैं।



# आखिर फूटा गुस्साः ट्रम्प की बढ़ी मुसीबतें

## सड़कों पर उतरा 50 अमेरिकी राज्यों का जनसैलाब

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ हजारों प्रदर्शनकारी एक बार फिर सड़कों पर उतर आए। यह प्रदर्शन सभी 50 राज्यों में हुए। प्रदर्शनकारी ट्रम्प की टैरिफ वार की नीतियों, सरकारी नौकरियों में छंटनी का विरोध कर रहे हैं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति आवास व्हाइट हाउस का घेराव किया। लोगों ने ट्रम्प पर नागरिक और कानून के शासन को कुचलने का आरोप लगाया।

इस आंदोलन को 50501 नाम दिया गया है, जिसका मतलब 50 विरोध प्रदर्शन, 50 राज्य, 1 आंदोलन है। प्रदर्शनकारियों ने व्हाइट हाउस के अलावा टेस्ला के शोरूम का भी घेराव किया। ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शनों का यह दूसरा दौर है। इससे पहले 5 अप्रैल को ट्रम्प के खिलाफ पूरे देश में प्रदर्शन हुए थे। राजधानी वाशिंगटन डीसी समेत सभी राज्यों में प्रदर्शन की बड़ी वजह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और कारोबारी एलन मस्क की आक्रामक नीतियां हैं।


एलन मस्क का दक्षता विभाग लगातार सरकारी विभागों में छंटनी कर रहा है। अब तक हजारों सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा चुका है। दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रम्प की अप्रवासियों पर कार्रवाई और दूसरे देशों पर टैरिफ लगाने की सख्त पालिसी भी इन प्रदर्शनों की एक बड़ी वजह है। ट्रम्प के टैरिफ वार से अमेरिका में दूसरे देशों से आने वाली चीजों के दाम बढ़े हैं। इसका सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है। अमेरिकी सर्वे एजेंसी गैलप के मुताबिक 45 प्रतिशत अमेरिकी वोटर्स ट्रम्प के पहले 3 महीने के कामकाज से खुश हैं, जबकि ट्रम्प के पहले कार्यकाल के शुरुआती 3 महीनों में 41 प्रतिशत वोटर्स ही उनके कामकाज से संतुष्ट थे। हालांकि यह बाकी राष्ट्रपतियों की तुलना में बेहद कम है। 1952 से 2020 के बीच सभी राष्ट्रपति की पहली तिमाही की औसत रेटिंग 60 प्रतिशत है। इसकी तुलना में ट्रम्प की रेटिंग कम दिख रही है। एजेंसी के मुताबिक ट्रम्प के पदभार संभालने के वक्त उनकी रेटिंग 47 प्रतिशत थी। इसमें भी गिरावट दर्ज हुई है।

### अमेरिकी टैरिफ अरब के गैर तेल निर्यात के लिए खतरा

**बेरूत।** अमेरिकी व्यापार संरक्षणवाद में तेज वृद्धि से अरब अर्थव्यवस्थायें भारी दबाव में है, जिससे 22 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-तेल निर्यात को खतरा है। पश्चिमी एशिया के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग द्वारा शनिवार को जारी नीति विवरण में यह बात कही गई। इस मामले में जॉर्डन सबसे कमजोर के रूप में उभरा है, जिसके कुल निर्यात का लगभग एक चौथाई हिस्सा अमेरिका को जाता है। बहरीन भी अमेरिकी बाजार में एल्यूमीनियम और रासायनिक निर्यात पर अपनी भारी निर्भरता के कारण निशाने पर है। विवरण में कहा गया, इस बीच, संयुक्त अरब अमीरात को अमेरिका में होने वाले लगभग 10 अरब डॉलर के पुनर्निर्यात में व्यवधान देखने को मिल सकता है।

# ऊंची अदालत में अपील नहीं कर सकेंगे कुलभूषण

- सिर्फ काउंसलर मदद मुहैया कराई
- जासूसी में जाधव 9 साल से जेल में बंद



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की जेल में बंद भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव को ऊपरी अदालत में अपील करने का अधिकार नहीं दिया गया है। यह जानकारी पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान दी। दरअसल पाक सुप्रीम कोर्ट में इमरान खान के समर्थकों की गिरफ्तारी से जुड़े मामले में सुनवाई चल रही थी। इस दौरान कोर्ट ने वकील से पूछा कि क्या कुलभूषण जाधव को अपील का अधिकार मिला था और अगर मिला था तो पाकिस्तान के नागरिकों को यह अधिकार क्यों नहीं। इस पर रक्षा मंत्रालय के वकील ने कहा कि जाधव को अपील का कोई अधिकार नहीं मिला था। जाधव 2016 से पाकिस्तान की जेल में बंद हैं। पाकिस्तान ने उन पर जासूसी करने का आरोप लगाया है। पाकिस्तानी अखबार डान की रिपोर्ट के मुताबिक जाधव को 2019 में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के फैसले के बाद सिर्फ कान्सुलर एक्सेस दिया गया था। कान्सुलर एक्सेस का प्रावधान होने पर आरोपी को हाई कमीशन के जरिए मदद मिलती है जाधव को बलूचिस्तान से गिरफ्तार किया पाकिस्तानी सेना ने 3 मार्च 2016 को बताया था कि उसने कुलभूषण जाधव को बलूचिस्तान प्रांत से गिरफ्तार किया था। पाकिस्तान ने कुलभूषण पर जासूसी और देशविरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया था। पाकिस्तान ने एक वीडियो जारी किया था, जिसमें जाधव ने कथित तौर पर स्वीकार किया था कि वह भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ के लिए काम कर रहे थे और बलूचिस्तान और कराची में अस्थिरता फैलाने में शामिल थे। हालांकि, भारत ने इसे खारिज करते हुए कहा था कि यह जबरन लिया गया बयान है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों ने जाधव को ईरान से अगवा किया। जाधव रिटायरमेंट के बाद ईरान में बिजनेस कर रहे थे।

# हसीना को रेड कॉर्नर नोटिस जारी करे इंटरपोल

## 11 अन्य लोगों पर भी ऐसी ही मांग, तख्तापलट के बाद 9 महीने से भारत में रह रहीं पूर्व पीएम



**ढाका।** बांग्लादेश पुलिस ने इंटरपोल से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ रेड कार्नर नोटिस जारी करने की मांग की है। हसीना के अलावा 11 अन्य लोगों के खिलाफ भी ऐसी ही मांग की गई है। शेख हसीना पिछले साल अगस्त में हुए तख्तापलट के बाद से भारत में रह रही हैं। बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने शेख हसीना, उनके पूर्व मंत्रियों, सलाहक. ारों और अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। इन पर मानवता के विरुद्ध अपराध और नरसंहार के आरोप थे। इंटरपोल का रेड नोटिस किसी व्यक्ति को ढूंढ़ने और उसे प्रत्यर्पण या कानूनी कार्रवाई से पहले अस्थाई रूप से गिरफ्तार करने में मदद करता है। शेख हसीना ने 8 अप्रैल को सोशल मीडिया पर बात करते हुए कहा था कि पहले बांग्लादेश को विकास के मॉडल के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अब ए आतंकी देश बन गया है। हमारे नेता और कार्यकर्ताओं को जिस तरीके से मारा जा रहा है, उसे बताया भी नहीं जा सकता है। अवामी लीग, पुलिस, वकील, पत्रकार, कलाकार सभी को मारा जा रहा है। हसीना ने कहा कि अब तो इस देश में मीडिया को भी काम नहीं करने दिया जा रहा है। रेप, मर्डर, डकैती किसी चीज की रिपोर्ट नहीं कराई जा रहा है। और अगर इसे रिपोर्ट किया जाता है, तो उस टीवी चौनल या अखबार को टारगेट किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, 'अल्लाह ने मुझे किसी मकसद से जिंदा रखा है। मैं वापस लौटूंगी। वो दिन जरूर आएगा जब अवामी लीग के नेताओं को निशाना बनाने वालों को इंसाफ के कठघरे में लाया जाएगा। शेख हसीना पिछले साल 5 अगस्त को देश छोड़कर भारत आ गई थीं। उनके खिलाफ देशभर में छात्रों ने प्रदर्शन किए थे। दरअसल बांग्लादेश में 5 जून को हाईकोर्ट ने जाब में 30 प्रतिशत कोटा सिस्टम लागू किया था, इस आरक्षण के खिलाफ ढाका में यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट कर रहे थे। यह आरक्षण स्वतंत्रता सेना. नियों के परिवारों को दिया जा रहा था। हालांकि हसीना सरकार ने यह आरक्षण बाद में खत्म कर दिया था, लेकिन इसके बाद छात्र उनके इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। बड़ी संख्या में छात्र और आम लोग हसीना और उनकी सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर आए थे। इस प्रोटेस्ट के दो महीने बाद 5 अगस्त को उन्होंने पीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। बाद में बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का गठन किया गया था।

# हमास ने बंधक वापसी के सौदे को किया खारिज

**जेरूसलम।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार शाम को कहा कि हमास ने युद्ध की समाप्ति और गाजा से इजरायली सैन्य वापसी की मांग करके गाजा में आधे बंधकों को वापस करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। नेतन्याहू ने एक रिकॉर्ड किए गए वीडियो बयान में कहा, अगर हम अब हमास के हुक्म के आगे झुक जाते हैं, तो युद्ध की सभी महान उपलब्धियां गायब हो जाएंगी। बयान में इजरायली प्रधानमंत्री ने इस विचार को भी खारिज कर दिया कि इजरायल हमास को धोखा देकर सभी बंधकों को मुक्त कर सकता है और फिर युद्ध फिर से शुरू कर सकता है, उन्होंने तर्क दिया कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय इस तरह के कदम को स्वीकार नही करेगा। इससे पहले दिन में हमास की सशस्त्र शाखा अल-क़स्साम ब्रिगेड ने एक नया वीडियो जारी किया, जिसमें गाजा में एक इजरायली बंधक को दिखाया गया था। चार मिनट के वीडियो में इजरायली बंधक एल्काना बोहबोट लैंडलाइन फोन पर बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं, जो अपने परिवार को उनकी रिहाई के लिए प्रयास जारी रखने के लिए कॉल कर रहे हैं।

रिकॉर्डिंग के अंत में उन्होंने कहा, मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं है। मैं मौत के लिए चिल्ला रहा हूं। कृपया, मेरे लिए यह करो। अल-क़स्साम ब्रिगेड ने बंधकों के संदर्भ में संदेश के साथ वीडियो का समापन किया, वे केवल एक क्षमता के साथ ही वापस आएंगे। यह स्पष्ट नही है कि वीडियो कब रिकॉर्ड किया गया था। इजरायली मीडिया ने बताया कि वीडियो के जारी होने से तेल अवीव, यरुशलम, बीरशेबा और हाइफ़ा में प्रदर्शन शुरू हो गए।

# राहुल गांधी अमेरिका पहुंचे

**वाशिंगटन।** कांग्रेस लीडर और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अमेरिका के दौरे पर पहुंचे हैं। वे स्थानीय समयानुसार बास्टन लोगन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरे। इस दौरे पर राहुल गांधी रोड आइलैंड स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी का दौरा करेंगे, जहां वे फैकल्टी और छात्रों से संवाद करेंगे। इसके अलावा राहुल प्रवासी भारतीय समुदाय, इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के पदाधिकारियों और सदस्यों से भी मुलाकात कर सकते हैं।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने राहुल गांधी के इस दौरे की जानकारी एक्स पर दी थी। इसमें बताया गया था कि राहुल का यह दौरा 21 और 22 अप्रैल को रहेगा। राहुल ने इससे पहले सितम्बर 2024 में 3 दिन का अमेरिका का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने डलास शहर में टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों और शिक्षकों से बातचीत की थी और भारतीय समुदाय को संबोधित किया था।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति आज से चार दिन के भारत दौरे पर



**नई दिल्ली।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 21 अप्रैल को भारत के चार दिन के दौरे पर आ रहे हैं। उनके साथ उनकी पत्नी उषा वेंस और तीनों बच्चे भी इस ट्रिप पर आएंगे। वे इटली का दौरा कर भारत आ रहे हैं। सोमवार सुबह 10 बजे जेडी वेंस दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर लैंड करेंगे। इसके बाद वे अक्षरधाम मंदिर जाएंगे और पारंपरिक भारतीय हस्तशिल्प देखने किसी शापिंग कॉम्प्लेक्स भी जाएंगे। इस दौरे पर जेडी वेंस पीएम मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएसए अजित डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्री और अमेरिका में भारतीय दूत विनय मोहन क्वात्रा से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी जेडी वेंस के लिए डिनर आयोजित करेंगे। इसके बाद वेंस सोमवार रात को ही जयपुर रवाना होंगे, जहां वे मंगलवार को रुकेंगे। बुधवार को वे आगरा घूमने जाएंगे। अमेरिका का उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह जेडी वेंस का पहला आधिकारिक भारत दौरा है।

### चीन ने आपातकालीन मानवीय सहायता के लिए सातवीं खेप भेजी म्यांमार

**यांगून।** चीन की सरकार की ओर से भेजी गई आपातकालीन मानवीय सहायता की सातवी खेप रविवार को म्यांमार के यांगून अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। म्यांमार में 28 मार्च को आए 7.9 तीव्रता के भूकंप से अब तक 3,726 लोगों की मौत हो चुकी है और 5,105 घायल हुए हैं।

# यमन में अमेरिकी स्ट्राइक तीन लोगों की मौत, 4 घायल

**सना।** यमन की राजधानी सना, इसके बाहरी इलाकों और अन्य प्रांतों पर ताजा अमेरिकी हवाई हमलों में कम से कम तीन लोग मारे गए और चार अन्य घायल हो गए। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने स्वास्थ्य अधिकारियों का हवाला देते हुए शनिवार रात यह जानकारी दी। टेलीविजन के अनुसार अमेरिकी सेना ने सना और इसके पश्चिमी बाहरी इलाकों में 21 हवाई हमले किए, जिसमें उत्तरी सना के अल-नहदा इलाके में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। दक्षिणी सना के सफियाह इलाके में एक कब्रिस्तान में तीसरा व्यक्ति घायल हो गया। हूती टेलीविजन ने कहा कि सना के पश्चिमी बाहरी इलाके में बानी मातर जिले में हवाई हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि पीड़ित नागरिक थे या हूती कार्यकर्ता।

सना के निवासियों के अनुसार, राजधानी पर हवाई हमलों में कई अन्य स्थानों को भी निशाना बनाया गया, जिनमें पूर्वी सना के माउंट नुकुम में अल-हफा सैन्य शिविर में हथियार डिपो और उत्तर-पूर्वी सना में दो सैन्य स्थल शामिल हैं।

### उत्तरी गाजा में इज़रायली सैनिक की मौत

**यरूशलेम।** उत्तरी गाजा पट्टी के बेत हनौन में इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के एक सैनिक की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। आईडीएफ ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

बयान के अनुसार मारा गया सैनिक दक्षिणी इजराइल के बेडौइन शहर राहत का 35 वर्षीय ट्रैकर गालेब स्लीमन अलनासरा था। इसमें कहा गया कि एक अन्य आईडीएफ ट्रैकर और दो महिला सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गईं। इजरायल के चैनल 12 न्यूज ने बताया कि हमास के आतंकवादी एक छिपी हुई सुरंग से निकले और आईडीएफ बल पर आरपीजी से फायर किया, जिससे दो महिला सैनिक घायल हो गईं।

# चीन की पहली अनोखी रेसः रोबोट हारा, इंसान जीता




**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग में इंसानों और 21 रोबोट्स के बीच अनोखी हॉफ मैराथन दौड़ हुई। यह पहली बार था जब मशीनों ने 21 किलोमीटर (13 मील) की दूरी तक इंसानों के साथ दौड़ लगाई। यह इवेंट बीजिंग के दक्षिण-पूर्वी यिझुआंग जिले में हुआ, जहां चीन की कई बड़ी टेक्नोलाजी कंपनियों का ऑफिस है। इसका मकसद रोबोटिक्स और टेक्नोलाजी की दुनिया में चीन की तरक्की दिखाना था। चीन की ड्रायडअप और नोएटिक्स रोबोटिक्स जैसी कंपनियों के रोबोट्स ने भी इस रेस में हिस्सा लिया। रेस में शामिल कुछ रोबट्स का साइज 120 सेमी (3.9 फीट) से कम था, जबकि कुछ 1.8 मीटर (5.9 फीट) तक ऊंचे थे। बीजिंग इनोवेशन सेंटर आफ ह्यूमन रोबोटिक्स के रोबोट तियांगोंग अल्ट्रा ने मशीनों में सबसे पहले 2 घंटे 40 मिनट में इस रेस को पूरा किया, जबकि इंसानी विजेता ने रेस पूरी करने के लिए 1 घंटे 2 मिनट का टाइम लिया। सबसे कम वक्त में 21 किमी की मैराथन पूरी करने का रिकार्ड जैकब किप्लिमो (56 मिनट 42 सेकेंड) के नाम है। रेस के दौरान जिस तरह इंसानों को बीच में पानी पीने की जरूरत पड़ती है उसी तरह रोबोट्स को बैटरियां बदलने की परमिशन दी गई थी।

रोबोट के साथ इंसानी ट्रेनर भी थे, जिन्होंने दौड़ के दौरान मशीनों को सहारा भी दिया। कुछ रोबोट्स ने रनिंग शूज पहने थे, एक ने बॉक्सिंग ग्लव्स पहने थे और दूसरे ने लाल रंग का हेंड-बैंड पहना था जिस पर चीनी भाषा में बाउण्ड टू विन (जीतने के लिए तैयार) लिखा था। रोबोटिक्स सेंटर के चीफ टेक्नोलाजी अफसर तांग जियान ने कहा कि तियांगोंग अल्ट्रा को रेस के दौरान लंबी टांगों और एक एल्गोरिथ्म की मदद मिली। इस वजह से यह इंसानों की तरह मैराथन दौड़ पाया।

